# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2022

# कैमरे लगाने पर चौरी चौरा पुलिस ने किया सम्मानित

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र के व्यापारियों तथा दुकानदारो को प्रोत्साहित कर नगर पंचायत मुंडेरा बाजार एव




भोपा चौराहे के मुख्य स्थानों पर एक दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगवाया। पुलिस की पहल पर लोगो ने अपने अपने दुकान के सामने तथा सड़क पर जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने वताया कि क्षेत्र में जनता की सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में कुल 54 सीसीटीवी कैमरे लगने है,जिसमें अव तक कुल 12 कैमरे लग चुके हैं,अन्य कैमरों के लिए लोगो से अपील कर जल्द ही जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगवा दिया जायेगा। चौरी चौरा थाना क्षेत्र में हर मुख्य स्थानों पर लगेगा सीसीटीवी कैमरा।

# डीजे के दुकान से तीन लाख का सामान चोरी

**हरपुरबुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटाई टिकर स्थित डीजे की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने करीब तीन लाख का सामान चुरा लिया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटाई टिकर निवासी उपेंद्र कुमार पुत्र मगरू की यहीं एक ईट भट्ठे के सामने एक मकान में डीजे की दुकान है। वह गुरुवार शाम 7 बजे के करीब दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह जब दुकान पर पहुँचा तो दुकान का शटर टूटा हुआ था। दुकान में रखा 6 डीजे एक लैपटॉप, 2 मशीन एक स्टेबिलाइजर चोर चुरा ले गये। दुकान के सामने मैजिक के पहिए का चिन्ह दिखायी दे रहा है। आशंका है कि चोर सामान को मैजिक पर लादकर ले गए है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बाबत थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि कोर्ट में हूँ। थाने पर आने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

# फर्जीवाड़ा और धमकी देने में एक गिरफ्तार

**खोराबार (एसएनबी)।** जमीन बेचने के बदले 64 लाख रुपया लेकर हजम करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को बुढ़िया माई मंदिर गेट के समीप से पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम धर्मेंद्र ओझा निवासी परतावल थाना अहिरौली जिला कुशीनगर बताया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी खोराबार नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि थाना क्षेत्र के भैसहा ढोड़रा धनई टोला निवासी गोरख चौधरी से 2018 में जमीन बेचने के एवज में शैलेन्द्र उर्फ शैलेश तिवारी ग्राम मुझाना अहिरौली जिला कुशीनगर और धर्मेंद्र ओझा ग्राम परतावल थाना अहिरौली जिला कुशीनगर ने 64 लाख रुपया लिया। उक्त ने पीड़ित को न तो जमीन दी और न ही पैसा वापस किया। वादी द्वारा लगातार रुपया वापस मांगने पर आरोपीगण जान मारने की धमकी लगातार दे रहे थे। मामले में गोरख चौधरी ने आरोपियों के खिलाफ 17 जून को थाने में धारा 406, 420, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। वृहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर हल्का दरोगा वीरेंद्र यादव ने आरोपित धर्मेंद्र ओझा पुत्र स्व मुरलीधर ओझा को गिरफ्तार कर लिया।

# घुमंतू जाति के लोगों को किया चेक

**सोनबरसा (एसएनबी)।** बोलेरो में सवार होकर चौराहा व गांव गांव घूमकर जड़ी बूटी बेचने वाले घुमंतू जाति के लोगों की एक टोली को शुक्रवार को सोनबरसा चौकी की पुलिस ने चेक किया। चेकिंग के दौरान इनके पास से कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सोनबरसा बाजार मे सिनेमा हाल के पास रह रहे इन घुमंतू जाति के कुनबे को चौकी प्रभारी सोनबरसा मदन मोहन मिश्रा ने चेक किया। इनके पास जड़ी, बूटियां व इनसे बनी दवाइयां मिलीं। इनकी पहचान सुबेदार पुत्र बाबूलाल व अंगूरी बाई निवासी पलोथर, थाना बीगना जिला दतिया, मध्यप्रदेश के रूप में की गयी। चौकी प्रभारी ने इन्हें हिदायत दी कि अपने कुनबे में किसी अन्य और अपरिचित व्यक्ति को न शामिल करें। ईमानदारी से जो काम कर रहे हैं वही करें। गैर कानूनी कार्य न तो स्वंय करें और न ही अपने कुनबे में शामिल किसी अन्य को करने दें।

# फरार चल रहा हत्यारोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपित को गुलरिहा पुलिस ने शुक्रवार की सुबह हरसेवकपुर नंबर दो दहला तिराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं में कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा उमेश कुमार वाजपेयी ने बताया कि उन्होंने मुखबिर की सूचना पर सहयोगियों कांस्टेबल अनुपम कुमार व मोहित कुमार के साथ आरोपित अभियुक्त को पकड़ा। उसने अपना नाम राधेश्याम पुत्र रामप्यारे लाल उर्फ तिरथ निवासी शिवपुर सहवाजगंज थाना गुलरिहा गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धाराओं 147, 302, 323, 504, 506, 336 व 34 के तहत कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# यूनिवर्सिटी के छात्र ने किया सुसाइड

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दीन दयाल उपाध्याय गोविवि के बीएससी सेकंड ईयर के छात्र अवेंद्र कुमार(19 वर्ष) ने अपने घर में ही छत की कुंडी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के बिछिया ताड़ीखाना की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मोबाइल कब्जे में लेकर खुदकुशी के कारणों की जांच शुरू कर दी है। तुलसीराम बिछिया निवासी अवेंद्र कुमार गोरखपुर यूनिवर्सिटी में बीएससी सेकंड ईयर का छात्र था। अवेंद्र दो भाइयों में सबसे बड़ा था। रोज की तरह गुरुवार की रात अवेंद्र खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार की सुबह अवेंद्र की मां अपने मायके चली गईं। घर सिर्फ अवेंद्र के पिता श्याम बाबू ही थे। सुबह 10 बजे तक जब अवेंद्र अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो पिता उसे जगाने गए। कमरा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद कमरा नहीं खुलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो छात्र का शव कुंडी में गमछे के सहारे लटक रहा था।

# चोरी के माल के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गीडा पुलिस ने चोरी के माल के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किए जाने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं में कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक गीडा राहुल कुमार सिंह ने बताया कि चोर को कालेसर जीरो प्वाइंट के पास से एसआई जितेन्द्र यादव, एसआई विवेक सिह व कांस्टेबल विवेक कन्नोजिया ने पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास कुमार पुत्र महेन्द्र प्रसाद निवासी बरवार खुर्द थाना गीडा गोरखपुर बताया। उसके पास से दो अदद बैट्री ,एक अदद मोटर, एक अदद सिलेन्डर, एक अदद कुलर व एक अदद आधार कार्ड बरामद किया गया। अभियुक्त ने सामानों को एक मकान से गृहभेदन कर चुराया था।

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाड़ी करने वाला गिरफ्तार

बड़हलगंज । विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले युवक को बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के अम्बेडकर तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल मधुपनाथ ने बताया कि शुक्रवार को कस्बे के अंबेडकर तिराहे से अमेरिका बीन उर्फ अंबिका पुत्र बागे र निवासी मोलवी बैरियाखास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसके खिलाफ धारा 420, 406, 504, 506 में मुकदमा दर्ज था।

# एडीजी ने आइएमए के डॉक्टरों को किया सम्मानित



**गोरखपुर (एसएनबी)।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को डाक्टरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। एडीजी जोन अखिल कुमार, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने त्रिनेत्र योजना के तहत महानगर के विभिन्न चौराहों पर सीसी कैमरा लगवाने वाले आइएमए के अध्यक्ष डा. शिव शंकर शाही समेत 28 डाक्टरों को सम्मानित किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) के अध्यक्ष डा शिव शंकर शाही ने कहा कि आइएमए, पुलिस का पूरा सहयोग करेगा। प्रथम चरण में अभी तक 50 चौराहों पर 200 सीसी कैमरे लगाए जा चुके हैं। सभी प्रमुख चौराहों को डॉक्टरों और कुछ प्रतिष्ठित व्यापारियों ने गोद ले लिया है। पुलिस अधिकारियों ने आइएमए की इस पहल की सराहना की और कहा कि सीसी कैमरे इंटरनेट से जुड़े रहेंगे और पुलिस लगातार इनकी निगरानी करेगी। एडीजी ने कहा कि उनका लक्ष्य पूरे शहर में जगह-जगह सीसी कैमरा लगवाने का है, ताकि नागरिकों की सुरक्षा में मदद मिल सके। इस अवसर पर डा. राजेश गुप्ता, डा. एके छापड़िया, डा. दीप्ति चतुर्वेदी, डा. एके चतुर्वेदी, डा. राजीव गुलाटी, डा. संजीव सिंह, डा. नदीम अरशद, डा. शांतनु, डा. अ नी अग्रवाल, डा. अतिल लाल, डा. ऋतेश कुमार, डा. विनय वर्मा, डा. इमरान अख्तर, डा. मोनिका मिश्रा उपस्थित थीं।

# चचेरे भाइयों ने पत्नी संग मिलकर की थी अजीत की हत्या

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट पुलिस ने छह माह पूर्व हुए अजीत यादव हत्याकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में मृतक की चचेरी भाभी और एक चचेरे भाई को गिरफ्तार किया है। वहीं एक और चचेरा भाई फरार चल रहा है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस गिरफ्तार देवर-भाभी को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

> हरपुर बुदहट स्थित एक गांव के बाग में मिला था शव, गला कसकर की गयी थी हत्या



हरपुर बुदहट प्रतिनिधि के मुताबिक थानेदार नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने हमराही सिपाहियों सुधाकर यादव, मो. इसराफिल अहमद व महिला आरक्षी मीना मिश्रा के साथ मुखबिर की सूचना पर देवर भाभी को उनके घर मदनपुरा टोला सराय चांदपार थाना हरपुर बुदहट जिला गोरखपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम विनोद यादव पुत्र स्व. राम मिलन व विजय लक्ष्मी यादव पत्नी राकेश यादव निवासी मदनपुरा टोला चांदपार बताया। इस मामले में अभियुक्ता विजय लक्ष्मी यादव का पति राकेश यादव अभी फरार चल रहा है।

थानेदार ने बताया कि 6 जनवरी, 2022 को मदनपुरा टोला सराय चांदपार गांव स्थित बाग से अजीत यादव (21) पुत्र स्व. लालमन यादव का शव पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पीएम रिपोर्ट में युवक का गला कसकर हत्या किए जाने की बात सामने आयी। इस मामले में मृतक के भाई अवधेश यादव की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। साक्ष्यों के आधार पर चचेरे भाई विनोद यादव, राकेश यादव व उसकी पत्नी विजय लक्ष्मी का नाम प्रकाश में आया। मृतक अजीत यादव अपनी चचेरी भाभी विजय लक्ष्मी से अक्सर बातचीत करता था। यह बात विजय लक्ष्मी के पति राकेश यादव और छोटे भाई विनोद यादव को नागवार लगती थी। इसी से आजिज आकर राकेश यादव ने पत्नी को राकेश को रास्ते से हटाने के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद विजय लक्ष्मी ने अपने देवर विनोद के सहयोग से अजीत यादव को बाग में बुलाकर वहीं पर उसका गला कसकर हत्या कर दी। राकेश यादव अभी फरार चल रहा है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपए बेरोजगारों से जालसाजी किए जाने के एक आरोपित को सिंघड़िया से गिरफ्तार किया।

> दो साल पहले सिंघड़िया में हुई 22 लाख की लूट में भी है आरोपित
>
> लूट और गैंगस्टर के मामले में जमानत पर चल रहा था बाहर
>
> हवाई जहाज का फर्जी टिकट और बीजा दिया था युवकों को
>
> चार युवकों से विदेश भेजने के नाम पर हड़प लिया है 2.48 लाख रुपए

पूछताछ में उसने अपना नाम पवन सिंह पुत्र कौशल किशोर सिंह निवासी नन्दानगर गोकुलपुरम टीवी अस्पताल के पास थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर व स्थाई पता करहनु, जीरादेई, सिवान, बिहार बताया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 504, 506 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशि भूषण राय ने बताया कि अभियुक्त पवन सिंह बिहार के सिवान जिले का रहने वाला है। वही के 04 लोगों को यह प्रलोभन दिया की में विदेश भेजने और नौकरी लगवाने का कार्य करता हूँ। उनके द्वारा अभियुक्त पवन सिंह को कुल 2,48,000 रुपये 04 लोगों द्वारा खाते में पैसा भेजा गया। अभियुक्त द्वारा 04 लोगो का मेडिकल कराया गया एवं फर्जी दुवई का वीजा व फर्जी दुवई टिकट देकर लखनऊ एयरपोर्ट पर भेजा गया। जहाँ पर एयरपोर्ट पर इन लोगो को जानकारी हुयी की यह वीजा व टिकट फर्जी है। इसके वाद पीड़ितों ने कैंट थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया था। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक कैंट के अलावा एसआई अखिलेश कुमार, अरूण, हेका. वीरेन्द्र व कांस्टेवल राकेश सिंह व रामाराम शामिल रहे।

# सिटी के चौराहों पर 'तीसरी आंख' लगवाने वाले डॉक्टर्स का सम्मान

पुलिस का पूरा सहयोग करेगा आईएमए: डॉ. शिवशंकर शाही




**GORAKHPUR (22 July):** पुलिस लाइन में शुक्रवार को डॉक्टर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. एडीजी अखिल कुमार, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने विभिन्न चौराहों पर सीसी कैमरा लगवाने वाले डाक्टर्स को सम्मानित किया. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर शाही ने कहा कि आईएमए, पुलिस का पूरा सहयोग करेगा. प्रथम चरण में अभी तक 50 चौराहों पर 200 सीसी कैमरे लगाए जा चुके हैं.

पुलिस अधिकारियों ने आईएमए की इस पहल की सराहना की और कहा कि सीसी कैमरे इंटरनेट से जुड़े रहेंगे और पुलिस लगातार इनकी निगरानी करेगी. एडीजी ने कहा कि उनका लक्ष्य पूरे शहर में जगह-जगह सीसी कैमरा लगवाने का है, ताकि पब्लिक की सुरक्षा में मदद मिल सके. इस अवसर पर डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. एके छापड़िया, डॉ. दीप्ति चतुर्वेदी, डॉ. एके चतुर्वेदी, डॉ. राजीव गुलाटी, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. नदीम अरशद, डॉ. शांतनु अग्रवाल, डॉ. अश्वनी अग्रवाल, डॉ. अतिल लाल, डॉ. ऋतेश कुमार, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. इमरान अख्तर, डॉ. मोनिका मिश्रा उपस्थित थीं.

## असलहे के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

बांसगांव थाना पुलिस ने गुरुवार को असलहे व कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपितों की पहचान बांसगांव थाने के हरिहरपुर बरनई टोला निवासी रामा बेलदार व सिकरीगंज थाने के बढ़यापार निवासी प्रवीन उर्फ गोलू के रूप में हुई है.

# गोतस्करी के तीन आरोपित गिरफ्तार

बांसगांव थाना पुलिस ने गो तस्करी के आरोप में तीन आरोपितों को धस्की पुलिया के पास गो तस्करी के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से पुलिस को असलहा कारतूस व दो गोवंश मिले हैं. गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कसिहार, बेलीपार निवासी राजेश व संजय तथा चपरापूर्वी, धनघटा संतकबीनगर निवासी मनोज चौहान के रूप में हुई है.

# गेहूं खरीद कर गल्ला व्यापारी फरार

चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के कृष्ण मोहन पांडेय, बिकाऊ मिश्रा, श्यामनारायण यादव, रविन्द्र पांडेय ने आदि ने गांव के एक गल्ला व्यापारी गेहूं खरीदकर फरार होने का आरोप लगाया है. उन्होंने थाने में तहरीर देकर कहा कि गल्ला व्यापारी ने गांव के दर्जन भर किसानों से गेहूं खरीदा और फरार हो गया है. वह अपने रुपयों के लिए लगातार उसके घर का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उसका पता नही चल रहा है.

# सुभाष हत्याकांड का छठवां आरोपित अरेस्ट

**GORAKHPUR (22 July):** रंजिश में युवक की पीटकर हत्या करने वाले छठवें आरोपित सहबाजगंज निवासी राधेश्याम को गुलरिहा थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया. दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया. पांच आरोपितों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है. छह जुलाई को शिवपुर-सहबाजगंज निवासी सुभाष की पीटकर हत्या कर दी गई. इस मामले में गुलरिहा थाना पुलिस ने सुभाष के भाई राम किशुन की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपित अंशु, नंदनी, अभिषेक, अनिकर्ष, रविश गुप्ता को जेल भेज दिया था.

# जालसाज ने दिया फर्जी वीजा और टिकट, हो गया अरेस्ट

## 4 कैंडिड्ेटस से वसूले थे 2.48 लाख, दुबई में नौकरी का दिया था झांसा

**GORAKHPUR (22 July):** गोरखपुर में फर्जी वीजा और टिकट पर विदेश भेजने का मामला सामने आया है. कैंट पुलिस ने दुबई का फर्जी वीजा और टिकट देने वाले जालसाज को सिंघड़िया चौराहे से गिरफ्तार किया है. आरोपी पवन सिंह मूल रुप से बिहार के सिवान जिले का रहने वाला है. वह यहां कैंट इलाके के  नंदानगर गोकुलपुरम में रहकर कबूतरबाजी का धंधा कर रहा था.  पवन ने सिवान के ही 4 लोगों को विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे 2.48 लाख रुपए वसूल लिया. इसके बाद उनका मेडिकल कराकर उन्हें दुबई का फर्जी वीजा और टिकट दे दिया. कैंडिडेट जब दुबई की फ्लाइट पकड़ने लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे तो वहां उन्हें एयरपोर्ट कर्मचारियों ने रोक लिया. एयरपोर्ट कर्मचारियों से चारो कैंडिडेट को पता लगा कि उनका टिकट और वीजा फर्जी है. यह सुनकर सभी के होश उड़ गए. उन्होंने आरोपी पवन सिंह से बात की तो वह टालमटोल करता रहा. इसके बाद पीड़ितों ने कैंट थाने में जालसाज पवन के खिलाफ केस दर्ज कराया.

## जेल से जमानत पर बाहर था जालसाज

पुलिस केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी. शुक्रवार को इंस्पेक्टर कैंट शशि भूषण राय ने अपने हमराही फोर्स के साथ उसे सिंघड़िया चौराहे से गिरफ्तार कर लिया. इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि इससे पहले भी पवन सिंह ने सिंघड़िया में 2020 में 22 लाख रुपये की लूट की थी. इस मामले में पुलिस ने उसपर लूट और गैंगेस्टर का केस दर्ज कर उसे जेल भेजा था. अभी वह जमानत पर जेल से छूटा था.

# युवकों को गिरफ्तार करके भेजा जेल

बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने हमला व मारपीट करने के आरोप में कस्बे के पुराना गोला मोहल्ला से दो युवकों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है. आरोपितों की पहचान कस्बे के गोला मोहल्ला निवासी टिंकू व अर्जुन के रूप में हुई है.

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

दुष्कर्म के आरोप में सहजनवां थाना पुलिस ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के नकहा नंबर एक के विनय मल्ल उर्फ पप्पू को गिरफ्तार करके जेल भेजा है. उपनिरीक्षक सत्यदेव सिंह ने बताया कि वह एक युवती से दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहा था. गुरुवार रात साढ़े 11 बजे भक्सा मोड़ के पास से विनय मल्ल उर्फ पप्पू को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है.

## दो आरोपित गिरफ्तार

**बड़हलगंज।** बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने कस्बे के पुराना गोला मुहल्ला से दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। कोतवाल मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि कस्बे के गोला मुहल्ला निवासी टिंकू व अर्जुन पुत्रगण नरायन प्रसाद के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 504,506, 308 के तहत केस दर्ज था।

## महिला से अश्लील हरकत

**फुटहवा ईनार।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक नशे में धुत होकर एक महिला के दरवाजे पर जाकर खड़ा हो गया। उसने निवस्त्र होकर महिला के सामने अश्लील हरकत की। पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपित राम अवतार के विरुद्ध चौरीचौरा पुलिस ने आईपीसी की धारा 354, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

# कर्ज से परेशान शिक्षक ने गढ़ी अपहरण की कहानी

**खुलासा**

**19 जुलाई को घर से निकला था**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शाहपुर इलाके में रहने वाले एक शिक्षक ने कर्ज से परेशान होकर अपने अपहरण की झूठी कहानी बनाई और विंध्याचल जाकर वहीं पर रुके हुए थे। शाहपुर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से शिक्षक को मिर्जापुर जिले के विंध्याचल से उन्हें बरामद कर लिया। जांच में सच्चाई सामने आने पर शिक्षक को परिवारीजनों के साथ घर भेज दिया।

आजमगढ़ जिले के रहने वाले सूबेदार परिवार के साथ शाहपुर क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। निजी विद्यालय में शिक्षक की नौकरी कर वह परिवार की जीविका चलाते हैं। कोरोना संक्रमण के दौरान उनकी नौकरी चली गई। घर की जीविका चलाने के लिए उन्होंने कई लोगों से कर्ज ले लिया। नौकरी न मिलने की वजह से कर्ज चुकाने में असुविधा हो रही थी। 19 जुलाई को कुशीनगर जाने की बात कह घर से सूबेदार निकले और देर रात तक घर नहीं लौटे।

मोबाइल बंद होने पर घरवालों को अनहोनी की आशंका होने लगी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। अगले दिन शिक्षक ने वाट्सएप के जरिए मैसेज भेज अपहरण होने की सूचना दे दी। मैसेज में लिखा था कि लखनऊ की जमीन बेचकर उन्हें छुड़ाने के लिए रुपये का इंतजाम करो। परिवारीजनों ने पुलिस को जानकारी दी और पुलिस ने सर्विलांस के जरिये शिक्षक का लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद कर लिया। पूछताछ में अपहरण की झूठी कहानी सामने आई।

# पीपीगंज में किशोरी से छेड़खानी, लोगों ने पकड़ा

**03** लोगों को पकड़कर थाने ले गई पुलिस

पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। पीपीगंज नगर पंचायत में समान खरीदकर घर लौट रही किशोरी के साथ शुक्रवार की देर शाम एक युवक छेड़खानी करते हुए उसके घर तक पहुंच गया। किशोरी ने विरोध करने और शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। उधर, छेड़खानी करने वाले युवक के पकड़े जाने के बाद मारपीट के इरादे से आए करीब एक दर्जन लोगों में से दो और युवकों को पकड़कर लोगों ने थाने की पुलिस को सौंप दिया।

परिवारीजनों के मुताबिक किशोरी जब भी कस्बे में कुछ ख़रीदारी करने निकलती तो एक युवक अक्सर उसका पीछा करता और कमेंटबाजी करता था। शुक्रवार की देर शाम को कस्बे से कुछ सामान खरीद कर लौट रही थी, इसी दौरान उक्त मनबढ़ युवक छेड़खानी करते हुए घर तक पहुंच गया। किशोरी के शोर मचाने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवक की पहचान आफताब आलम निवासी बंजारा टोला जंगल बिहुलि के रूप में हुई। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को बुलाकर आफताब को सौंप दिया।

किशोरी के परिजन आरोपी के खिलाफ कार्यवाही के लिए थाने पहुँचे, इसी बीच पकड़े गए युवक के परिवारीजन आधा दर्जन बाइक सवारों के साथ उसके घर पर धावा बोल दिया। मोहल्ले के लोगों ने उन्होंने दौड़ा लिया। इस दौरान एक बुलेट समेत दो और युवकों को पकड़कर उन्हें भी पुलिस के हवाले के दिया गया। इन दोनों की पहचान नसरुद्दीन पुत्र कुर्बान अली निवासी बंजारा टोला जंगल बिहुलि एवं मोनू गुप्ता पुत्र जयराम गुप्ता निवासी बेलौहा के रूप में हुई है। पुलिस इन सभी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# युवक की हत्या में शामिल देवर-भाभी को भेजा जेल

हरपुर बुदहट, हिन्दुस्तान संवाद। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के मदनपुरा गांव के सराय चांदपार में छह जनवरी 2022 को गांव के बाग में एक युवक अजीत यादव 31 वर्ष का मफलर से कसा हुआ शव मिला था। मृतक के भाई अवधेश यादव की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर हत्या का मुकदमा धारा 302 दर्ज किया था।

युवक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कस कर मारने की पुष्टि हुई थी, उक्त घटना के साक्ष्य संकलन में पुलिस की जांच में दो लोगों का नाम आया था। जिसमें मृतक अजित के चाचा स्वर्गीय राममिलन के बेटे विनोद यादव और उसकी भाभी विजय लक्ष्मी पत्नी राकेश यादव का नाम आया था। पुलिस ने मुकदमे में धारा 201,120 बी की बढ़ोत्तरी की थी। मुखबिर से सूचना मिली थी कि यह दोनों अपने घर पर है। हरपुर बुदहट थानाध्यक्ष नीतिन रघुनाथ श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस ने विनोद यादव और उसकी भाभी विजय लक्ष्मी पत्नी राकेश यादव को उनके घर सराय चांदपार से गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया।

**06** जनवरी को बाग में मिला था युवक का शव

# माफिया को लेकर सख्ती के दिए निर्देश

गोरखपुर। शासन द्वारा चिह्नित माफिया के साथ ही टॉप टेन बदमाशों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने पर शुक्रवार को एडीजी ने नाराजगी जताई।

जोन के पुलिस कप्तानों के साथ आनलाइन बैठक में उन्होंने एक-एक माफिया को लेकर चर्चा की और उनके खिलाफ हो रही अब तक की कार्रवाई के बारे में पूछा। जिले के टाप 10 बदमाशों के खिलाफ हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की। यही नहीं सूची में कुछ सक्रिय बदमाशों का नाम छूटने का हवाला देते हुए उसे शामिल कर प्रभावी कार्रवाई करने का भी एडीजी ने निर्देश दिया है।एडीजी ने गोरखपुर, बस्ती व देवीपाटन रेंज के सभी जिलों में चिन्हित किए शासनस्तर के माफिया के बारे में पहले बात की। उनके मुकदमों में अब तक क्या कार्रवाई हुई।

# कर्ज से परेशान शिक्षक ने गढ़ी अपहरण की कहानी

- शाहपुर थाना पुलिस ने मिर्जापुर से शिक्षक को किया बरामद
- सच्चाई सामने आने पर शिक्षक को परिवारीजनों के साथ घर भेज दिया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शाहपुर इलाके में रहने वाले एक शिक्षक ने कर्ज से परेशान होकर अपने अपहरण की झूठी कहानी बनाई और विंध्याचल जाकर वहीं पर रुके हुए थे। शाहपुर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से शिक्षक को मिर्जापुर जिले के विंध्याचल से उन्हें बरामद कर लिया। जांच में सच्चाई सामने आने पर शिक्षक को परिवारीजनों के साथ घेर भेज दिया।

आजमगढ़ जिले के रहने वाले सूबेदार परिवार के साथ शाहपुर क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। निजी विद्यालय में शिक्षक की नौकरी कर वह परिवार की जीविका चलाते हैं। कोरोना संक्रमण के दौरान उनकी नौकरी चली गई। घर की जीविका चलाने के लिए उन्होंने कई लोगों से कर्ज ले लिया। नौकरी न मिलने की वजह से कर्ज चुकाने में असुविधा हो रही थी। 19 जुलाई को कुशीनगर जाने की बात कह घर से सूबेदार निकले और देर रात तक घर नहीं लौटे। मोबाइल बंद होने पर घरवालों को अनहोनी की आशंका होने लगी।

# 64 लाख रुपये हड़पने का एक आरोपी गिरफ्तार

खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद। खोराबार इलाके में जमीन दिलाने के नाम पर 64 लाख रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी धर्मेंद्र ओझा निवासी अहिरौली जिला कुशीनगर को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर खोराबार नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इलाके के ग्राम भैसहा ढोड़रा धनई टोला निवासी गोरख से 2018 में जमीन दिलाने के एवज में शैलेन्द्र अहिरौली जिला कुशीनगर ने 64 लाख रुपये लिए पर जमीन नही दी व न ही रुपये वापस किए।



शुक्रवार को चौराहों पर क्लोज सर्किट कैमरा लगाने वाले डॉक्टरों को पुलिस अधिकारी ने सम्मानित किया। • हिन्दुस्तान

# चौराहों पर कैमरा लगवाने वाले सम्मानित

गोरखपुर। पुलिस लाइन में शुक्रवार को डाक्टरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। एडीजी अखिल कुमार, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने विभिन्न चौराहों पर सीसी कैमरा लगवाने वाले डाक्टरों को सम्मानित किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) के अध्यक्ष डा. शिव शंकर शाही ने कहा कि आइएमए, पुलिस का पूरा सहयोग करेगा। प्रथम चरण में अभी तक 50 चौराहों पर 200 सीसी कैमरे लगाए जा चुके हैं।

गंगा प्रसाद स्मारक इंका का मामला

# प्रधानाचार्य और शिक्षक आपस में भिड़े, केस दर्ज

- एक-दूसरे को मारने पीटने का आरोप
- प्रधानाचार्य पर अधिक पैसा लेने का आरोप

चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। गंगा प्रसाद स्मारक इंटर कॉलेज में शुक्रवार सुबह प्रधानाचार्य हीरालाल व सहायक अध्यापक रामजी बागी के बीच निर्धारित शुल्क से ज्यादा पैसा लेने की बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे को मारने पीटने का आरोप लगाते हुए चौरीचौरा थाने में तहरीर दी। शिक्षक रामजी बागी की तहरीर पर पुलिस ने प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सहायक अध्यापक रामजी बागी का आरोप है कि प्रधानाचार्य हीरालाल विद्यालय के बच्चों से सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक पैसा वसूल कर रहे हैं। इसके खिलाफ डीएम व जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत करने लिए प्रार्थना पत्र पर छात्र एक-दूसरे से हस्ताक्षर करा रहे थे। वह कागज को देख रहे थे। इसी बीच प्रधानाचार्य हीरालाल आ गए और कमरे से धक्का देकर बाहर कर दिया। गला दबाकर मारने पीटने लगे। जान से मारने की नियत से छत से नीचे फेंकने जा रहे थे। इस घटना को विद्यालय के कुछ छात्र व अध्यापकों ने देखा है। सहायक अध्यापक के साथ एक दर्जन से शिक्षक चौरीचौरा थाना पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय को प्रार्थना देकर प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज करने कि मांग किया। वहीं दूसरी तरफ प्रधानाचार्य हीरालाल का आरोप है कि सुबह 9 बजे जीव विज्ञान के कमरे में जाकर शिक्षकों ने पढ़ाने से मना कर रहे थे। ऐसा करने से मना किया और कमरे से जाने को कहा तो उन्होंने उनके साथ अभद्रता करते हुए हाथापाई किया। उन्होंने सहायक अध्यापक रामजी बागी के खिलाफ चौरीचौरा थाना पर जाकर प्रार्थना पत्र दिया।

# सुभाष हत्याकांड का छठवां आरोपी दबोचा

गोरखपुर। गुलरिहा इलाके के शिवपुर सहबाजगंज में छह जुलाई को पीट-पीट कर सुभाष की हत्या करने के छठवें आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भिजवा दिया गया। पांच आरोपियों को पहले ही पुलिस ने जेल भेज चुकी है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान शिवपुर सहबाजगंज निवासी राधेश्याम के रूप में हुई है। सुभाष का भाई छह जुलाई की शाम में सब्जी लेने के लिए गया था। तभी मोहल्ले के युवकों ने उसकी बिना वजह ही पिटाई कर दी थी। इसकी जानकारी उसने घर पर दी थी। इसके बाद बड़ा भाई सुभाष उलहना लेकर आरोपियों के घर पर पहुंच गया था। तभी आरोपियों ने मिलकर सुभाष की लाठी-डंडे से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया था। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सुभाष की मौत हो गई थी।

# दुबई का फर्जी वीजा देकर हड़पे 2.48 लाख

## जमानत पर छूटे गैंगस्टर ने बिहार के चार युवकों के साथ की धोखाधड़ी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** लूट व गैंगस्टर के मुकदमे में जमानत पर छूटे बदमाश ने गोपालगंज (बिहार) के रहने वाले चार युवकों को विदेश भेजने का झांसा देकर 2.48 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित युवकों के रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार की सुबह आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि बिहार के सिवान जिले के जीरादेई करहनु गांव का मूल निवासी पवन कुमार सिंह नंदानगर गोकुलपुरम में रहता था और यहीं से विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी कर रहा था। गोपालगंज जिले के चार युवकों को दुबई भेजने का झांसा देकर पवन ने 2.48 लाख रुपये ले लिए थे। मेडिकल कराने के बाद चारों युवकों को दुबई का फर्जी टिकट व वीजा देकर लखनऊ एयरपोर्ट पर भेज



पुलिस की गिरफ्त में विदेश भेजने के नाम पर फर्जी वीजा और टिकट देने वाला बदमाश ● जागरण

- **सिवान जिले के रहने वाले आरोपित को कैंट पुलिस ने पकड़ा**
- **एयरपोर्ट पहुंचने पर पीड़ित युवकों को हुई थी मामले की जानकारी**

दिया। वहां पहुंचने पर बताया गया कि टिकट व वीजा दोनों फर्जी हैं। युवकों ने पवन को जानकारी देते हुए रुपये वापस मांगे तो वह धमकी देने लगा।

गोरखपुर पहुंचने के बाद युवकों ने कैंट थाने में कूटररचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ितों में गोपालगंज के मणिपुर थाना क्षेत्र के चमारपट्टी निवासी बृजेश दीक्षित, सुनील गिरि, विजय प्रसाद व विपिन राय शामिल हैं। शुक्रवार की सुबह आरोपित को सिंघड़िया चौराहे के पास गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पवन 2020 में गैस गोदाम के पास हुई 22 लाख रुपये की लूट में शामिल था। इसी मामले में उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई हुई थी।

## टूरिस्ट वीजा पर भेजा दुबई ठगे 1.80 लाख रुपये

**जागरण संवाददाता, बड़हलगंज :** बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र में मौलवी बैरियाखास निवासी अमेरिका बीन उर्फ अंबिका ने एक व्यक्ति से 1.80 लाख रुपये लेकर उसे दुबई भेज दिया। पीड़ित तीन माह बाद किसी तरह से लौटा तो अमेरिका से रुपये मांगने लगा। उसने रुपये देने से मना कर दिया और उसे हत्या की धमकी दी। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया।

क्षेत्र के नेवादा निवासी जयलाल पुत्र उदय ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह विदेश जाना चाहते थे। इसी बीच उनकी मुलाकात अमेरिका से हो गई। अमेरिका ने खुद को एजेंट बताते हुए बताया कि वह दुबई में अच्छी कंपनी का वीजा लगवाकर उन्हें भेज देगा। इसके लिए उन्होंने 1.80 लाख रुपये भी दे दिया। अमेरिका ने उन्हें बताया कि अच्छी कंपनी का वीजा मिल गया है। उन्हें 17 दिसंबर 2021 को दुबई जाना है। जब वह दिल्ली पहुंचे तो पता चला कि उनका टूरिस्त वीजा है। उन्होंने अमेरिका से बात की तो उसने बताया कि परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। वहां उनका आदमी उन्हें अच्छी कंपनी में एडजस्ट करा देगा। दुबई में वह भटकते रहे और तीन माह बाद वापस लौटे।

अमेरिका से रुपये मांगे तो उसने भगा दिया और कहा कि रुपये मांगने पर वह उनकी हत्या करा देगा। प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज मधुप नाथ मिश्र ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे आंबेडकर चौराहे से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

# सोना लूट व फिरौती वसूली में ट्रांसपोर्टर पिंटू सिंह गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर/ गोरखपुर :** गोरखपुर के स्वर्णिमा ट्रेडर्स आभूषण प्रतिष्ठान के कर्मचारी बलुआ भवानी बक्स सिंह बेलघाटी निवासी कमलेश यादव को अगवा कर लगभग एक करोड़ 60 लाख 42 हजार 853 रुपये का सोना लूटने व पांच लाख रुपये फिरौती वसूलने में जय गुरुदेव बस कंपनी के मालिक मृत्युंजय कुमार उर्फ पिंटू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर थाना स्थित उसके आवास से लूटा गया दो किलो 208 ग्राम 570 मिलीग्राम सोना, फिरौती के वसूले गए रुपये, एक रायफल, तीन कारतूस व एक मोबाइल बरामद किए गए हैं। पिंटू के विरुद्ध सदर व मीनापुर में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। रायफल व आभूषण बरामदगी के मामले में उसे सदर थाना से जेल भेजा गया। उसे मीनापुर में दर्ज मामले में न्यायिक रिमांड पर लिया जाएगा।

**यह हुई घटना :** कमलेश यादव ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को वह गोरखपुर के आजाद चौक स्थित उक्त प्रतिष्ठान का 3999.740 ग्राम सोने के आभूषण लेकर कोलकाता बेचने गया था। वहां कीमत सही नहीं मिलने पर 17 जुलाई को गोरखपुर वापसी के

**गोरखपुर के आभूषण व्यवसायी के स्टाफ से एक करोड़ 60 लाख का सोना लूटने व पांच लाख फिरौती वसूलने के बाद किया था मुक्त**

लिए बस से पश्चिम बंगाल के वर्धमान पहुंचा। वहां से मुजफ्फरपुर के लिए जय गुरुदेव बस पर सवार हुआ। वद्र्धमान से आगे आने पर राजस्व खुफिया निदेशालय का अधिकारी बनकर पिंटू सिंह अपने पांच साथियों के साथ बस में सवार हुआ। सामान जांच का झांसा देकर उसे कब्जे में ले लिया। अगवा कर हाजीपुर बिहार लाया। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रोड में मुजफ्फरपुर से 10 किलोमीटर पहले उतारकर निजी गाड़ी में बैठा लिया। उसके मोबाइल से वाट्सएप काल कर उसके मालिक से बात करके बुलाने लगा। उसे मुक्त करने के लिए 65 लाख फिरौती मांगी। सौदेबाजी के बाद पांच लाख रुपये लिए। आभूषण छीन कर मीनापुर के पानापुर ओपी क्षेत्र में पेट्रोल पंप के निकट 18 जुलाई की शाम में मुक्त किया। उसके बयान पर मीनापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

पूछताछ में पिंटू ने इस घटना में संलिप्तता स्वीकार की है। उसने अन्य साथियों के भी नाम बताए हैं।

**शुरू में घटना को संदिग्ध मान रही थी पुलिस :** शुक्रवार की शाम अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में वरीय पुलिस अधीक्षक जयंतकांत ने बताया कि घटना के बाद आभूषण एजेंट पूर्वी चंपारण जिला के पिपरा थाना पहुंचा। उसे लगा कि घटनास्थल पिपरा थाना क्षेत्र में है।

जब उसे बताया गया कि घटनास्थल मुजफ्फरपुर में है, तब सभी उनके संपर्क में आए। शुरू में यह मामला संदिग्ध लगा। पूछताछ व सीसी कैमरे के फुटेज से मामला सही निकला। इसके बाद जांच में पिंटू सिंह की संलिप्तता सामने आई। वह चकमा देने के लिए पटना भाग गया। जब दबिश बढ़ाई गई तो लौटा। उसके आवास से लूट का सोना, फिरौती के रुपये, रायफल, कारतूस व मोबाइल बरामद किए गए। यह रायफल उसके निजी सुरक्षाकर्मी की है। इसी का भय दिखाकर उसने व उसके अन्य साथियों ने घटना को अंजाम दिया। रायफल के लाइसेंस धारक की पहचान की जा रही है। लाइसेंस को कैंसिल कराने व कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस का पूरा सहयोग करेगा आइएमए : डा. शिवशंकर शाही

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पुलिस लाइन में शुक्रवार को डाक्टरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। एडीजी अखिल कुमार, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने विभिन्न चौराहों पर सीसी कैमरा लगवाने वाले डाक्टरों को सम्मानित किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) के अध्यक्ष डा. शिव शंकर शाही ने कहा कि आइएमए, पुलिस का पूरा सहयोग करेगा। प्रथम चरण में अभी तक 50 चौराहों पर 200 सीसी कैमरे लगाए जा चुके हैं।

पुलिस अधिकारियों ने आइएमए की इस पहल की सराहना की और कहा कि सीसी कैमरे इंटरनेट से जुड़े रहेंगे और पुलिस लगातार इनकी निगरानी करेगी। एडीजी ने कहा कि उनका लक्ष्य पूरे शहर में जगह-जगह सीसी कैमरा लगवाने का है, ताकि नागरिकों की सुरक्षा में मदद मिल सके।

इस अवसर पर डा. राजेश गुप्ता, डा. एके छापड़िया, डा. दीप्ति चतुर्वेदी, डा. एके चतुर्वेदी, डा. राजीव गुलाटी, डा. संजीव सिंह, डा. नदीम अरशद, डा. शांतनु अग्रवाल, डा. अश्वनी अग्रवाल, डा. अतिल लाल, डा. ऋतेश कुमार, डा. विनय वर्मा, डा. इमरान अख्तर, डा. मोनिका मिश्रा उपस्थित थीं।




आइएमए अध्यक्ष डा. शिव शंकर शाही को सम्मानित करते एडीजी अखिल कुमार (बाएं) व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर (दाएं)। ● जागरण

# कुसम्ही जंगल में गश्त करेगी फ्लाइंग स्क्वाड

**जासं, गोरखपुर :** कुसम्ही जंगल में छेड़खानी, दुष्कर्म, लूट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभागीय वनाधिकारी(डीएफओ) ने टीम गठित की है। यह फ्लाइंड स्क्वाड जंगल में गश्त करेगा और बेवजह घूमने वालों पर नजर रखेगा। यदि कोई जंगल में बेवजह घूमता मिला तो उस पर जुर्माना हो सकता है। उसका वाहन जब्त करके उसे जेल भेजा जा सकता है।

डीएफओ विकास यादव ने कहा कि गोरखपुर वन क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करना दंडनीय अपराध है। जंगल के गैर परंपरागत मार्गों को बंद किया जा रहा है। इसके लिए वन क्षेत्राधिकारी तिलकोनियां रेंज को निर्देशित किया है कि वह तीन दिन के भीतर जंगल के गैर परंपरागत मार्गों को बंद करें। अनाधिकृत रूप से जंगल में प्रवेश करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

# प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापक आपस में भिड़े, मुकदमा

**जागरण संवाददाता, मुंडेरा बाजार :** निर्धारित शुल्क से अधिक रुपये लेने पर गंगा प्रसाद स्मारक इंटर कालेज चौरी चौरा में शुक्रवार की सुबह प्रधानाचार्य हीरालाल व सहायक अध्यापक रामजी बागी के बीच मारपीट हो गई। दोनों ने एक-दूसरे पर मारने-पीटने का अरोप लगाते हुए चौरी चौरा थाने में तहरीर दी। चौरीचौरा पुलिस ने सहायक अध्यापक की तहरीर पर प्रधानाचार्य हीरालाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

गंगा प्रसाद स्मारक इंटर कालेज चौरीचौरा के सहायक अध्यापक रामजी बागी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि प्रधानाचार्य हीरालाल विद्यालय के बच्चों से निर्धारित शुल्क से अधिक रुपये ले रहे हैं। बच्चे इनके विरुद्ध डीएम व जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत करने लिए प्रार्थना पत्र पर एक-दूसरे से हस्ताक्षर करा रहे थे। वह उसी प्रार्थना पत्र को देख रहे थे। इसी बीच प्रधानाचार्य हीरालाल आ गए और कमरे से उन्हें धक्का देकर बाहर कर दिया और गला दबाकर मारने-पीटने लगे। बाद में उन्होंने विद्यालय के अन्य शिक्षकों के साथ चौरी चौरा थाने में इसकी तहरीर दी।

वहीं दूसरी तरफ प्रधानाचार्य हीरालाल ने आरोप लगाया है कि सहायक अध्यापक बच्चों को पढ़ाने से मना कर रहे थे। उन्होंने इस पर नाराजगी जतायी तो सहायक अध्यापक ने उनके साथ हाथापाई की। इसे लेकर प्रधानाचार्य ने भी सहायक अध्यापक रामजी बागी के विरुद्ध चौरी चौरा थाने पर तहरीर दी है।

सहायक अध्यापक कुछ शिक्षकों साथ आकर प्रधानाचार्य के विरुद्ध मारने-पीटने की तहरीर दी है। प्रधानाचार्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रधानाचार्य ने भी सहायक अध्यापक के विरुद्ध अभद्रता करने व हाथापाई करने की तहरीर दी है। मुंडेरा बाजार चौकी इंचार्ज अवधेश पांडेय को इसकी जांच दी गई है।

**मनोज पांडेय**, प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा

# सुभाष हत्याकांड का छठवां आरोपी गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर** : रंजिश में युवक की पीटकर हत्या करने वाले छठवें आरोपित को गुलरिहा थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पांच आरोपितों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। छह जुलाई को शिवपुर-सहबाजगंज निवासी सुभाष की पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में गुलरिहा थाना पुलिस ने सुभाष के भाई राम किशुन की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपित अंशु, नंदनी, अभिषेक, अनिकर्ष, रविश गुप्ता को जेल भेज दिया था।

छठवें आरोपित शिवपुर सहबाजगंज निवासी राधेश्याम को शुक्रवार की सुबह दहला तिराहे के पास गिरफ्तार किया गया।

# कर्ज में डूबे शिक्षक ने गढ़ी अपहरण की झूठी कहानी

**जासं. गोरखपुर** : कर्ज में डूबे शिक्षक के अपहरण की झूठी कहानी ने जिले की पुलिस की परेशानी बढ़ा दी। शाहपुर थाना पुलिस ने सर्विलांस की मदद से शिक्षक को मिर्जापुर जिले के विंध्याचल से बरामद कर लिया। जांच में सच्चाई सामने आने पर शिक्षक को स्वजन के साथ घेर भेज दिया।

आजमगढ़ जिले के रहने वाले सूबेदार शाहपुर क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। निजी विद्यालय में पढ़ाते थे। कोरोना के दौरान उनकी नौकरी चली गई। उन्होंने कई लोगों से कर्ज ले लिया। अब कर्ज चुकाने में असुविधा हो रही थी। 19 जुलाई को कुशीनगर जाने की बात कह घर से निकले सूबेदार देर रात तक घर नहीं लौटे। मोबाइल बंद होने पर स्वजन ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। अगले दिन वाट्सएप के जरिए मैसेज भेज अपहरण होने की जानकारी दी। मैसेज में लिखा था कि लखनऊ की जमीन बेचकर रुपये का इंतजाम करो।

प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि शिक्षक ने अपहरण की झूठी सूचना दी थी।

# मुकदमा दर्ज करने का आदेश

गोरखपुर : घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में सिविल जज जूनियर डिविजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट संगीता गौड़ ने बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दिस्तौलिया निवासी रामबढ़ाई, लालचंद, पतरू व नरसिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश थानाध्यक्ष बड़हलगंज को दिया है। न्यायालय में बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दिस्तौलिया निवासी वादी सुभाष मिश्र का कहना था कि 19 मई 2022 को शाम करीब आठ बजे वादी दिस्तौलिया चौराहे पर सब्जी लेने गया था। आरोपितों ने लाठी डंडा से लैस होकर वादी को घेर लिए और गाली देते हुए लात मुक्का व लाठी डंडा से मारने लगे। बाद में घर में घुसकर भी मारे पीटे। (जासं)

# माफिया की सूची अपडेट कर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश

- एडीजी ने जोन के सभी पुलिस कप्तान को दिए निर्देश
- गोरखपुर में प्रभावी कार्रवाई न होने पर जताई नाराजगी

**जासं, गोरखपुर :** एडीजी जोन अखिल कुमार ने शुक्रवार की शाम जोन के सभी पुलिस कप्तानों के साथ आनलाइन बैठक की। जिले के टाप 10 माफिया के खिलाफ हुई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए सूची में सक्रिय बदमाशों का नाम शामिल कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गोरखपुर, बस्ती व देवीपाटन रेंज के सभी जिलों में चिन्हित किए गए टाप 10 बदमाशों पर हुई कार्रवाई की जानकारी एडीजी ने संबंधित जिले के कप्तान से लिया। समीक्षा में पता चला कि माफिया के खिलाफ सबसे कम कार्रवाई गोरखपुर में हुई है। जिले के टाप 10 बदमाशों में पांच की संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट में जब्त कराया गया है। शेष पर यह कहते हुए थानेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं कि अपराध में सक्रियता नहीं है। एडीजी ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि जिला व थाना स्तर पर टाप-10 की जो सूची तैयार की गई है उसमें शामिल लोगों पर जिले की पुलिस कार्रवाई करे।

**राजन तिवारी प्रकरण में हुई पुलिस की किरकिरी :** एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि प्रदेश के माफिया की सूची में शामिल राजन तिवारी के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट को दबाने का मामला गंभीर है। इस प्रकरण से पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े हुए हैं।

**पैरवी कर दिलवाएं सजा :** मानीटरिंग सेल के नोडल व पुलिसकर्मी माफिया के खिलाफ दर्ज मुकदमे की प्रभावी पैरवी करें, ताकि उनको सजा कराकर जेल भेजा जा सके। मुकदमे के गवाह से बात कर अगर कोई दिक्कत हो तो उसका समाधान कराएं।

# भूमि बेचने का झांसा देकर हड़पे 64 लाख, गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर**: भूमि बेचने का झांसा देकर 64 लाख रुपये हड़पने वाले आरोपित को खोराबार थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसे जेल भेज दिया गया है। दूसरे आरोपित की तलाश चल रही है।

प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भैंसहा गांव के ढोढरा निवासी गोरख चौधरी को भूमि दिलाने का झांसा देकर कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र स्थित मुझाना गांव निवासी शैलेन्द्र उर्फ शैलेश तिवारी व परतावल के धर्मेंद्र ओझा ने 64 लाख रुपये ले लिए। भूमि न मिलने पर गोरख ने रुपये वापस मांगना शुरू किया तो जान से मारने की धमकी देने लगे। पीडित ने उनके खिलाफ जालसाजी कर रुपये हड़पने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था।

**असलहे के साथ दो बदमाश गिरफ्तार**

**बांसगांव** : बांसगांव थाना पुलिस ने गुरुवार को असलहे व कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान बांसगांव थाने के हरिहरपुर बरनई टोला निवासी रामा बेलदार व सिकरीगंज थाने के बढ़यापार निवासी प्रवीन उर्फ गोलू के रूप में हुई है।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। गीडा पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को शुक्रवार को जीरो प्वाइंट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पहचान बरवार खुर्द निवासी विकास कुमार के रूप में हुई। इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि उसके पास से दो बैट्री, एक मोटर, एक सिलिंडर, एक कूलर व एक आधार कार्ड मिला है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया गया। ब्यूरो

# मारपीट का केस दर्ज करने का आदेश

गोरखपुर। घर में घुस कर मारपीट करने के मामले में सिविल जज जूनियर डिविजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट संगीता गौड़ ने बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दिस्टौलिया निवासी रामबढाई, लालचंद, पतरू व नरसिंह के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया। कोर्ट में दिस्तौलिया निवासी वादी सुभाष मिश्र का कहना था कि उनकी कृषि योग्य जमीन राप्ती नदी के कटान के कारण जलमग्न हो गई है। उनकी जमीन में बिना उपजिलाधिकारी के आदेश के अवैध ढंग से दबंगों द्वारा मछली का शिकार किया जाता है। इसी रंजिश में 19 मई 2022 की रात आठ बजे वादी से मारपीट की गई थी। ब्यूरो

# सुभाष हत्याकांड का छठवां आरोपी गिरफ्तार

गुलरिहा। इलाके के शिवपुर सहबाजगंज में छह जुलाई को पीटकर सुभाष की हत्या करने के छठवें आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान शिवपुर सहबाजगंज निवासी राधेश्याम के रूप में हुई है। पांच आरोपियों को पहले ही पुलिस जेल भेज चुकी है। जानकारी के मुताबिक, सुभाष का भाई छह जुलाई की शाम सब्जी लेने गया था। तभी मोहल्ले के युवकों ने उसकी बिना वजह पिटाई कर दी थी। बड़े भाई सुभाष के शिकायत करने पर आरोपियों ने सुभाष की लाठी-डंडे से पिटाई दी थी। घायल हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया था, उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने भाई राम किशुन की तहरीर पर केस दर्ज कर अंशु, नंदनी, अभिषेक, अनिकर्ष, रविश गुप्ता को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। छठवें आरोपी को दहला तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो

# 'माफिया की सूची अपडेट करें'

गोरखपुर। हर जिले के माफिया की सूची अपडेट कर नए सिरे से कार्रवाई करने का आदेश एडीजी जोन अखिल कुमार ने शुक्रवार शाम जारी किया। जिले के टॉप 10 माफिया के खिलाफ हुई कार्रवाई की समीक्षा के बाद एडीजी ने आदेश जारी किया है। खबर है कि पूर्व विधायक राजन तिवारी के खिलाफ कार्रवाई न करने पर गोरखपुर पुलिस पर एडीजी ने नाराजगी जताई है। जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर, बस्ती व देवीपाटन रेंज के सभी जिलों में चिह्नित टॉप 10 माफिया पर की गई कार्रवाई की समीक्षा एडीजी ने की तो सामने आया कि गोरखपुर में कार्रवाई बहुत कम हुई है। जिले के टॉप 10 पांच माफिया की संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट में जब्त कराया गया है। शेष पर यह कहते हुए थानेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं कि अपराध में सक्रियता नहीं है। इसके बाद ही एडीजी ने कार्रवाई का निर्देश जारी किया है।

# कर्ज से परेशान शिक्षक ने दी थी अपहरण की सूचना

अमर उजाला ब्यूरो

**शाहपुर पुलिस ने मिर्जापुर जिले से बरामद कर घटना का पर्दाफाश किया**

गोरखपुर। कर्ज से परेशान शिक्षक ने खुद छिपकर शाहपुर थाने में अपहरण की सूचना दी थी। शुक्रवार को सर्विलांस की मदद से पुलिस ने मिर्जापुर जिले के विंध्याचल मंदिर के पास से कथित अपहृत शिक्षक को बरामद कर लिया। जांच में सच्चाई सामने आने पर शिक्षक को स्वजन के साथ घर भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, आजमगढ़ जिले के निवासी सूबेदार परिवार के साथ शाहपुर क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। वह एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक है। कोरोना काल के दौरान उनकी नौकरी चली गई। घर की जीविका चलाने के लिए उन्होंने कई लोगों से कर्ज ले लिया। नौकरी न मिलने की वजह से कर्ज चुकाने में असुविधा हो रही थी।

19 जुलाई को कुशीनगर जाने की बात कह घर से निकले सूबेदार देर रात तक घर नहीं लौटे। मोबाइल बंद होने पर स्वजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। अगले दिन वाट्सएप के जरिए मैसेज भेजकर अपहरण होने की जानकारी दी। मैसेज में लिखा था कि लखनऊ की जमीन बेचकर रुपये का इंतजाम करो।

# डॉक्टरों को एडीजी ने किया सम्मानित

गोरखपुर। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत शहर के प्रमुख चौराहों पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। इसके तहत आईएमए के डॉक्टरों को शुक्रवार को एडीजी जोन अखिल कुमार ने पुलिस लाइंस में सम्मानित किया।

एडीजी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे के जरिए अपराध पर काबू किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में आईएमए अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर शाही, सचिव डॉ. वीएन अग्रवाल, डॉ. मोनिका मिश्रा, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. इमरान शामिल रहें। ब्यूरो

# जालसाजों पर कसा शिकंजा, तीन को जेल

## कैंट, खोराबार और बड़हलगंज पुलिस ने की कार्रवाई, मुकदमे में चल रहे थे वांछित आरोपी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने जालसाजी के मामलों का पुलिसकर्मियों को सख्ती से निपटारा करने का निर्देश दिया तो शुक्रवार को इसका असर सामने आया। कैंट, खोराबार और बड़हलगंज पुलिस ने जालसाजी में दर्ज केस में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

कैंट पुलिस ने फर्जी वीजा पर विदेश भेजने वाले को तो बड़हलगंज पुलिस ने भी एक ऐसे ही आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा। खोराबार पुलिस ने जमीन के नाम पर रुपये हड़पने के मामले में 17 जून को दर्ज केस के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

**विदेश भेजने का झांसा देने वाला गिरफ्तार :** कैंट पुलिस ने फर्जी वीजा व टिकट देकर दुबई बेचने का झांसा देकर 2.40 लाख रुपये हड़पने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

उसकी पहचान नंदानगर निवासी पवन सिंह के रूप में हुई। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि बिहार, सिवान के रहने वाले चार लोगों को पवन सिंह ने प्रलोभन दिया कि उसके जानने वाले दुबई में हैं। वह नौकरी दिला देगा।

इसी नाम पर चारों से अलग-अलग खातों में 2.40 लाख रुपये वसूले गए थे। पीड़ितों को फर्जी वीजा व टिकट भी दे दिया था। जब सभी लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उन्हें फर्जीवाड़े की जानकारी हुई।

पीड़ितों की तहरीर पर शुक्रवार सुबह ही केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

### रुपये हड़पने के आरोपी को जेल भेजा

**बड़हलगंज** पुलिस ने धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने के आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। उसकी पहचान बैरियाखास निवासी अमेरिका बीन उर्फ अंबिका के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, विदेश भेजने के नाम पर रुपये हड़पे थे। पुलिस बृहस्पतिवार को केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आंबेडकर चौराहा के पास से उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

जिले में दर्ज मुकदमों की समीक्षा की गई तो जालसाजी के कई पुराने मामले लंबित पाए गए थे। इसे देखते हुए पुलिस को निर्देशित किया गया है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए। पुलिस इन मामलों में केस दर्ज कर आरोपी पर जल्द से जल्द कार्रवाई करेगी। - **डॉ. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

### जमीन के नाम पर हड़पे थे 64 लाख, गिरफ्तार

**खोराबार** इलाके में भैसहा निवासी गोरख चौधरी से जमीन बेचने के नाम पर 64 लाख रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने 17 जून को केस दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कुशीनगर जिले के अहिरौली इलाके के परतावल निवासी धर्मेंद्र ओझा के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, धर्मेंद्र ने जमीन बेचने की इच्छा जाहिर की थी। जमीन खरीदने के लिए गोरख चौधरी ने संपर्क किया और उनसे 64 लाख रुपये वसूल लिए। उसने न ही जमीन बेची और न ही रुपये ही वापस किए।

# यातायात पुलिस ने लौटाईं खुशियां

## किसी का ऑटो में छूट गया था बैग, तो कोई ठेले पर भूल कर चला गया

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** आईटीएमएस के सीसीटीवी कैमरे की मदद से यातायात पुलिस ने कई लोगों के चेहरे पर खुशियां लौटा दीं। इनमें से कोई भूलवश ऑटो में बैग छोड़ कर चला गया था तो किसी का महत्वपूर्ण दस्तावेज ठेले पर छूट गया था, सभी को कैमरे की मदद से पुलिस ने राहत पहुंचाई।

जानकारी के मुताबिक, किसी का भी बैग गायब होने पर जब भी उसने चौराहे पर ड्यूटी कर रहे पुलिस को सूचना दी पुलिस सक्रिय हो गई। इसका असर भी सामने आया।

पुलिस ने लोगों के बैग को खोजने में सफल रही। दरअसल, पुलिस को जैसे ही सूचना मिलती है, उस चौराहे के कैमरे की मदद से ऑटो का नंबर मिल जाता है और फिर अगले सभी चौराहों पर पुलिस को अलर्ट कर दिया जाता है, जिससे पुलिस को कामयाबी मिल रही है।

एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि 23 लोगों का बैग पुलिस लौटा चुकी है। आगे भी प्रयास जारी रहेगा। कोशिश है कि लोगों की मदद की जाए।

### केस 1

**तीन** जुलाई को सत्या नंद पांडेय किसी काम से बैंक गए थे। इस दौरान एक ठेले पर बैंक से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे बैग को भूल गए थे। सूचना पर तत्काल पुलिस सक्रिय हो गई और बैग को लौटाया गया।

### केस 2

**पांच** जुलाई को कुशीनगर की सावित्री देवी का बैग ई-रिक्शा में छूट गया था। पुलिस ने पीए सिस्टम की मदद से अलाउंस करके एक घंटे में यातायात कार्यालय के पास से बैग खोज लिया।

### इनके भी बैग हुए वापस

*नई कॉलोनी देवरिया निवासी मिथलेश कुमार मिश्रा, रुस्तमपुर निवासी शहनवाज हुसैन, नौसड़ निवासी शशि प्रभा, नंदानगर की संगीता, यूनिवर्सिटी छात्रावास में रहने वाली पूजा, देवरिया के अमित कुमार, सहजनवां के वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, विजय गुप्ता, खजनी के राकेश शुक्ला, जेल बाईपास के रमेश कुमार, संतोष यादव, तारामंडल के अनुराग, सहजनवां के सांतनु त्रिपाठी, साइबर सेल प्रभारी, हेमा सिंह, आदर्श यादव, पवन अग्रहरि, नीतू अग्रवाल, संजय यादव का भी बैग वापस कराया गया।*

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2022

राष्ट्रीय सहारा दि०-23-7-22

## दस लीटर कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**तरकुलवा(एसएनबी)**। स्थानीय पुलिस के साथ आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के भिसवा गांव में छापेमारी कर दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी श्रीराम निषाद पुत्र स्व. दुःखराम निवासी ग्राम पिपरा झाम टोला छेरिया के खिलाफ पुलिस ने 60 आबकारी अिधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-23-7-22

## विवाद में एक दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जंगल ठकुरही में आपसी रंजिश को लेकर हुए विवाद में प्रतिवादी गण द्वारा वादी के परिजनों को लाठी डण्डे से मारपीट कर गाली गुत्ता दिया। इस मामले में पीड़ित ने न्यायालय से गुहार लगायी। न्यायालय के आदेश पर 156/3 के तहत रुद्रपुर पुलिस ने जंगल ठकुरही निवासी रामबालक मिश्रा पुत्र स्व. रामकिशोर के तहरीर पर उक्त गांव निवासी सुभाष मिश्रा, हाकीम मिश्रा पुत्र गण राघव मिश्रा, पिन्टू मिश्रा पुत्र रविन्द्र मिश्रा के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 325 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलहटा में जमीन को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने वादी जनार्दन सिंह पुत्र रामसूरत सिंह निवासी सिलहटा के तहरीर पर उक्त गांव निवासी संतोष सिंह पुत्र राबहादुर सिंह, सोनू पुत्र अनिरुद्ध सिंह, नन्हे तिवारी पुत्र राजेश्वरी, पप्पू सिंह पुत्र ठाकुर के खिलाफ धारा 323, 504, 506 दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर वादी संतोष सिंह पुत्र राबहादुर सिंह के तहरीर पर उक्त गांव निवासी हरिश्चन्द्र सिंह, जनार्दन सिंह पुत्र गण रामसूरत सिंह, शिवानन्द पुत्र रामकवल सिंह, गोपी पुत्र रामसूरत सिंह के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि0-23-7-22

# फरार अभियुक्त के खिलाफ धारा 82 की नोटिस चस्पा

**भटनी (देवरिया )।** भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मखोरबाबू तिवारी टोला निवासी ष्ण कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारीपुत्र विज्ञान तिवारी भटनी थाना के अपराध संख्या -132ध्2020 धारा -304323506 मे काफी समय से फरार चल रहे है ।जिसके खिलाफ सी जी एम न्यायालय देवरिया के आदेश के क्रम मे अभियुक्त के घर सरकारी विद्यालय ग्राम पंचायत भवन व बाजार मे अभियुक्त के खिलाफ धारा-82 सी आर पी सी के तहत उदघोषणा कर चस्पा भी किया गया ।कार्यवाही के दौरान थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह उपनिरीक्षक विनय सिंह आरक्षी आर पी चौधरी आरक्षी अनुराग शुक्ला गौरव यादव व महिला आरक्षी नन्दनी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि0-23-7-22

# आधा दर्जन पर बलवा व हत्या के प्रयास का केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** न्यायालय में न्याय की गुहार लगाने पर न्यायालय के आदेश से 156/3 के तहत रुद्रपुर पुलिस ने वादी के दिये तहरीर पर विपक्षी गण द्वारा 4 नवम्बर 2021 को रात 10 बजे दरवाजे पर एक राय होकर पटाखा फोड़ना, मना करने पर गाली गुत्ता देना, लाठी डण्डा से मारना पीटना, जिसमें लोग चोटिल हो गये थे। बता दें कि स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माहीगंज स्थित पिपरचप्पा में कुछ माह पूर्व दो पक्ष में मारपीट हो गया था। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने वादी दुल्लीचन्द पुत्र चौथी के तहरीर पर उक्त गांव निवासी उदयभान पुत्र रामप्रताप, रविन्द्र पुत्र सुभाष, आजाद पुत्र जयश्री, मनोहर पुत्र रामभजू, रामप्रताप पुत्र हीरा पर धारा 147, 148, 323, 325, 307, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि०-23-7-22

# चार नामजद समेत अन्य के खिलाफ बलवा और हत्या के प्रयास का केस

**तरकुलवा।** कोचिंग क्लास करने जा रहे इंटर के एक छात्र को रास्ते में घेर कर मारपीट कर घायल करने के चार नामजद आरोपियों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने बलवा और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के हरैया गांव के रहने वाले निखिल मिश्र पुत्र राजीव मिश्र श्री दुर्गा जी इंटर कालेज के बारहवीं के छात्र हैं। वह बुधवार की दोपहर में चिउटहा गांव में कोचिंग क्लास करने जा रहे थे। रास्ते में कुछ मनबढ़ युवकों ने उन्हें मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमें पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कर्रवाई की मांग की थी। पीड़ित की तहरीर पर तरकुलवा पुलिस ने सोनू पुत्र दीनानाथ यादव ग्राम सोहनरिया, अंकित पुत्र सुरेन्द्र कुशवाहा ग्राम भरौटा टोला ओझवलिया, मनीष पुत्र कमलेश यादव ग्राम सिसवा राव थाना तरकुलवा, आदित्य पुत्र हरि पटेल पता अज्ञात सहित रायल ब्रदर्स हेंड्रेड टीम नाम व पता अज्ञात के खिलाफ धारा 147,148,323,307,504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि०-23-7-22

# गोबंशीय बरामदगी मामले मे मुकदमा दर्ज

**भटनी ।** भटनी थाना क्षेत्र के छोटी गण्डक नदी के पक्के पुल के उत्तर तरफ पेट्रोल पम्प के सामने पुलिस द्वारा चार गौवन्शीय पीकप सहित बरामद करने के मामले मे अज्ञात पीकप चालक के खिलाफ भटनी थाने मे बुधवार के सायंकाल मुकदमा दर्ज हो गया । इस सम्बन्ध मे थाने के उपनिरीक्षक विनय कुमार सिंह द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि मुखबीर ने सूचना दिया किचाँदपार तिराहे से बाईपास रोड होते हुए पशु तस्कर पशु लादकर पीकप मे बिहार के तरफ ले जा रहे है ।उस समय शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए खोरीबारी मे उपनिरीक्षक परवेज अहमद व हमराहियों के साथ खोरीबारी मे वाहन की जाँच कर रहे थे ।सूचना मिलते ही पेट्रोल पर पहुँचने के पहले पी आर बी पुलिस को पीकप का पीछा करने को कहा गया और थाने की पुलिस व पी आर बी पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर दी गयी ।पीकंप पशु सहित पकड लिया गया लेकिन चालक भाग निकला पशु व पीकप पुलिस के कब्जे मे है ।

राष्ट्रीय सहारा दि० -23-7-22

# फेसबुक पर तमंचा लहरा रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक युवक द्वारा तमंचा के साथ अपना वीडियो बनाकर फेसबुक, वाट्सप और इण्टरनेट मीडिया पर डाल दिया गया। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। रुद्रपुर पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने युवक की तलाश करने लगी। जिसमें तमंचा लहरा रहा युवक रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोईलगढ़हा के सुकईपुरा निवासी धर्मेन्द्र पुत्र मदन निषाद बताया जा रहा था। जिसको पुलिस ने एक अदद तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ कोईलगढ़हा के खपड़हवा टोला से गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-23-7-22

# महिला से मारपीट के मामले में एक आरोपी गया जेल

मदनपुर (एसएनबी)। मदनपुर थानाक्षेत्र के बेलुआर घाट में महिला को मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में पुलिस ने.एक आरोपी को जेल भेज दिया है। अन्य आरोपी फरार बताये जाते हैं। उधर इस घटना के बिषय में लोग तरह-तरह की बातें कह रहे हैं। हालांकि गांव कें लोग मुखरित होकर कुछ भी कहने से परहेज कर रहे हैं। बेलुआर गांव के मुन्ना सिंह का लड़का सतीश सिंह अर्न्तजातीय विवाह मोनिका चौहान नाम की लड़की से लगभग दो वर्ष पूर्व किया है। यह शादी उसने दिल्ली में रहते हुए किया है। आरोप है कि शादी के बाद से परिवार के लोग उससे नाराज चल रहे थे। लोगों की मानें तो परिवार के लोग चाहते थे कि सतीश अपनी पत्नी को लेकर उनसे अलग रहे। बताया जाता है कि हक हिस्सा को लेकर सतीश सिंह और उसकी पत्नी मोनिका से परिवार के लोगों की बराबर नोकझोक होती थी। मानें तो सतीश की पत्नी मोनिका अपने ससुर से जायदात में हिस्सा मांग रही है। जबकि उसके ससुर अपने जीते जी इसके लिये तैयार नहीं हो रहे हैं। शादी के बाद से ही सतीश की पत्नी मोनिका का उसके ससुराल वाले से बराबर तनाव बना रहा। बताया जाता है कि मोनिका ने कई अन्य मुकदमा भी अपने ससुराल के लोगों पर दर्ज कराया है। उधर आरोप है कि बुधवार की रात सोते समय मोनिका पर उसके ससुराल के लोगों सहित कुछ अन्य लोग मारपीट कर घायल कर दिये। इस मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में कुल 10 लोगों पर मुकदमा कायम किया है। पुलिस आरोपियों में से महिला के देवर अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि अन्य आरोपी की तलाश चल रही है।

हिन्दुस्तान दि० 23-7-22

# पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

देवरिया। एनबीडब्लू के आरोपी की तलाश में महाराष्ट्र की जलना जिले की क्राइम ब्रांच टीम देवरिया आई थी। टीम ने शुक्रवार को सदर कोतवाली पुलिस के सहयोग से ठठेरी गली में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई के बाद उसे अपने साथ महाराष्ट्र ले गई।

महाराष्ट्र के जलना जिले के महराज थाने में आरोपी के ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र हरिहर गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज था। कोर्ट के बार बार आदेश के बाद भी वह उपस्थित नहीं हो रहा था। महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया, लेकिन वह मुम्बई से भागकर देवरिया आ गया। महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपी के नहीं आने के बारे में जानकारी दी। कोर्ट ने आरोपी ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र हरिहर गुप्ता निवासी ठठेरी गली सदर कोतवाली के विरुद्ध एनबीडब्लू जारी कर दिया।

हिन्दुस्तान दि०-23-7-22

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

देवरिया, निज संवाददाता। किशोरी को शादी का झांसा देकर रेप करने वाले युवक को सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को खरजरवा गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी की मां की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने रेप और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में परिवार के साथ रहती है। उसने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। उसने बेटी को शादी को झांसा देकर रेप करता रहा। जब इसकी जानकारी परिवार के लोगों को हुई तो बेटी और युवक से शादी के दबाव डाला गया। किशोरी के शादी के दबाव डालने पर युवक आज कल शादी करने की बात कहकर टरकाता रहा। किशोरी ने शादी करने के लिए ज्यादे दबाव बनाने पर वह उसे मारपीट और धमकी देने लगा। किशोरी की मां की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने अमित बर्नवाल पुत्र कौशल किशोर बर्नवाल निवासी परसिया उर्फ खरजरवा थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध धारा 376, 506 आईपीसी और 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। कोतवाली के एसएसआई रामचन्द्र सिंह शुक्रवार को गश्त कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि रेप का आरोपी भागने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा है।

हिन्दुस्तान दि०-23-7-22

# लेखपाल के साथ मारपीट, केस दर्ज

देवरिया। गांव में एक व्यक्ति के प्राथना पत्र पर लेखपाल शुक्रवार को स्थलीय जांच करने गए थे। जहां पर एक व्यक्ति ने लेखपाल के साथ मारपीट की और कार्य में बाधा डाला। लेखपाल की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मारपीट, कार्य में बांधा और एसी एसटी का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी सदर को दी गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कतरारी के रहने वाले गोपाल मिश्र पुत्र पारसनाथ मिश्र ने भूमि के बारे में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसकी जांच क्षेत्र संख्या 156 के हल्का लेखपाल प्रहलाद प्रसाद पुत्र स्व.झपसी को दिया गया।

दैनिक जागरण दि0-23-7-22

# पांच लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

**जासं, तरकुलवा:** कोचिंग पढ़कर घर जा रहे छात्र की पिटाई मामले में पुलिस ने बलवा व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई हरैया गांव के रहने वाले पीड़ित छात्र निखिल पुत्र राजीव मिश्रा की तहरीर पर की है। आरोपितों में सोनू पुत्र दीनानाथ यादव ग्राम सोहनरिया, अंकित पुत्र सुरेन्द्र कुशवाहा ग्राम भरौटा टोला ओझवलिया, मनीष पुत्र कमलेश यादव ग्राम सिसवां राव, आदित्य पुत्र हरि पटेल पता अज्ञात समेत पांच शामिल हैं। इंस्पेक्टर टीजे सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**मुकदमा वापस न लेने पर दी धमकी**

तरकुलवा: धमकी देने के मामले में पुलिस ने पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मुंडेरा जगदीश गांव के रहने वाले शिव कुमार सिंह और एक व्यक्ति के बीच मुकदमा चल रहा है।जिसको लेकर उस व्यक्ति ने धमकी दी थी। पुलिस ने शिव कुमार की तहरीर पर ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, आदित्य कुमार सिंह व तीन अन्य लोग नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

दैनिक जागरण दि० - 23-7-22

# मारपीट के मामले में चार लोगों पर मुकदमा

सलेमपुर : भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें एक पक्ष के अजय कुमार को कुछ लोगों ने घर में घुस कर मारपीट की। जिसमें अजय व उनके भाई घायल हो गए। इस मामले में अजय की तहरीर पर पुलिस ने मुक्तिनाथ कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, राहुल व नत्थू के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि०-23-7-22

## पांच के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

रुद्रपुर : रामनगर में विवाद में गाली देने के मामले में पुलिस ने पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता तारा देवी पत्नी मनोज निषाद की तहरीर पर मनीष निषाद, उर्मिला देवी, संध्या, संगम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। (जासं)

## छह लोगों पर प्राणघातक हमले का मुकदमा

रुद्रपुर : न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध प्राणघातक हमला का मुकदमा दर्ज किया है। माहीगंज के रहने वाले दुल्लीचंद ने न्यायालय से गुहार लगाई थी। उनका आरोप था कि दरवाजे पर पटाखा फोड़ने से मना करने पर उनके भतीजे मनोज निषाद को लाठी डंडा व राड से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।आरोपितों में उदयभान, अरविंद, आजाद, मनोहर निषाद, रामप्रताप पुत्र हीरा, मनोहर निषाद पुत्र रामभुज शामिल हैं। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 23-7-22

# तीन पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन व्यक्तियों के विरुद्ध हमला करने कर घायल करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के जंगल ठकुरही गांव के रहने वाले रामबालक मिश्र की तहरीर पर हमला कर पैर फ्रैक्चर करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सुबाष मिश्र, हाकिम मिश्र व पिंटू मिश्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# चार के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा

रुद्रपुर : सब्जी बेच रही युवती के साथ छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि वह कोतवाली क्षेत्र के रुद्रपुर-गौरीबाजार मार्ग पर एक गांव में सब्जी बेच रही थी। तभी सुबास निषाद, प्रदीप, राहुल व शैलेश ने छेड़खानी करने के बाद फरार हो गए। (जासं)

दैनिक जागरण दि०-23-7-22

# तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर : इंटरनेट मीडिया पर तमंचा लहराने का स्टेटस लगाने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से तमंचा व दो कारतूस बरामद किया। क्षेत्र के कोइलगढ़हा गांव के सुकईपुरा टोला का रहने वाला धर्मेंद्र निषाद पुत्र मदन निषाद ने फेसबुक पर तमंचा लहराने का स्टेटस लगाया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने उसे गांव के समीप से तमंचा व दो जिंदा कारतूस के पास पकड़ा। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। (जासं)

दैनिक जागरण दि०-23-7-22

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, देवरिया:** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपित खरजरवा निवासी अमित बरनवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सदर कोतवाली के उप निरीक्षक रामचंद्र सिंह यादव ने बताया कि आरोपित वांछित था। उसकी तलाश की जा रही थी।

दैनिक जागरण दि०-23-7-22

# छात्रा को अश्लील मैसेज व अपहरण की धमकी, मुकदमा दर्ज

जासं, लार: स्नातक की छात्रा को परेशान करने व अपहरण की धमकी देने के मामले में लार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक आरोपित पुलिस की पकड़ से दूर है। छात्रा का आरोप है कि पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर रही है, जिससे वह मानसिक तनाव में है। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा भाटपाररानी के एक डिग्री कालेज में स्नातक में पढ़ती है। छात्रा का मोबाइल नंबर कहीं से बिहार के सिवान जनपद के जीरादेई थाना क्षेत्र के अकोली गांव का रहने वाला अमित साहनी पुत्र कमलेश साहनी को मिल गया। आरोपित आए दिन छात्रा को गलत मैसेज व अश्लील फोटो भेज रहा है। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित अमित कुमार साहनी के विरुद्ध आइटी एक्ट, गाली-गलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। आरोपी तीन मोबाइल नंबर प्रयोग करता है, जिसका नंबर 9014462244, 9631883819 व 7482044319 है। छात्रा ने तहरीर में इन नंबरों का उल्लेख किया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।




दैनिक जागरण दि० - 23-7-22

# प्राइवेट पार्ट में चोट पहुंचाने का आरोपित देवर गिरफ्तार

**जासं, देवरिया :** मदनपुर पुलिस ने डंडे से महिला के प्राइवेट पार्ट में चोट पहुंचाने के आरोपित देवर अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। महिला का इलाज जिला महिला चिकित्सालय में चल रहा है। दिल्ली की रहने वाली महिला ने मदनपुर थानाक्षेत्र के एक गांव के युवक से आठ वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया। पति-पत्नी दो अलग-अलग जाति के हैं। महिला फरवरी में पति के साथ उनके घर आ गई। 19 जुलाई की रात महिला अपने पति व बच्ची के साथ सोई थी। तभी सास बिंदु देवी, ससुर उमेश सिंह, देवर अभिषेक सिंह समेत अन्य स्वजन ने जानलेवा हमला कर दिया। महिला का रस्सी से हाथ पैर बांध दिया। मुंह भी बांध दिया। जमकर पिटाई की। आरोप है कि देवर अभिषेक ने लाठी से प्राइवेट पार्ट पर चोट पहुंचाई। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

दैनिक जागरण 23-7-22

रुद्रपुर : क्षेत्र के कोइलगढ़हा गांव के सुकईपुरा टोला के रहने वाले एक युवक को पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर तमंचा लहराने का स्टेटस पर लगाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में चालान कर युवक को जेल भेज दिया। कोइलगढ़हा के सुकइपुरा टोला के रहने वाले धर्मेंद्र निषाद पुत्र मदन निषाद ने इंटरनेट मीडिया पर तमंचा लहराने का स्टेटस फेसबुक पर लगाया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। (जासं)

# फरार आरोपी के घर किया नोटिस चस्पा

**भटनी।** थाने की पुलिस ने शुक्रवार शाम धर्मखोर बाबू तिवारी टोला निवासी और काफी दिनों से हाजिर न होने व फरार चल रहे आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना के घर पहुंच कर धारा 82 का नोटिस चस्पा किया। साथ ही गांव में डुग्गी-मुनादी भी कराई गई है।

भटनी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका।

वारंट के बाद पुलिस फरार चल रहे मुकदमे के इस आरोपी के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार दबिश दी लेकिन वह नहीं मिला। धारा 82 का नोटिस चस्पा होने के बाद भी आरोपी ने सरेंडर नहीं किया तो धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। संवाद

अमर उजाला दि०-23-7-22

अमर उजाला दि० 23-7-22

# जमीन विवाद में मारपीट, आठ पर केस

रुद्रपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में जमीन के विवाद को लेकर बृहस्पतिवार को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

गांव के जनार्दन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने संतोष सिंह, सोनू सिंह, नन्हे तिवारी, पप्पू सिंह और दूसरे पक्ष के संतोष सिंह की तहरीर पर हरिशचंद सिंह, जनार्दन, शिवानंद सिंह और गोपी सिंह के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमीन विवाद में मारपीट का आरोप लगाया है। संवाद

अमर उजाला दि० 23-7-22

# मंदिर में चेन स्नेचिंग करती पकड़ी गई महिला

रुद्रपुर। दुग्धेश्वरनाथ मंदिर पर पूजा करने गई महिला के गले से चेन स्नेचिंग करते हुए लोगों ने एक महिला को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी महिला का चालान कर दिया।

शुक्रवार को पिपरा कछार गांव की मालती गुप्ता दुग्धेश्वरनाथ मंदिर पर जलाभिषेक करने गई थीं। गर्भगृह में जलाभिषेक के दौरान उनके गले से सोने की चेन को एक महिला ने खींच लिया। इस दौरान उनकी नजर उस महिला पर पड़ गई। शोर मचाने पर लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

मालती गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने आजमगढ़ जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र के परशुरामपुर बाजार निवासी सुनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। संवाद

## विहिप सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था : अंबरीष

देवरिया। विहिप के केंद्रीय सह मंत्री अंबरीष ने कहा कि देश में राष्ट्र विरोधी गतिविधियां सुनियोजित तरीके से काम कर रही हैं। हिंदू समाज को एकजुट होकर शक्ति प्रदर्शन करना होगा। ये बातें उन्होंने शुक्रवार की शाम शहर के अतिथि भवन पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। कहा कि विहिप सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा प्रधान संस्था है। संवाद




# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2022

# चोरी के सामान के साथ शातिर गिरफ्तार

**पडरौना, निज संवाददाता।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी हुए नगद 4550 रुपये, चोरी में प्रयुक्त गैस कटर, गैस सिलेंडर व पाइप के अलावा कट्टा-कारतूस के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को पडरौना कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए शातिर चोर सद्दाम उर्फ मूस उर्फ आफताब पुत्र ईशा अली निवासी अकबरपुर टोला बढ़वा छापर थाना नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी किये नगद 4550 रुपये व चोरी में प्रयुक्त गैस कटर मय पाइप, गैस सिलेंडर के अलावा कट्टा-कारतूस बरामद किया।

# लापता बालक को किया बरामद

पडरौना। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत लापता बालक को बरामद करते हुए उसे उसके नाना को सुपुर्द कर दिया। लापता बालक बिहार प्रांत का रहने वाला है।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान अभियान में शुक्रवार को पडरौना कोतवाली पुलिस ने मो. आसिफ पुत्र साबिर अली उम्र 12 वर्ष निवासी लाइन बाजार थाना फुलवरिया जिला गोपालगंज का रहने वाला है। वह अपने नाना मनबहार मियां पुत्र रसीद मियां निवासी मतया थाना कुचायकोट जिला गोपालगंज बिहार के यहां रहता था। आसिफ घर वालों को बिना बताये अपने मदरसे में पढ़ाने वाले फैयाज मुहम्मद (मौलवी) के साथ जंगल विशुनपुरा पडरौना चला आया था। इसकी जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

# वांछित को पुलिस ने भेजा जेल

**कुशीनगर।** वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को कोतवाली पडरौना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त रामबेलास पुत्र जगदीश निवासी विशुनपुरा रामधाम कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहा था।

# दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

कुशीनगर। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में वांछित व वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में कप्तानगंज थाने की पुलिस ने शुक्रवार को दहेज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त साबिर अली पुत्र स्व. जलालुद्दीन अंसारी निवासी गौनरिया थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ अनिल कुमार उपाध्याय, एसआई संदीप कुमार वर्मा, कां. अखिलेश कुमार यादव, कर्मवीर सिंह एवं महिला कांस्टेबल सोनी शाह शामिल रहे।

# चौराहे पर लगवाया सीसीटीवी कैमरा

पटहेरवा। स्थानिय पुलिस ने ग्राम प्रधान पटहेरवा के सहयोग से पटहेरिया चौराहे पर दुर्घटनाओं तथा फोरलेन से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखने के लिए शुक्रवार को सीसीटीवी कैमरा लगवाया। इस कैमरे से बेहतर तरीके से चौराहे पर निगरानी रखी जाएगी।

# वारंटी को पुलिस ने दबोचा

**कुशीनगर।** जिले की विशुनपुरा थाने की पुलिस ने शुक्रवार को वारंटी अभियुक्त धनंजय कुमार कुशवाहा पुत्र महंथ कुशवाहा निवासी पृथ्वीपुर दुदही थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ वीरेन्द्र कुमार यादव, एसआई विमलेश कुमार गुप्ता एवं कांस्टेबल विजय कुमार शामिल रहे।

# मारपीट का वारंटी गिरफ्तार, जेल भेजा

**कुशीनगर।** जिले की कुबेरस्थान थाने की पुलिस ने शुक्रवार को मारपीट एवं एससी-एसटी मुकदमे में वारंटी अभियुक्त तैयब पुत्र अब्दुल्लाह निवासी सेखवनिया टोला नरायनपुर थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई दीनानाथ यादव, कांस्टेबल राजेश गुप्ता एवं संजीव कुमार शामिल रहे।

# धर्मांतरण करा रहे चार को पुलिस ने हिरासत में लिया

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। खड्डा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा रुद्धापुर के बहेलियां में एक व्यक्ति के दरवाजे पर एक कार्यक्रम आयोजित कर धर्मांतरण कराने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस धार्मिक पुस्तक बरामद करते हुए धर्मांतरण करा रहे चार व्यक्तियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी है। वहीं इस मामले मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक के कार्यकर्ता भुजौली निवासी सागर ने थाने में तहरीर देकर धर्मांतरण करा रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

खड्डा थाना क्षेत्र के बहेलिया निवासी अयोध्या के घर पर शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गरीब तबके की दर्जनों पुरुष व महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मौजूद कुछ लोग पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने लगे। इसकी भनक हिन्दू संगठनों को लग गयी तो वे मौके पर पहुंच इसका विरोध करते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी।

इस पर एसआई मनोज कुमार द्विवेदी मयफोर्स मौके पर पहुंच गये। धर्मपरिवर्तन कराने में शामिल चार लोगों को धार्मिक पुस्तक के साथ कब्जे में लेकर थाने लाकर तहरीर के आधार पर कार्रवाई में जुटी है। इस संबंध में एसओ दुर्गेश कुमार सिंह का कहना है कि पकड़े गये लोग एक विशेष धर्म का प्रसार प्रचार कर रहे थे। धर्मांतरण कराने का आरोप निराधार है।

# घर में घुसे युवक को लोगों ने पीटा

**जोकवा बाजार।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मधुरिया पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव में गुरूवार की रात एक युवती के घर में घुसे युवक को परिवार के लोगों ने पकड़ लिया और पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक को पकड़ थाने ले गई।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ही गांव पीपरा रज्जब निवासी युवक देर रात बुरी नियत से दूसरे गांव की युवती के घर में घुस गया। घर में घुसते ही परिवार के सदस्यों को जानकारी हो गई जिस पर उन्होंने युवक को पकड़ लिया। परिवार के सदस्य व गांव वालों ने युवक की जमकर पिटाई की और सुबह घटना की सूचना मधुरिया पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही पुलिस युवक को पकड़ कर ले गई। घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा की जा रही है। एसओ आशुतोष सिंह ने बताया कि युवक को थाने पर लाया गया है। पीड़ित परिवार को थाने पर बुलाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# बिहार के कुचायकोट से लापता बालक सकुशल बरामद

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** बिहार के कुचायकोट से लापता 12 वर्षीय बालक को नगर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को रामधाम जंगल विशुनपुरा से सकुशल बरामद कर स्वजन को सौंप दिया। बालक की सकुशल बरामदगी पर स्वजन ने राहत की सांस ली।

कोतवाली पुलिस की टीम सुबह गश्त पर थी। तभी पता चला कि बिहार निवासी एक बालक रामधाम जंगल विशुनपुरा में मौजूद है। पुलिस वहां पहुंच 12 वर्षीय मोहम्मद आसिफ पुत्र साबिर अली निवासी लाइन बाजार थाना फुलवरिया जिला गोपालगंज को सकुशल बरामद कर लिया। आसिफ ने बताया कि वह अपने नाना मनबहार मियां निवासी मतया थाना कुचायकोट जिला गोपालगंज बिहार के यहां रहकर मदरसे में पढ़ता है।

एक सप्ताह पूर्व वह बिना किसी को बताए मदरसे में पढ़ाने वाले मौलवी फैयाज मुहम्मद साथ उनके घर रामधाम जंगल विशुनपुरा चला आया। उधर आसिफ के गायब होने से परेशान मां चांदतारा खातून व नाना ने कुचायकोट थाने में तहरीर देकर बालक के लापता होने की सूचना दी। जिस पर मामला दर्ज कर कुचायकोट की पुलिस उसकी तलाश में थी।

# स्कूल, कालेज के आसपास बढ़ेगा पुलिस का मूवमेंट

**जागरण संवाददाता, पडरौना**: स्कूल, कालेज के आसपास पुलिस की सक्रियता और भी बढ़ेगी। महिला महाविद्यालयों के अलावे उन सभी स्कूल, कालेज के आस-पास अब पुलिस मुस्तैद नजर आएगी, जहां छात्राओं का आना-जाना होता है। छात्राओं को सुरक्षा प्रदान कर भयमुक्त वातावरण तैयार करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसे लेकर यह कदम उठाया गया है।

एक जुलाई को स्कूल, कालेज खुल गए। छात्राएं निर्भीक होकर कालेज व कोचिंग आएं-जाएं इसे लेकर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी व थानेदारों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र स्थित स्कूल, कालेज तथा महिला महाविद्यालय व कोचिंग संस्थानों को चिन्हित कर वहां गश्त बढ़ाएं। हर गतिविधियों पर नजर रखें। कालेज, कोचिंग का रूट चिन्हित करें। इनके खुलने व बंद होने का समय डायरी में दर्ज करें। इन समयों पर विशेष सजगता बरती जाए। आस-पास सादे वर्दी में महिला तथा पुरुष पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं। ताकि इन स्थानों पर छेड़खानी व फब्तियां कसने जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले मनचले पुलिस के हत्थे चढ़ सकें। इन पर गैंगेस्टर व गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जाए। छात्राओं के लिए भयमुक्त वातावरण तैयार करना प्राथमिकता है। इसलिए पूरी मुस्तैदी से इसका अनुपालन कराया जाए। जिससे कि समाज में इसका सकारात्मक प्रभाव हो।

अगर कोचिंग जाने वाली छात्राओं का समय उपयुक्त न हो, बहुत सुबह या देर शाम हो, तो छात्राएं या उनके अभिभावक इसकी सूचना एसपी के नंबर 9454400289 पर दे सकते हैं। पुलिस संबंधित कोचिंग संस्थान से संपर्क कर समय परिवर्तित कराएगी। अगर कोई मनचला किसी छात्रा को परेशान कर रहा हो तो वह इसकी सूचना भी इस नंबर पर दे सकेगी। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित के विरुद्ध सख्त कदम उठाएगी। अभिभावक तथा छात्रा की पहचान गोपनीय रहेगी। एसपी धवल जायसवाल स्कूल, कालेज व कोचिंग खुल गए हैं, इन जगहों पर पुलिस का मूवमेंट और भी बढ़ाया जाएगा। ताकि छात्राओं को किसी तरह की दिक्कत न होने पाए। थानेदारों को इसके कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए गए हैं, लापरवाही पर उनकी जवाबदेही भी तय होगी।

# नगर में चोरी की घटना का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**जासं, पडरौना**:नगर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का पर्दाफाश किया। शातिर के पास से एक तमंचा व कारतूस मिला है। उसकी निशानदेही पर एक गैस कटर, पाइप आदि बरामद हुआ है।

पुलिस उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी राज प्रकाश सिंह सुबह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। नगर के बावली चौक के समीप खड्डा मार्ग पर पुलिस का वाहन देख एक युवक भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा व कारतूस मिला। उसकी पहचान सद्दाम उर्फ मूस उर्फ आफताब निवासी अकबरपुर टोला बढ़वा छापर थाना नेबुआ-नौरंगिया के रूप में हुई। पूछताछ में उसने नगर में हुई चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर उसके घर से एक गैस कटर, पाइप, एक छोटा सिलेंडर बरामद हुआ।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक घायल

**साखोपार**: सोहनरिया ढाला के समीप शुक्रवार को अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। नादह के अंकित पटेल बाइक से जा रहे थे।

# सीओ ने परेड का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जासं, पडरौना**: एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया गया। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने परेड का निरीक्षण कर मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सिपाहियों को नियमित योग, ध्यान करने का निर्देश दिया।

- **कहा,नागरिकों की सुरक्षा व सेवा पुलिस की पहली प्राथमिकता**
- **डायल 112 के वाहनों को देखने के बाद सुव्यवस्थित रहने को कहा**

डायल 112 के वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित उपकरण के साथ सुव्यवस्थित रहने को कहा।

परेड के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीओ को सलामी दी। पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहें, इसलिए सीओ ने उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि परेड में शामिल होने के पूर्व पुलिसकर्मी आवश्यक बातों का पूरा ख्याल रखें। वर्दी साफ-सुथरी हो। अनुशासन पुलिस विभाग की रीढ़ है। इसे बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। परेड के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को शाबासी दी। सीओ ने डायल 112 से वाहनों का निरीक्षण किया। कहा कि मानक के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसमें कमी मिलने पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखें और उनका सुव्यवस्थित ढंग से रख-रखाव सुनिश्चित करें। पुलिस लाइन के अलावा जनपद के सभी थानों में परेड का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान आरआइ रूपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक पर बच्चे को पीटने का आरोप

**जासं, दुद्धी :** विशुनपुरा क्षेत्र के जंगल लाला छपरा के दुबौली बाजार में एक निजी विद्यालय के शिक्षक पर बच्चे की पिटाई का आरोप लगा है। पुलिस ने इसकी जानकारी से इन्कार करते हुए तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई का दावा किया है।

शाहपुर खलवापट्टी निवासी मन्नू कुशवाहा का 14 वर्षीय पुत्र विनय कुमार दुबौली बाजार स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा आठवीं का छात्र है। आरोप है कि शुक्रवार को विनय के साथ पढ़ने वाले कुछ बच्चे उसको अपशब्द कहे तो उसने इसकी शिकायत प्रधानाचार्य से की। इससे नाराज होकर एक शिक्षक विनय की बेरहमी से पिटाई कर दिए। विनय ने घर आकर इसकी सूचना दी।

पिता मन्नू पूछताछ करने विद्यालय पहुंचे तो शिक्षक भड़क उठे और बेटे का अंकपत्र रोक देने की धमकी दी। इस पर विनय को लेकर वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुदही गए, बेटे का मेडिकल करा थाने में तहरीर दी। विद्यालय के प्रबंधक यशवंत कुशवाहा ने कहा कि कक्षा में बच्चे आपस में झगड़ रहे थे। सूचना पर पहुंचे शिक्षक ने दो-दो छड़ी बच्चों की पिटाई कर दी। द्वेषवश तथा बेरहमी से मारने का आरोप निराधार है।

# घर में घुसे युवक की धुनाई, पुलिस के हवाले

**जासं, जोकवा बाजार :** मधुरिया पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव में गुरुवार की रात एक युवती के घर में घुसे एक युवक को परिवार के ही लोगों ने पकड़ जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव पिपरा रज्जब निवासी एक युवक देर रात दूसरे गांव की दलित युवती के घर में घुस गया। परिवार के सदस्य व गांव वालों ने युवक की जमकर धुनाई किया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा कि युवक को पकड़ कर थाने लाया गया है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मतांतरण के चार आरोपित हिरासत में

## हर शुक्रवार को गांव में होती थी प्रार्थना सभा, पुलिस को मिली एक धार्मिक पुस्तक

**जागरण संवाददाता, खड्डा:** क्षेत्र के रुद्रापुर के टोला बहेलिया में शुक्रवार को प्रार्थना सभा की आड़ में मतांतरण होने की सूचना पर पहुंची पुलिस चार व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को मौके से एक धार्मिक पुस्तक भी मिला है।

लोगों का आरोप है कि प्रार्थना सभा की आड़ में लालच देकर गरीब लोगों के मतांतरण का खेल चल रहा था।

बताया जा रहा कि दलित समाज की महिलाएं तथा पुरुष गांव के टुम्मन के दरवाजे पर सुबह 11 बजे एकत्रित हुए। इस बीच बिहार से आए एक व्यक्ति की मौजूदगी में दरवाजे पर ही स्थित झोपड़ी में प्रार्थना सभा का आयोजन शुरू हो गया।

इसकी जानकारी होने पर गांव के लोग आक्रोशित हो उठे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच चार व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। मौके से एक धार्मिक पुस्तक भी मिला। पुलिस सभी को थाने लाई। गांव के लोगों ने बताया कि बिहार से आने वाला व्यक्ति दलित समाज के लोगों को प्रार्थना के माध्यम से जटिल से जटिल रोग समाप्त कराने का भरोसा दिला उन पर मतांतरण का दबाव बनाता था। एसएचओ दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों से पूछताछ चल रही है। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है, जांच के निर्देश दिए गए हैं।

बिहार निवासी व्यक्ति कौन है, और उसका यहां कब से आना-जाना है, इन सब के बारे में जांच पड़ताल कराई जा रही है, जांच के आधार पर मामले में सख्त कार्रवाई होगी।

# छह सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

**पटहेरवा।** हाईवे पर स्थित पटहेरिया चौराहे के दोनों तरफ छह सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी।

ग्राम प्रधान के घर सहित अन्य जगहों को थाने के वाईफाई से जोड़ा गया है। हाईवे पर दुर्घटना और घटनाओं की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पटहेरिया चौराहे से समउर होते हुए बिहार तो दूसरी तरफ से सड़क जिला मुख्यालय से जुड़ती है। बैंक, दुकान सहित अन्य प्रतिष्ठान होने से लोगों की आवाजाही होती है।

ग्राम प्रधान शमसुल हक ने बताया कि गांव में सीसीटीवी कैमरे लगने से पुलिस को जांच में मदद मिलेगी। इसलिए पूरे गांव को सीसीटीवी कैमरों से लैस करने की तैयारी चल रही है। संवाद

# छेड़छाड़ के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**डिबनी बंजरवा।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ चार युवकों ने छेड़छाड़ की।

विरोध करने पर युवकों ने युवती की पिटाई भी कर दी। पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर युवती ने आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

इसके पूर्व युवती ने तमकुहीराज पुलिस को तहरीर दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसएचओ अश्वनी कुमार राय ने बताया कि मामले की जानकारी है। छानबीन की जा रही है। संवाद

# ग्यारह माह बाद मिली किशोरी, कोर्ट में दर्ज होगा बयान

**खड्डा।** ग्यारह माह पहले घर से लापता हुई किशोरी मिल गई है। उसने हनुमानगंज क्षेत्र के एक युवक पर शारीरिक शोषण करने, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

उसका बयान कोर्ट में दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है। खड्डा क्षेत्र की 16 वर्षीय एक किशोरी नौ अगस्त 2021 की रात में घर से लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी।

पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। परिजनों ने बताया कि पांच दिन पूर्व पुलिस ने सूचना दी कि किशोरी को ढूंढ लिया गया है। संवाद

# धर्म परिवर्तन के आरोप में हिरासत में लिए गए चार लोग

## बहेलिया में शुक्रवार को बाइबिल पाठ की सूचना पर पहुंची पुलिस, बिहार के तीन युवक भी शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** क्षेत्र के ग्राम बहेलिया में शुक्रवार को धर्म परिवर्तन के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है।

बिहार और स्थानीय लोगों के समूह के बाइबिल पाठ करने की सूचना किसी ने पुलिस को दी। हिरासत में लिए गए तीन बिहार और एक स्थानीय निवासी हैं। गांव के लोगों का आरोप है कि सभा करके धर्म परिवर्तन के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

खड्डा क्षेत्र के ग्राम सभा रुद्रापुर के टोला बहेलिया दलित बस्ती में शुक्रवार को कुछ लोग पहुंचे। लोगों ने ईसाई धर्म पद्धति से प्रार्थना करने का समारोह आयोजित किया।

इसमें धरनीपट्टी, विशुनपुरा, सेखुई, धनौजी व बहेलिया सहित बिहार प्रांत के महिला, पुरुष व बच्चों सहित 70 से अधिक लोग पहुंचे। यहां पर असाध्य बीमारी, प्रेत बाधा और गरीबी आदि से छुटकारा दिलाने के लिए विशेष प्रार्थना शुरू की गई। सभी के लिए भोजन भी बन रहा था।

इस दौरान गांव के किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी। उसने बताया कि लोगों को बहला-फुसलाकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रयास कराया जा रहा है।



बहेलिया गांव में ईसाई धर्म ग्रंथ के साथ प्रार्थना करती महिलाएं। संवाद

सूचना पर खड्डा पुलिस गांव में पहुंच गई। ईसाई धर्म ग्रंथ के साथ चार लोगों को हिरासत में ले लिया। वहां मौजूद पुरुषों और महिलाओं ने पुलिस को बताया कि वह लोग बिहार के सिंघाड़ी गांव में प्रार्थना के लिए काफी समय से जाते हैं। वहां जाकर पूजापाठ करने से असाध्य रोग, नशा और गरीबी से छुटकारा मिल जाता है। यहां पर भी लोग कोई गलत कार्य नहीं कर रहे हैं। पुलिस बेवजह परेशान कर रही है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक खड्डा दुर्गेश कुमार सिंह का कहना है कि बाइबिल व ईसाई धर्म से संबंधित कुल लोग प्रार्थना सभा कर रहे थे। इनमें चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। लोगों का धर्म परिवर्तन कराए जाने का कोई साक्ष्य अभी नहीं मिला है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2022

## 50 लीटर कच्ची शराब बरामद

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 4 व्यक्तियों केकब्जे से50 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

## शांति भंग की आशंका में18 गिरफ्तार

**महराजगंज।** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखनेके लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका में कुल 18 व्यक्तियोंको सीआरपीसी की धारा 151 केतहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया।

## 130 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)।** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवंअपराधियों परप्रभावी नियंत्रण बनाये रखने केलिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्ह्ति स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 130 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 5 वाहनों से5000 रुपया शमन शुल्क वसूल किया गया ।

# अवैध हेरोईन बरामदगी के मामले में 2 वर्ष10 माह का सश्रम कारावास

**महराजगंज(एसएनबी)।** जनपद के सोनौली थाना क्षेत्र केसुकरौली मोड काली जी मन्दिर केपास वर्ष 2019 मेंचेत नरायन गिरी केपास से110 ग्राम अवैध हेरोईन बरामद हुआ था। इस मामलेमेंदोषी पाये जानेपर अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पाण्डेय ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22बी एवं 8/23 बी केतहत दोवर्ष 10 माह की सश्रम करावास की सजा सुनायी है। साथ ही 10 हजार केअर्थदंण्ड से दंण्डित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी केअनुसार तत्कालीन उप निरीक्षक सोनौली राजेश कुमार मिश्र 30 सितम्बर 2019 कोअपनेहमराहियोंकेसाथ कस्बा सोनौली मेंभ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर सुकरौली मोड काली जी केमंदिर केपास आरोपी चेतनरायन गिरी निवासी वार्ड नं - 7 बुटवल रुपनदेही नेपाल राष्ट्र की जमा तलाशी लेनेपर उसकेपास से 110 ग्राम अवैध हेरोईन बरामद हुआ । इस मामलेमेंमुकदमा पंजीकृत किया गया । साथ ही विवेचक द्वारा न्यायालय मेंआरोप पत्र प्रेषित किया गया। विचारण केदौरान विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र उपाध्याय नेगवाहोंकी गवाही दर्ज कराकर सजा की मांग की । न्यायालय द्वारा पत्रवाली पर उपलब्ध साक्ष्य व सबूतोंकेआधार पर उक्त सजा सुनायी गयी।

# दहेज हत्या के मामले में पति व जेठानी को दस वर्ष का सश्रम कारावास

**महराजगंज(एसएनबी)।** जनपद केकोतवाली थाना क्षेत्र केग्रामसभा करमहांबाबूमें वर्ष2016 में दहेज की बात कोलेकरशाहजहां की हत्या कर दी गयी थी । इस मामलेमेंपति शान अली व जेठानी अंजुम कोदोषी पाये जानेपर अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने भा.द.वि. की धारा 304 बी केतहत दस-दस वर्षकेकठोर कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही साथ 6 हजार रुपयेकेअर्थदण्ड से दंण्डित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी केअनुसार वादी मुकदमा गोरखपुर जनपद केउरवा थाना क्षेत्र केग्राम गजपुर निवासी इद्रीश अहमद ने15 फरवरी 2016 कोकोतवाली थानेमेंरिपोर्टदर्ज कराया की उनकी पुत्री शाहजहा का विवाह 15 दिसम्बर 2014 कोकरमहांनिवासी अलाउद्दीन केपुत्र शान अली से हुई थी । दहेज की बात कोलेकर पति शान अली व जेठानी अंजुम 11 फरवरी की रात मेंउनकी पुत्री कोजलाकर मार डाले। इस सूचना पर कोतवाली मेंभा.द.वि.की धारा 498 ए व 304 बी केतहत मुकदमा पंजीकृत किया गया । साथ ही विवेचक द्वारा न्यायालय मेंआरोप पक्ष प्रेषित किया गया । विचारण के दौरान सहायक शासकीय अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह नेएक दर्जन गवाहोंका साक्ष्य अंकित कराकर सजा की मांग की । न्यायालय द्वारा पत्रवाली पर अंकित साक्ष्य व सबूतोंकेआधार पर उक्त सजा सुनायी गयी।

epaper
हिन्दुस्तान

# तस्करी के सामान संग एक पकड़ा गया

खनुआ। एसएसबी 66वीं वाहिनी के जवानों ने शुक्रवार को तस्करी के जरिए नेपाल भेजी जा रही 38 बोरी यूरिया व दो भारतीय नम्बर की बाइक बरामद किया। कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम के हवाले कर दिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम महेश निवासी नौतनवा बताया।

# जंगल में साखू का पेड़ काटते दो पकड़े गए

पनियरा। बांकी रेंज के चंदनचाफी कंपार्टमेंट में गुरुवार की रात साखू का पेड़ काट रहे दो युवकों को वन कर्मियों ने पकड़ लिया। रेंजर जगदंबा पाठक ने बताया कि पकड़े गए नन्हें व पप्पू निवासी चंदन चाफी बरहवा टांगिया के कब्जे से एक साइकिल व आरा बरामद किया गया। केस दर्ज कर दोनों का चालान कर दिया गया। बताया कि ये दोनों कई अन्य केस में भी वांछित थे।

epaper
हिन्दुस्तान

# तस्करी का सामान लदा पिकअप पकड़ा

खनुआ। एसएसबी की 66वीं बटालियन के हरदी डाली चौकी के जवानों ने गुरुवार की देर शाम खनुआ गांव के नोमेन्स लैंड पीलर 522 पास लावारिस हालत में खड़ी एक पिकअप को पकड़ा है।

पिकअप पर 25 बोरी चीनी व 10 बोरी मटर लदी थी। काफी देर बाद भी जब खड़ी पिकअप का कोई वारिस नहीं आया तो पिकअप को कस्टम विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। कार्यवाहक कमांडेंट तरणीश हंस का कहना है कि पिकअप व सामान को कस्टम को सुपुर्द किया गया है।

# पेड़ काटने के आरोपी का चालान

**पनियरा।** बांकी रेंज के चन्दनचाफी कंपार्ट चार में साखू का पेड़ काटने के आरोप में शुक्रवार को नन्हे एवं पप्पू निवासी चन्दनचाफी बरहवा वनटांगिया को चालान कर दिया गया। एक साइकिल भी बरामद हुई है। संवाद

# 60 शीशी नेपाली शराब बरामद

**परसा मलिक।** असुरैना गांव के पास शुक्रवार को 60 शीशी नेपाली शराब के साथ पकालू उर्फ चीनक निवासी असुरैना टोला मल्लूडीह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने दी। संवाद

# 38 बोरी यूरिया खाद पकड़ी गई

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल बीओपी सुंडी व कस्टम नौतनवां की टीम ने शुक्रवार को सुंडी बगीचे के पास छिपाकर रखे यूरिया खाद व बाइक सहित एक युवक को नौतनवां कस्टम को सौंप दिया। 38 बोरी यूरिया खाद व दो बाइक बरामद हुई है। यह जानकारी सशस्त्र सीमा बल बीओपी सुंडी के उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार ने दी। संवाद

# पति व जेठानी को दस वर्ष का सश्रम कारावास

## दहेज हत्या के मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला

**महराजगंज।** दहेज के लिए शाहजहां की हत्या के मामले में पति शान अली एवं जेठानी अंजुम को दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रमोहन श्रीवास्तव ने दस-दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। छह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। घटना थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्रामसभा करमहा बाबू में वर्ष 2016 में हुई थी। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, वादी मुरदमा इद्रीश अहमद निवासी गजपुर, थाना- उरुवा बाजार गोरखपुर ने 15 फरवरी, 2016 को कोतवाली सदर में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि पुत्री शाहजहां का विवाह 15 दिसंबर 2014 को शान अली, निवासी करमहा बाबू के साथ हुआ था। दहेज के लिए पति शान अली व जेठानी अंजुम ने 11 फरवरी 2016 की रात में शाहजहां को जलाकर मार डाला। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। विवेचक ने चार्जशीट दाखिल की। सहायक शासकीय अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह ने साक्ष्य के आधार पर सजा की मांग की। संवाद

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-07-2022

# चौकी इंचार्ज ने किशोर को चाइल्ड लाइन को सौंपा

घघौवा। परस्सरामपुर थाने के घघौवा चौकी अंतर्गत हाइवे पर गुरुवार की देर रात एक लड़के को अकेले घूमते देख गश्त पर निकले चौकी इंचार्ज अजय कुमार सिंह ने रोक कर पूछताछ किया। उसने अपना नाम-पता असगर (15) पुत्र इम्तियाज निवासी कोड़री थाना परस्सरामपुर बताया।

# दहेज उत्पीड़न के तीन मामलों में 21 पर मुकदमा

बस्ती, निसं। दहेज उत्पीड़न के तीन अलग-अलग मामले में तीन थानों में 21 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। मुकदमा कोतवाली, महिला थाना और कलवारी थाने में दर्ज किया गया है।

कोतवाली पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर छह ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली थाने के परासी गांव निवासी सुमन देवी ने तहरीर दी है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति अरविंद कुमार, ससुर शिवकुमार के अलावा सास इसलावती, देवर सूरज व राम आशीष, ननद माधुरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला थाना पुलिस ने कलवारी थाने के खम्हरिया निवासी मुस्कान की तहरीर पर उसके पति शेर अली, सास मुसुल, ननद रुकसार और देवर शमशेर अली निवासी जगदीशपुर, थाना सिकंदरपुर, जनपद अंबेडकर नगर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता का आरोप है कि पांच लाख रुपए की मांग ससुरालियों ने की थी। पैसों के लिए उसका उत्पीड़न किया जा रहा था।

# कांवड़ियों की सेवा में चार एएलएस एंबुलेंस

- चार सीएचसी व नगरीय क्षेत्र की लगाई गई टीमें
- दो एमएमयू व आठ एम्बुलेंस भी रहेंगी तैनात

बस्ती, निज संवाददाता। कांवड़ यात्रा को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। पहली बार कांवड़ यात्रा के दौरान अत्याधुनिक संसाधनों से लैस एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस लगाई जा रही है। वाहन प्रभारी एसीएमओ डॉ. एसबी सिंह ने बताया कि चार एएलएस की तैनाती की जा रही है। छावनी, फुटहिया, हर्रैया में तैनाती के साथ ही एक एएलएस को जिला अस्पताल में रखा जाएगा। आठ 108 एम्बुलेंस भी लगाई जा रही है।

इसमें से ज्यादातर कांवड़ियों के पड़ाव स्थल व मुख्य स्थानों पर तैनात रहेगी। रास्ते में कहीं भी समस्या होने पर 108 नंबर पर सूचना मिलते ही नजदीकी एम्बुलेंस वहां पहुंचकर मरीज को करीबी अस्पताल पहुंचाएगी। इसके अलावा भदेश्वरनाथ व पुरानी बस्ती स्थित निर्मली कुंड पर एक-एक मेडिकल मोबाइल यूनिट को लगाया जा रहा है। दोनों यूनिट पर चिकित्सक व स्टॉफ पर्याप्त दवाओं के साथ मौजूद रहेंगे। एमएमयू में इलाज की सुविधा होगी। डॉ. सिंह ने बताया कि घघौवा पुलिस चौकी पर सीएचसी परशुरामपुर की मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस तैनात रहेगी। सीएचसी मरवटिया की टीम फुटहिया चौराहा, डारीडीहा व भदेश्वरनाथ में तैनात रहेगी। सीएचसी हर्रैया में पांच टीम बनी है, दो मोबाइल टीम भी बनाई गई है। हर्रैया क्षेत्र के पड़ाव स्थल तहसील मुख्यालय, नेशनल इंटर कॉलेज, ब्लॉक मुख्यालय व जूनियर हाईस्कूल हर्रैया में मोबाइल टीम कैम्प करके सेवाएं देंगी। बहादुरपुर ब्लॉक में दो टीम बनाई गई है। नगरीय क्षेत्र के लिए एक टीम बनाई गई है। कप्तानगंज क्षेत्र में ब्लॉक मुख्यालय, उपकेंद्र तिलकपुर, इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज कप्तानगंज, संतकबीर इंटर कॉलेज कप्तानगंज में एम्बुलेंस की तैनाती रहेगी। इसके अलावा इन जगहों पर मेडिकल टीम भी लगाई जा रही है। कप्तानगंज में एक टीम रिजर्व में भी रखी जाएगी। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित सभी सीएचसी, पीएचसी को कांवड़ मेले के दौरान अलर्ट पर रखा जाएगा। वहां पर चिकित्सकों की मौजूदगी के साथ ही इलाज का व्यापक प्रबंध रहेगा। सीएचसी बनकटी में दो टीमें मुस्तैद रहेंगी।

# युवती को भगाने में केस

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र की एक युवती को बहलाकर भगा ले जाने के मामले में दिनेश निवासी परासी गनवरिया थाना बेलहर कला जिला संतकबीर नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। युवती के पिता ने तहरीर दी है।

# अवैध कब्जे की शिकायत की

बस्ती। डीएम व तहसील दिवस के मौके पर दिए शिकायती पत्र श्री श्याम बहादुर आर्य कन्या इंटर कालेज के सहायक लिपिक पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। यह जमीन विद्यालय के खेल का मैदान है। विद्यालय के प्रबंध संचालक ने भी नियम विरूद्ध अनुबंध कर लिया है। सहायक लिपिक ने डीएम व एसडीएम से विद्यालय की जमीन को खाली कराने की मांग किया है।

# अराजक तत्वों ने प्रतिमा खंडित की, रोष

- शुक्रवार की सुबह पूजा को पहुंचे लोग तो खेत में पड़ी मिली खंडित प्रतिमा
- एसडीएम-सीओ संग पहुंची फोर्स, आक्रोशित लोगों को कराया शांत

नगर बाजार (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। कुछ अराजक तत्वों ने नगर थाना क्षेत्र के महरीपुर गांव के पास स्थित मंदिर में रखा शिवलिंग, नंदी और देवी प्रतिमा खंडित कर दिया। बताया जा रहा है कि गांव के लोग शुक्रवार सुबह पूजा करने पहुंचे तो प्रतिमा गायब थी। खोजबीन करने पर पास के मैदान में शिवलिंग और प्रतिमा फेंकी मिली। कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुटे महकमे के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत कर माहौल को उग्र होने से बचा लिया। आक्रोशित लोगों को शांत कराया। थानेदार नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। अराजक तत्वों का पता लगाया जा रहा है।

एनएच 233 बस्ती-कलवारी मार्ग पर स्थित महरीपुर गांव के पास सड़क के बगल स्थित महामाई का स्थान लोगों की आस्था का केंद्र है। स्थानीय ग्रामीण सुबह शाम यहां पूजा-पाठ करते हैं। शुक्रवार सुबह कुछ लोग पूजा करने पहुंचे तो क्षतिग्रस्त प्रतिमा बगल के खेत में पड़ी देख सन्न रह गए। थोड़ी ही देर में जंगल में आग की तरह यह बात फैल गई। लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। इसी बीच सूचना पाकर एसडीएम सदर शैलेन्द्र दुबे, सीओ कलवारी विनय चौहान, थानाध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, फुटहिया चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गये। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाकर आक्रोशित लोगों को अफसरों ने समझा-बुझाकर शांत कराया। गांव के कुछ लोगों ने वहां दूसरी प्रतिमा रखवाने का प्रबंध करने में जुट गए। महामाई स्थान के पास सीसीटीवी कैमरा लगाने जाने पर भी सहमति बनी।

# मारपीट की घटना में छह थानों में 18 पर मुकदमा

**शिकंजा**

**बस्ती, निज संवाददाता।** मारपीट के छह थानों के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर 18 नामजद व अज्ञात के विरुद्ध वाल्टरगंज, छावनी, गौर, कलवारी, नगर, सोनहा थाने में मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बड़ी बक्सई गांव के चंचल चौधरी ने गांव के छह लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में कहा गया है कि आरोपियों ने उनके बरामदे में साइकिल, चारपाई व लकड़ी लाकर रख दिया। मना करने पर उसे व उसकी बहन सरस्वती को मारापीटा। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने राजदेव, राजकुमार, धीरेन्द्र, राम दीन की बहू, रामदीन की पत्नी और रामदीन की बेटियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

छावनी पुलिस ने बच्चों की रंजिश में मारपीट व धमकी देने के आरोप में रामगढ़ (नारापार) निवासी ज्ञानमती देवी की तहरीर पर बालचंद, रेखा व पूजा के खिलाफ केस दर्ज किया है। गौर पुलिस ने विशुनपुर निवासी शिवपूजन की तहरीर पर गांव के ही अनिल तिवारी पर मारने-पीटने का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी ने अपने भाई के बारे में पूछते हुए मारापीटा। पुलिस ने पुरानी रंजिश में मारपीट के मामले में कड़सरी निवासी वीरेंद्र की तहरीर पर थाना क्षेत्र के गौरा रोहारी निवासी डीएम, अंकित व मंजीत के खिलाफ केस दर्ज किया है। नगर थाने की पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में मंझरिया निवासी शिव कुमार की तहरीर पर उसी गांव के राम चन्दर, सतीश, शिव कुमार और प्रमोद पर केस दर्ज किया है। सोनहा थाने के परसा झुंगिया गांव में आपसी विवाद को के मामले में कलावती देवी पत्नी रमेश चन्द्र की तहरीर पर कसरुन्निशा निवासी औरंगाबाद, थाना कोतवाली, जनपद संतकबीर नगर और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, केस

सल्टौआ। सोनहा थाना क्षेत्र के ककरहिया गांव में गुरुवार की शाम को आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए।

गांव निवासी शिवकुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि गुरुवार की शाम को आपसी रंजिश को लेकर गांव के ही विपक्षी मेवालाल, प्रेमकुमार, माया देवी व राजकुमार ने मुझे व मेरी पत्नी सरिता को व अंजली को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय ने बताया कि घायल की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### लखनऊ, गोरखपुर, गोंडा से बस्ती आने वाले वाहन होंगे डायवर्ट, 26 जुलाई को कांवड़ यात्रा पूरी होने तक व्यवस्था लागू रहेगी

# हाईवे पर आज रात से डायवर्ट होंगे वाहन




बस्ती, निज संवाददाता। गोरखपुर-लखनऊ-गोरखपुर तक बस्ती जिला होते हुए एनएच 28 हाइवे के जरिए आने-जाने वाले वाहन चालक आज शनिवार से मंगलवार 26 जुलाई तक इस रास्ते संभल कर यात्रा करें। क्योंकि कांवड़ यात्रा को लेकर लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन (एनएच 28) 23 जुलाई की रात आठ बजे से 26 जुलाई तक डायवर्ट रहेगा। लखनऊ से बस्ती-गोरखपुर और गोरखपुर से बस्ती वाया लखनऊ की तरफ आने-जाने वाले वाहनों को अलग-अलग रूट से अपनी मंजिल तय करनी होगी।

बस्ती जिला प्रशासन के मुताबिक बस्ती से अयोध्या जाने वाला हाइवे पर सभी वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। बाएं लेन का उपयोग कांवड़िये करेंगे। और दूसरी लेन में आवश्कतानुसार छोटे वाहन (एम्बुलेन्स) आ जा सकेंगे। यह व्यवस्था 26 जुलाई को कांवड़ यात्रा और मेला सम्पन्न होने तक प्रभावी रहेगी। पूर्व में यह डायवर्जन 24 जुलाई की आधी रात से शुरू होकर 27 जुलाई तक लागू होना था। बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर समेत अन्य जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या सरयू नदी से पवित्र जल लेने पहुंचते हैं। बस्ती के बाबा भदेश्वर नाथ मंदिर में करीब पांच लाख से अधिक श्रद्धालु 24 से 26 जुलाई के बीच जलाभिषेक के लिए अयोध्या से जल लेकर फोरलेन के रास्ते पहुंचेंगे। 23 जुलाई की रात आठ बजे से फोरलेन पर बैरिकेडिंग के साथ ही वाहनों का डायवर्जन शुरू कर दिया जाएगा। कोविड 19 के प्रोटोकाल के चलते बीते दो वर्षो से कांवड़ यात्रा पर प्रतिबंध था।

**कांवड़ियों के लिए निर्धारित किए गए रास्ते :** 23 जुलाई से कांवड़िये सरयू नदी अयोध्या नया घाट पुल पर जल भरने जाते हैं। सरयू नदी से जल भर कर पैदल एनएच 28 से घघौवा पुलिस चौकी के रास्ते विक्रमजोत, छावनी, हरैया, कप्तानगंज, नगर, फुटहिया चौराहे से अमहट होते हुए चेतक तिराहा होकर डारीडिहा से बाबा भदेश्वरनाथ मन्दिर जलाभिषेक करने जाते है। पटवा धर्मशाला स्कूल होते हुए दीवानी चौराहे से डीएम आवास व शास्त्री चौराहा होते हुए भदेश्वरनाथ व आरटीओ ऑफिस मूड़घाट, कटरा होते हुए नया मार्ग होते हुए सिविल लाइन कम्पनीबाग से भदेश्वरनाथ की तरफ रवाना किया जाएगा।




## फोरलेन पर डायवर्जन

- अयोध्या से बस्ती एनएच 28 के सभी लिंक रोड वाहनों के लिए प्रतिबन्धित रहेंगे।
- लखनऊ से गोरखपुर के तरफ आने वाले वाहनों को बाराबंकी से रोक कर जरवल रोड, करनैलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए खलीलाबाद से गोरखपुर के लिए डायवर्ट कर दिया जाएगा।
- अयोध्या से बस्ती होते हुए गोरखपुर के तरफ जाने वाले वाहनों को अयोध्या से कटरा से लकड़मंडी थाना नवाबगंज, गोण्डा, डुमरियागंज होते हुए गंतव्य मार्ग के लिए डायवर्ट कर दिया जाएगा।
- गोरखपुर से लखनऊ के तरफ आने वाले सभी वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर मेंहदावल रोड होते हुए बांसी, डुमरियागंज, उतरौला गोण्डा होकर आगे निकाला जाएगा।
- बस्ती से लखनऊ के तरफ जाने वाले वाहनों को बड़ेबन ओवरब्रिज से डायवर्ट कर ओवरब्रिज के नीचे से मनौरी डुमरियागंज के रास्ते आगे को भेजा जाएगा।
- अम्बेडकरनगर से बस्ती के तरफ आने वाले वाहनों को कलवारी चौराहे से गायघाट, कुदरहा, लालगंज होते हुए जनपद संतकबीरनगर होते हुए डायवर्ट किया जाएगा।
- अम्बेडकरनगर की तरफ से बस्ती-लखनऊ के तरफ जाने वाले वाहनों को रामजानकी मार्ग से संतकबीरनगर के तरफ डायवर्ट किया जाएगा।
- बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को फुटहिया, नगर होते हुए कलवारी मार्ग से अम्बेडकर नगर टाण्डा के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए डायवर्ट किया जाएगा।



## बस्ती शहर में रूट डायवर्जन

- शास्त्री चौक/ कलक्ट्रेट चौराहे पर एक बैरियर लगाकर रामचन्द्र शुक्ल तिराहे या कांवड़ियों के रास्ते पर किसी प्रकार का वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। जिनके बस्ती शहर से बाहर जाना है उन्हें मूड़घाट/ बड़ेबन के रास्ते डायवर्ट कर दिया जाएगा।
- पुराना डाकखाना/ कटरा से आने वाले समस्त वाहनों को फव्वारा तिराहा होते हुए रौता के तरफ मोड़ दिया जाएगा। चेतक तिराहे पर बैरियर लगाकर कम्पनीबाग अथवा रामचन्द्र शुक्ल से आने वाले प्राइवेट वाहनों को कम्पनीबाग की तरफ मोड़ दिया जाएगा।
- फौव्वारा तिराहा से कोई वाहन कम्पनीबाग के तरफ नहीं जाएगा। गड़गोड़िया तिराहा, काशीराम आवास से कोई भी वाहन डारीडीहा के तरफ नही जाएगा। सभी वाहनों को अस्पताल चौराहा से सोनूपार की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।
- सोनूपार तिराहा से कोई भी वाहन डारीडीहा के तरफ नहीं जाएगा। समस्त वाहनों को अस्पताल के तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। कांवड़ियों के वाहन को सोनूपार तिराहे के पास स्थित बाग में पार्क कराया जाएगा।

## कांवड़ियों के वाहनों की यहां होगी पार्किंग

- आईटीआई कॉलेज ग्राउण्ड
- केडीसी कॉलेज ग्राउण्ड
- भूअर काली मन्दिर के पास रामधनी चौधरी की खाली जमीन
- मिश्रौलिया स्टेट के आगे प्रकाष्ठ डिपो वन विभाग
- सोनूपार चौकी के पास स्थित बाग
- ग्राम राजाचक में खाली जमीन
- चांदमारी के पास (दो पहिया वाहनों के लिए)
- मोहटा चौराहे के पास (नगर के तरफ से आने वाले वाहनों के लिए)

## यहां स्थापित हुआ कण्ट्रोल रूम

अमहट घाट, डारीडिहा चौराहा, भदेश्वरनाथ मन्दिर, कड़र खास मन्दिर

## सुरक्षा में तैनात हुई फोर्स

कांवड़ यात्रा व मेले के दौरान भदेश्वरनाथ मन्दिर पर जलाभिषेक के लिए दो अपर पुलिस अधीक्षक, दस पुलिस उपाधीक्षक, 35 निरीक्षक, 280 उप निरीक्षक, 25 महिला उप निरीक्षक, आठ यातायात उप निरीक्षक, 1100 हेड कांस्टेबल, 250 महिला कांस्टेबल, 1.5 कम्पनी पीएसी, 05 एफटी, 40 टीपी लगाए गए हैं।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस चौकस, हाईवे का लिया जायजा



कांवड़ यात्रा को लेकर राजमार्ग का जायजा लेते सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय •जागरण

**जासं अमोढ़ा, बस्ती :** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस चौकस है। शुक्रवार को सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर तिवारी, चौकी प्रभारी विक्रमजोत योगेंद्र कुमार के साथ हाईवे का जायजा लिया।

- **पुलिस ने छह स्थानों पर की सरयू नदी के जल की व्यवस्था**
- **राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे ग्रामीणों से शांति बनाने की अपील**

सीओ ने एनएचएआइ कर्मियों को फोरलेन पर बने कट को बंद कराने का निर्देश दिया। बताया कि छावनी थाना क्षेत्र में कांवड़ियों के सहयोग और सुरक्षा के लिए पांच स्थानों पर पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगे। छावनी थाने पर एक मोबाइल दस्ता तैनात रहेगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में कांवड़ियों के पांच पड़ाव बनाए गए हैं। अमोढ़ा के झारखंडी शिव मंदिर व देवखर गांव स्थित शिवालय पर तेरस को शिव का जलाभिषेक होगा। यहां मेला भी लगेगा। ऐसे में वहां पुलिस बल की तैनाती होगी। अयोध्या से जैसे ही कांवड़ियों का प्रवेश जनपद में होगा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। विशेष पुलिस अधिकारियों द्वारा कांवड़ियों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। वहीं होटल व ढाबा संचालकों को दुकान के बाहर रेट लिस्ट लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें अपने सीसीटीवी कैमरे को 24 घंटा चालू रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे गांव के लोगों से शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की है। बताया कि सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए वाट्सएप ग्रुप, डीजे संचालक, गांव के कांवड़िया समूह व प्रधानों को जोड़ा गया है। अगर किसी कांवड़ यात्री का जल रास्ते में कहीं छूट जाता है तो उसके लिए विशेष तौर पर सरयू नदी का जल मंगवा कर छह स्थानों पर रखवाया जाएगा, जिससे उन्हें कोई असुविधा न हो।



# आज रात आठ बजे बंद हो जाएगा फोरलेन पर वाहनों का संचालन

## कांवड़ यात्रा को देखते हुए 25 और 26 को **बंद रहेंगे स्कूल-कालेज,** 27 को वाहनों के लिए खोला जाएगा बस्ती-लखनऊ फोरलेन

**जासं.बस्ती :** कांवड़ियों के लिए बस्ती-लखनऊ फोरलेन पर वाहनों का संचलन शनिवार 23 जुलाई की रात आठ बजे बंद कर दिया जाएगा। 27 जुलाई की सुबह इसे वाहनों के लिए खोला जाएगा। इस तरह चार दिन यह हाईवे कांवड़ यात्रा के चलते बंद रहेगा। कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर फोरलेन पर पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है।

बस्ती जनपद मुख्यालय से सात किमी दूर प्राचीन भद्रेश्वरनाथ धाम में श्रावण मास के तेरस पर्व के दिन पांच लाख से अधिक कांवड़िया जलाभिषेक करने पहुंचेंगे। कांवड़िया 22 जुलाई की शाम से ही निकलने लगे हैं। शनिवार को दोपहर तक फोरलेन पर इनकी संख्या बढ़ जाएगी। इसे देखते हुए फोरलेन को बंद करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पैदल, साइकिल और बाइक से हर हर महादेव के नारे लगाते हुए कांवड़िया अयोध्या में सरयू नदी का जल लेने जाएंगे। कांवड़िया 24 जुलाई की शाम से लौटेंगे और 25 जुलाई की शाम तक बस्ती वापस पहुंचेंगे। 26 जुलाई को तेरस पर्व के दिन सुबह से लेकर शाम तक कांवड़िया भद्रेश्वरनाथ मंदिर में जल चढ़ाएंगे।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग से लेकर मंदिर परिसर तक सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। कांवड़िया जल लेने के लिए बायीं लेन से होकर जाएंगे। दायीं तरफ के लेन से जरूरी छोटे वाहन और एम्बुलेंस आ जा सकेंगे। फोरलेन के सभी लिंक मार्गों पर कांवड़ यात्रा के दौरान आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। लखनऊ से बस्ती की ओर आने वाले वाहनों को बाराबंकी से जरवल रोड, कर्नलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए खलीलाबाद से गोरखपुर के लिए डायवर्ट कर दिया जाएगा। अयोध्या से बस्ती होते हुए गोरखपुर की ओर जाने वाले वाहनों को अयोध्या से कटरा-नवाबगंज, गोण्डा, डुमरियागंज होते हुए गंतव्य मार्ग के लिए डायवर्ट किया जाएगा। गोरखपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर बखिरा-बांसी, डुमरियागंज, उतरौला, गोण्डा होकर आगे जा सकेंगे।

**दो दिन बंद रहेंगे जिले के स्कूल :** कांवड़ यात्रा को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने 25 और 26 जुलाई को प्राइमरी से लेकर इंटर तक के स्कूल बंद रहेंगे। बताया कि इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा.इंद्रजीत प्रजापति और जिला विद्यालय निरीक्षक डीएस यादव को निर्देश दे दिए गए हैं। डीएम ने बताया कि 26 जुलाई को तेरस पर्व के दिन अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।



अयोध्या जल भरने जाते कांवड़िये •जागरण



ट्रक पर सवार होकर जाते कांवड़िये •जागरण



अयोध्या से जल लेकर लौटते कांवड़िये •जागरण

# प्रताड़ित करने का आरोप, मुकदमा

**बस्ती :** परासी गांव स्थित पिता के घर रहने वाली सुमन पुत्री स्व. नेवारू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया, मारने की धमकी देते हुए 26 जून को घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति अरविंद, शिवकुमार, सास इसलावती, सूरज आदि पर केस दर्ज किया है।

# खाते से रुपये निकालने में दो नामजद

**बस्ती।** जालसाजी करके बैंक खाते से 39 हजार तीन सौ रुपये निकाल लेने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

इस संबंध में चौकड़ी निवासी अब्दुल वफा ने तहरीर दी। एसओ उमाशंकर तिवारी ने बताया कि अब्दुल वफा का इंडियन बैंक डुहवा मिश्र शाखा में खाता है। आरोप है कि इसी थाने के डुहवा मिश्र निवासी आर्दश मिश्र उर्फ विनय और मल्लूपुर निवासी अरविन्द मिश्र ने धोखे से रुपये निकाल लिए। संवाद

# युवती को भगा ले जाने पर मुकदमा

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र की एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में दिनेश निवासी परासी गनवरिया थाना बेलहर कला जिला संतकबीरनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में युवती के पिता ने तहरीर दी है। संवाद

# पत्नी को पीटने पर मुकदमा

**बस्ती।** शराब पीकर पत्नी को मारने-पीटने के मामले में मुंडेरवा पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में सुकाली पुरवा बरडाड़ निवासी अंतिमा चौधरी ने अपने पति शिव प्रसाद के विरुद्ध तहरीर दी। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में चार गिरफ्तार

पैकोलिया। पुलिस ने थानाक्षेत्र के चार लोगों को शांतिभंग की आशंका के तहत गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि श्याम सुंदर यादव निवासी बस्थनवा, राम लाल निवासी तेलीयाडीह, महेश निवासी कठौतिया सावरी और गुरु प्रसाद निवासी पिकौरा पर यह कार्रवाई की गई है। सभी को न्यायालय भेजा गया है। संवाद

# मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

सोनहा। थाना क्षेत्र के ककरहिया गांव के शिवकुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि बृहस्पतिवार शाम सात बजे रंजिश को लेकर गांव के ही मेवालाल, प्रेम कुमार, माया देवी, राजकुमार ने अपशब्द कहते हुए मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी।

झगड़ा सुनकर छुड़ाने गई अंजलि को भी उक्त लोगों ने मारापीटा। चोटिलो का मेडिकल सीएचसी भानपुर में कराया गया। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शंशाक शेखर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मेवालाल, प्रेम कुमार, माया देवी व राजकुमार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। संवाद

# मारपीट के अलग-अलग मामलों में 18 लोगों पर मुकदमा दर्ज

## पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामलों की शुरु की तहकीकात

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** मारपीट के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर 18 नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इनमें वाल्टरगंज, छावनी, गौर, कलवारी, नगर, सोनहा थाने में यह मुकदमे दर्ज किए गए हैं। वहीं, मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने तहकीकात शुरू कर दी है।

वाल्टरगंज थाने के बड़ी बक्सई गांव के चंचल चौधरी ने गांव के छह लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि आरोपियों ने उनके बरामदे में साइकिल, चारपाई व लकड़ी लाकर रख दिया। मना करने पर चंचल चौधरी और उसकी बहन सरस्वती को मारापीटा। जान से मारने की धमकी भी

**वाल्टरगंज, छावनी, गौर, कलवारी, नगर, सोनहा थाने में दर्ज किए गए हैं केस**

दी। पुलिस ने राजदेव, राज कुमार, धीरेन्द्र, राम दीन की बहू, रामदीन की पत्नी और रामदीन की बेटियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं, छावनी पुलिस ने बच्चों की रंजिश में मारपीट व धमकी देने के आरोप में रामगढ़ (नारापार) निवासी ज्ञानमती देवी की तहरीर पर बालचंद, रेखा और पूजा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गौर पुलिस ने विशुनपुर निवासी शिवपूजन की तहरीर पर गांव के ही अनिल तिवारी के विरुद्घ मारने पीटने का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने अपने भाई के बारे में पूछते हुए मारापीटा।

कलवारी पुलिस ने पुरानी रंजिश में मारपीट के एक मामले में कड़सरी निवासी वीरेंद्र की तहरीर पर इसी थाने के गौरा रोहारी निवासी डीएम, अंकित व मंजीत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं नगर थाने की पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में मंझरिया निवासी शिव कुमार उर्फ अक्कू की तहरीर पर उसी गांव के राम चन्दर, सतीश, शिव कुमार और प्रमोद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

उधर, सोनहा थाने के परसा झुंगिया गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट के मामले में कलावती देवी पत्नी रमेश चन्द्र की तहरीर पर कसरुन्निशा पुत्री रईश निवासी औरंगाबाद थाना कोतवाली जनपद संतकबीरनगर और तीन व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्घ मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न के तीन मामलों में ससुरालियों पर मुकदमा

## पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर शुरू की तफ्तीश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की है। यह मामले कोतवाली, महिला थाना और कलवारी थाने में दर्ज किए गए।

कोतवाली पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के एक मामले में पीड़िता की तहरीर पर छह ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में कोतवाली थाने के परासी निवासी सुमन देवी ने तहरीर दी। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अरविंद कुमार (पति), शिवकुमार (ससुर) के अलावा सास इसलावती, देवर सूरज, राम आशीष, ननद माधुरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कलवारी, महिला थाना व कोतवाली थाने का मामला

वहीं, महिला थाना पुलिस ने कलवारी थाने के खम्हरिया निवासी मुस्कान की तहरीर पर उसके पति शेर अली, सास मुसुल, ननद रुकसार और देवर शमशेर अली निवासी जगदीशपुर थाना सिकन्दरपुर जनपद आंबेडकर नगर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि उक्त लोगों ने पांच लाख रुपये दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न किया।

इसी प्रकार के एक और मामले में कलवारी पुलिस ने विश्वनाथपुर जनपद संतकबीर नगर निवासी मंशादेवी की तहरीर पर उसके पति संतोष कुमार, ससुर धर्मेंद्र, सास साधना, ज्येष्ठ आशुतोष, देवर राहुल कुमार, जेठानी नीलू पत्नी आशुतोष, ननद गुड़िया, रुचि, विद्या व पूजा निवासी विश्वनाथपुर व फूफा पुरुषोत्तम निवासी नाथनगर थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# शरारती तत्वों ने प्रतिमा खंडित कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की

## महरीपुर गांव के पास महामाई मंदिर में पूजा करने पहुंचे श्रद्धालु तो हुई जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर बाजार (बस्ती)।** कांवड़ मेले की गहमागहमी के बीच शरारती तत्वों ने नगर थानाक्षेत्र के महरीपुर गांव के पास स्थित मंदिर में रखे शिवलिंग, नंदी और देवी प्रतिमा को खंडित कर दिया।

गांव के लोग शुक्रवार सुबह पूजा करने पहुंचे तो सभी प्रतिमाएं गायब मिली। खोजबीन करने पर मंदिर के बगल के खेत में शिवलिंग और प्रतिमा फेंकी मिली।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत कर माहौल को उग्र होने से बचा लिया। एसओ नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि प्रकरण की छानबीन की जा रही है।

बस्ती कलवारी मार्ग पर स्थित महरीपुर के पास सड़क के बगल स्थित महामाई का स्थान लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। लोग सुबह शाम वहां पूजा-पाठ करते हैं। शुक्रवार सुबह कुछ लोग पूजा करने पहुंचे तो क्षतिग्रस्त प्रतिमा बगल के खेत में मिली। थोड़ी ही देर में यह बात फैल गई। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई।



नगर थाना क्षेत्र के महरीपुर मे मूर्ति तोड़ने की सूचना पाकर मौके पर पहुँचे सीओ कलवारी व एसडीएम सदर शैलेश दूबे। संवाद

### मंदिर के बगल के खेत में पड़ा मिला शिवलिंग, नंदी व अन्य प्रतिमा

इसी बीच सूचना पाकर सीओ कलवारी विनय चौहान, एसडीएम सदर शैलेन्द्र दुबे, थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी व फुटहिया चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पहुंच गए। उग्र हो रहे लोगों को अधिकारियों ने समझा बुझाकर शांत कराया। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। गांव के कुछ लोगों ने वहां दूसरी प्रतिमा रखवाने का प्रबंध करने में जुट गए।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2022

## संक्षिप्त खबरें

# वाहनों के रूट में किया गया डायवर्जन

**सिद्धार्थनगर।** श्रावण मास के अवसर पर जनपद बस्ती में होने वाली कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत 23 से 26 जुलाई तक भारी वाहनों के आवागमन रूट डायवर्जन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि गोरखपुर, कैम्पियरगंज, मेहदावल की तरफ से आने वाले वाहन खेसरहामाधव तिराहा, कस्बा बांसी,पुलिस बूथ, कस्बा बांसी,पथरा बाजार,बैदौला चौराहा, कस्बा डुमरियागंज, बेवा तिराहा ,भड़रिया बार्डर होते हुये बलरामपुर की तरफ जायेंगे। इसी प्रकार गोण्डा की तरफ से आने वाले वाहन भड़रिया बार्डर,बेवा तिराहा, डुमरियागंज बैदौला चौराहा, कस्बा डुमरियागंज ,पथरा बाजार, पुलिस बूथ,कस्बा बांसी, माधव तिराहा कस्बा बांसी, खेसरहा से मेहदावल, कैम्पियरगंज होकर गोरखपुर जायेंगे। बांसी से बस्ती की तरफ भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

# रास्ता विवाद, मौके पर पहुंची पुलिस

**बांसी।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम बलुआ में शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने गांव में पहुंच रास्ते के विवाद को लेकर उत्पन्न विवाद को सुना तथा दोनों पक्षों से शांति बनाये रखने की अपील किया। मौके पर पहुंच कर उन्होंने सारी स्थिति का आकलन किया। उन्होंने ग्रामीणों से भी मामले की जानकारी लिया।

# कौतूहल का विषय बना चिप वाला गिद्ध

इटवा (एसएनबी)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम पकरैला के सीवान में शुक्रवार को सुबह चिप लगा मरा हुआ एक गिद्ध दिखाई दिया। जो कौतूहल का विषय बना हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग ने उसका



पीएम कराकर सूचना उच्चाधिकारियों को भेज दिया है।

ग्राम पकरैला के कुछ लोगों ने खेत मे घायल अवस्था मे चिप लगा हुआ एक गिद्ध देखा। कुछ ही देर में इसकी मौत भी हो गई इसे देखने के लिए आस पास के लोग भारी संख्या में इकट्ठा हो गये। जानकारी मिलने पर वनक्षेत्राधिकारी इटवा नंदलाल तथा प्रभारी निरीक्षक कठेला समयमाता सौदागर राय मौके पर पहुंचकर गहनता से इसकी जांच किये।

## नेपाल में यूके की संस्था गिद्ध पर कर रहा रहा शोध : डीएफओ

इटवा । ग्राम पकरैला के सीवान में मिले चिप वाले गिद्ध के बारे में जानकारी देते हुए डीएफओ सिद्धार्थनगर चन्द्रेश्वर सिंह ने बताया कि पड़ोसी देश नेपाल में यूके की संस्था द्वारा बिलुप्त हो रहे गिद्ध पर शोध किया जा रहा है। इसे लेकर ही गिद्ध के शरीर पर चिप और लोकेशन ट्रांसमीटर लगाते हैं। जिससे इस पक्षी की गतिविधि और भ्रमण के बारे में जानकारी शोधकर्ताओं को प्राप्त होता रहे। ग्राम पकरैला में मिले गिद्ध के उपकरण को सुरक्षित रखा गया है। उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना भेज दी गई है। इस पक्षी से सुरक्षा में सेंध जैसी कोई संभावना नहीं है।

वनक्षेत्राधिकारी ने बताया कि इसका पीएम कराने के बाद उच्चाधिकारियों को सूचना भेज दिया गया है। गिद्ध बिलुप्त पक्षियों की श्रेणी में है। इसका अध्ययन करने के लिए इसके कान मे कोड वाला चिपं व अन्य उपकरण लगाया गया है। विद्युतस्पर्शाघात से इसकी मौत हुई है। जांच का कार्य अभी जारी है। यह गिद्ध कहाँ से आया तथा इसके शरीर पर क्या क्या उपकरण लगे थे। इसका उत्तर जानने के लिए क्षेत्र के लोग उत्सुक हैं। यह जनपद पड़ोसी देश नेपाल की सीमा से सटा हुआ है। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा भी इसकी जांच किया जाना आवश्यक है।

# गिद्ध के पीठ पर लगे इलेक्ट्रानिक उपकरण से सहमे लोग

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। कठेला थाना क्षेत्र के पकरैला गांव के सीवान में शुक्रवार को करंट की चपेट में आकर मरा पड़ा गिद्घ मिला है। गिद्घ के पीठ पर ट्रांसमीटर, जीपीएस, टैग के साथ अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण लगा है। पीठ पर बंधे उपकरण से जासूसी पंक्षी होने की आशंका जताई जा रही है। वन विभाग व पुलिस की टीम गिद्घ के शव को कब्जे में लेकर इटवा वन रेंज कार्यालय ले गई है। टीमों ने पंक्षी जासूसी जैसे किसी भी मामलों से गिद्घ के जुडे.होने की बात से इंकार किया है। टीम ने बताया कि शोध के लिए गिद्घों पर जीपीएस आदि उपकरण लगाए जाते हैं।

पकरैला के कुछ ग्रामीण शुक्रवार सुबह में गांव के पश्चिम तरफ स्थित सिवान में शौच आदि के लिए गए हुए थे। सड़क के किनारे बिजली तार के नीचे करंट की चपेट में आकर मरा पड़ा



शुक्रवार को मृत मिला गिद्घ ट्रांसमीटर, जीपीएस, टैग के साथ अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण से लैस है।

हुआ गिद्घ दिखाई दिया। उसकी पीठ पर ट्रांसमीटर, जीपीएस, टैग के साथ अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण देखकर ग्रामीण सहम गए। इसकी खबर गांव में पहुंची तो मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। लोग पंक्षी जासूसी के मामले से जोड़कर तमाम तरह की आशंका जताने लगे। इस दौरान किसी ने इसकी सूचना मुकामी पुलिस व वन विभाग को दे दी।

मौके पर पहुंचे वन कर्मी व पुलिस टीम ने गिद्घ के शव को अपने कब्जे में लेकर वन रेंज कार्यालय इटवा चले गए। वन क्षेत्राकिारी नन्दलाल बताया कि मृत मिले गिद्घ के बारे में जरूरी सूचनाएं उच्चाधिकारियों को दे दी गई। गिद्घ के शव के पोस्टमार्टम के लिए टीम गठित की गई। पोस्टमार्टम के बाद उसे दफना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विलुप्त हो रहे गिद्घ पर तमाम शोध चल रहे हैं।

इंडिया की बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी, नेपाल के चितवन बर्ड/गिद्घ रिसर्च नेशनल पार्क व उत्तराखंड की कुछ संस्थाएं गिद्घों पर शोध कर रही हैं। गिद्घों को पकड़कर अत्याधुनिक उपकरण लगा दिए जाते हैं। इससे उनके जीवन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां मिल जाती है। पकरैला में मिला गिद्घ शोध का हिस्सा हो सकता है। इंस्पेक्टर कठेला सौदागर राय ने बताया कि मृत मिले गिद्घ का संबंध किसी जासूसी या किसी संदिग्ध कार्यवाही से संबंधित नहीं है। यह मामला गिद्घों पर हो रहे शोध से जुड़ा हुआ है।

# एसपी ने परेड व पुलिस लाइंस का किया निरीक्षण



पुलिस लाइंस में शुक्रवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने परेड का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस के साथ परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने जवानों से चुस्त-दुरुस्त रहने के साथ साफ-सफाई का निर्देश दिया।

परेड का निरीक्षण करने के बाद एसपी ने थानों से आई चार पहिया वाहनों, पीआरवी वाहनों, बाइक के आवश्यक उपकरणों को देखा। उन्होंने पुलिस कैंटीन, व्यायामशाला, क्वार्टर गार्ड, गोदाम, भोजनालय आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान सीओ बांसी /लाइंस देवी गुलाम, आरआई भूथनाथ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सेल के सिपाहियों का तबादला

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनंद ने न्यायालय सम्मन सेल में तैनात छह हेड कांस्टेबल व दो कांस्टेबल का शुक्रवार को तबादला कर दिया है। दो की रोडिया शाखा, दो को पुलिस कार्यालय सम्मन सेल व बाकी को थानों का सहायक पैरोकार बनाया है।

# स्कूल में हुई चोरी का सामान बरामद दो गिरफ्तार

भनवापुर, हिन्दुस्तान संवाद। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के विद्यालय वीरपुर एहतमाली में 12 मई को हुई चोरी की घटना का खुलासा शुक्रवार को पुलिस ने कर दिया है। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का माल बरामद कर लिया गया है।

चोरों ने लैपटाप, म्यूजिक सिस्टम, खेल सामग्री सहित अन्य पर हाथ साफ किया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस खुलासा करने में लगी थी। गिरफ्तार करने वालों में एसआई अजय सिंह, सज्जाद अंसारी आदि शामिल रहे।

# एमवी एक्ट में 30 वाहनों का किया चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस द्वारा शहर के सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा पर वाहन चेकिंग अभियान शुक्रवार को चलायागया। यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 30 वाहनों को चालान किया गया। वाहन स्वामियों से 31500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# फर्जी दस्तावेज पर बैनामा, तीन पर मुकदमा दर्ज

**जासं, शोहरतगढ़:** शोहरतगढ़ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फर्जी दस्तावेज दिखा कर जमीन बैनामा कराने के मामले में तीन के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। तीनों आरोपितों का नाम थाना क्षेत्र के गजहड़ा निवासी यार मोहम्मद, आसिफ जमाल व अब्दुल हन्नान है।

शिकायतकर्ता गजहड़ा निवासी अब्दुल मोमिन ने बताया कि चार फरवरी को शोहरतगढ़ तहसील में गाटा संख्या 85, 86, 87 में मेरे हिस्से का रकबा 0.377 हेक्टेयर विक्रय मूल्य का छह लाख रुपये का मेरे खाते में फर्जी जमा पर्ची दिखा कर बैनामा करा लिया है। जब मैं खाता चेक कराया तो खाते में रुपये नहीं आये थे। आरोपितों ने कहा कि सर्वर की खराबी होने के कारण खाते में इंट्री नहीं दिख रहा है। कई दिन तक खाता चेक करता रहा, लेकिन पैसा नहीं आया। थाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसओ जय प्रकाश दुबे ने बताया कि तीन के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

# सात जुआरी जुआ खेलते गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़-चिल्हिया मार्ग पर 21 जुलाई की आधी रात एक अर्धनिर्मित मकान में हुई छापेमारी में सात जुआड़ी ताश खेलते गिरफ्तार किए गए हैं। इसमें छह जुआड़ी शोहरतगढ़ कस्बा व एक चिल्हिया क्षेत्रा का निवासी हैं। मुखबिर की सूचना पर हुई छापेमारी में सभी पकड़े गए हैं। इनके पास से पुलिस ने 40 हजार रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया है। इसमें कई के फरार होने की सूचना है।

थानाध्यक्ष जयप्रकाश दूबे ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर ने चिल्हिया मार्ग पर शिवशंकर ढाबा के आगे छतहरा गांव के अर्धनिर्मित मकान में बड़े स्तर पर जुआ चलने की सूचना दी।

गिरफ्तारी के बाद धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# घर छोड़ कर भाग रही किशोरी को बचाया

खुनुवां। भारत-नेपाल सीमा पर शुक्रवार को कपिलवस्तु जिले के चार नंबर निवासी एक किशोरी संदिग्ध हाल में एसएसबी जवानों को दिखी। किशोरी सीमा पार कर एक लड़के के बहकावे में आकर घर से भाग रही थी। पूछताछ में जानकारी होने पर जवानों ने किशोरी को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया।

एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक दीपांकर मंडल व आरक्षी पवन कुमार, संजू कुमार, रंजन ओझा सीमा चेक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहे थे। तभी इन्हें नेपाल से एक किशोरी के भागने की सूचना मिली। एसएसबी जवानों की सख्ती से नेपाल के कपिलवस्तु जिले के थाना जेहादी कुपवा के एक गांव निवासी 11 वर्षीय किशोरी को संदिग्ध हाल में सीमा पार करते दिखी।

दो आरोपी गिरफ्तार

# गिद्ध के शरीर से मिला जीपीएस, ट्रांसमीटर व टैग

## पकरैला गांव में मिला गिद्ध, वन विभाग कार्यालय में हुआ पोस्टमार्टम, सुरक्षित रखा जाएगा बिसरा

**जासं, बढ़या** : कठेला समय माता थाना के पकरैला गांव के खसेत में शुक्रवार की सुबह गिद्ध मृत अवस्था में मिला। उसके पंख पर पीले रंग का टैग, गले के नीचे पेट के पास जीपीएस व ट्रांसमीटर लगा था। जीपीएस पर कोड भी अंकित मिला है। उसे देखने के लिए मौके पर ग्रामीण जुट गए। पुलिस की सूचना पर वन विभाग ने गिद्ध के शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू की। वहीं सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। इलेक्ट्रानिक संयंत्र की जांच शुरू कर दी है। गिद्ध के गले में टैग व ट्रांसमीटर लगे होने की खबर फैल गई।

ग्रामीणों ने बताया कि यह पक्षी हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना स्थल पर पहुंची वन विभाग की टीम मृत पक्षी को अपने साथ क्षेत्रीय वन कार्यालय इटवा ले गई।

- **पश्चिम बंगाल में मिलते हैं सफेद पीठ प्रजाति के यह गिद्ध**
- **जांच में जुटी सुरक्षा एजेंसियां, बढ़ाई गई सतर्कता**

**"वन विभाग ने जांच शुरू कर दी है। सफेद पीठ गिद्ध प्रजाति का था। अधिकांशत: यह प्रजाति पश्चिम बंगाल क्षेत्र में पाई जाती है। नेपाल में गिद्ध की कई प्रजाति पर शोध कार्य हो रहा है। वहां कई राष्ट्र के पक्षी शोधकर्ता इसपर काम कर रहे हैं। संभावना है कि वहां से उड़ते हुए वह यहां पहुंच गया हो। इलेक्ट्रानिक संयंत्र के संबंध में पुलिस व अभिसूचना इकाई को बता दिया गया है।**

**चंदेश्वर सिंह**, डीएफओ



मौके पर पुलिसकर्मियों के साथ ग्रामीणों की भीड़ ● **जागरण**



गिद्ध के शरीर पर लगे इलेक्ट्रानिक संयंत्र ● **जागरण**

पशु चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। इसके बिसरा को सुरक्षित रखा जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद शरीर के अंग शोधकर्ताओं के पास भेजे जाएंगे। जिसमें अन्य सभी संभावनाओं को देखते हुए जांच की जाएगी।

# दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई में देरी पर एसपी ने मांगी रिपोर्ट

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** दुष्कर्म के मामले में पुलिस की कार्रवाई में हुई देरी पर एसपी अमित कुमार आनंद ने सीओ इटवा रमेश चंद्र पांडेय से रिपोर्ट तलब की है। सीओ ने एसपी को उपलब्ध करायी गयी जांच रिपोर्ट में कहा कि संबंधित घटना में न सिर्फ अगले दिन सुबह मुकदमा दर्ज किया गया, बल्कि आरोपित को घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया है।

इटवा थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय बच्ची के साथ 17 जून की देर रात दुष्कर्म की घटना हुई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 18 जून को मुकदमा दर्ज किया था। बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे उसे इलाज के लिए माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर पीड़िता को गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर किया गया। हालत में सुधार होने पर उसका बयान कोर्ट में 27 जून को दर्ज कराया गया। इसी दिन सीडब्ल्यूसी को घटना से अवगत कराया गया। एसपी ने बताया कि जांच रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है। यदि इस प्रकरण में किसी की लापरवाही मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चाय पर चौकीदारों का हौसला बढ़ा रही पुलिस

**जागरण संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर** : जो सम्मान चौकीदारों को पहले नहीं मिला, वह वर्तमान सरकार में मिलने लगा है। अब पुलिस के अधिकारी ग्राम प्रहरी (चौकीदार) के यहां सुबह चाय पर भी पहुंचने लगे हैं। छोटे अपराध बड़े न हो जाएं, इसमें चौकीदारों की भूमिका अहम होती है। किसी भी विवाद की पहली सूचना पुलिस तक यही पहुंचाते हैं।

इनकी जिम्मेदारी तो बड़ी है, पर इन्हें महकमे से वह सम्मान व साहस नहीं मिल पाता था जो इन्हें मिलना चाहिए। अब चाय पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से इनका हौसला बढ़ा रहा है। चौकीदारों के घर पुलिस अधिकारी पहुंच कर चाय पी रहे हैं। क्षेत्र की तमाम गतिविधियों पर चर्चा कर रहे। बेहतर कार्य पर उन्हें पुलिस अधिकारी पुरस्कृत व सम्मानित भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत सीओ डुमरियागंज अजय कुमार श्रीवास्तव के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम गौरी पाठक के ग्राम प्रहरी तौलू प्रसाद के घर पहुंचे। उनसे हाल चाल पूछा और चाय पीते हुए क्षेत्र की तमाम गतिविधियों के विषय में जानकारी हासिल की। चर्चा में ग्राम प्रहरी के कार्यों को और ज्यादा बेहतर बनाए जाने हेतु विचार विमर्श किया। साथ ही कहा कि आप पुलिस विभाग के सबसे अभिन्न अंग हो। आपकी सही सटीक सूचनाओं के बल पर अपराधों पर काबू पाया जाता है। आपका उत्साह व स्वाभिमान बना रहे, इसके लिए पूरा पुलिस विभाग आपके हर समय साथ है। कहीं कोई समस्या पारिवारिक व सामाजिक आती है तो अवगत कराएं। अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ का अपनत्व देख ग्राम प्रहरी तौलू प्रसाद की आंखें खुशी से नम हो गईं। उन्होंने कहा कि इस तरह का सम्मान अभी तक हम चौकीदारों को कभी नहीं मिला। यदि ऐसा ही सम्मान मिलता रहे तो हम अपने कार्य में कोई भी जोखिम उठाने से पीछे नहीं रहेंगे। अपर पुलिस



चाय के साथ ग्राम प्रहरी तौलू प्रसाद से चर्चा करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत ● जागरण

अधीक्षक ने तौलू प्रसाद द्वारा किये गए अच्छे कार्यों को सराहा। उन्हें इसके लिए पांच सौ रुपये बतौर पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। थानाध्यक्ष पथरा बलजीत कुमार राव भी मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि ग्राम प्रहरियों का आत्मबल व हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से ही इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा। इससे वह पुलिस कर्मियों के समान

**अधिकारियों से सम्मान पाकर ग्राम प्रहरियों में छायी खुशी, बेहतर कार्य के लिए किया जा रहा इन्हें सम्मानित**

आपने आपको जिम्मेदार समझेंगे और बेहतर कार्य कर अपराध पर अंकुश लगाने व शांति व्यवस्था कायम रखने में महती भूमिका निभाएंगे।

# कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद में रहेगा रूट डायर्वजन

## वाहन खराब होने पर क्रेन से हटाने की होगी व्यवस्था, 23 से 26 जुलाई तक चिह्नित रूटों से होगा आवागमन

**जासं, सिद्धार्थनगर**: बस्ती के भदेश्वानाथ में कांवड़ यात्रा को देखते हुए जनपद में भी रूट डायवर्जन किया जाएगा। 23 से 26 जुलाई तक चिन्हित मार्ग से वाहनों की आवाजाही होगी। गोरखपुर, कैम्पियरगंज और मेंहदावल की ओर से आने वाले वाहनों को खेसरहा से मधवापुर तिराहा से होते हुए बांसी पुलिस बूथ कस्बा होते हुए पथरा-बैदौला चौराहा होते हुए डुमरियागंज भेजा जाएगा। इसी तरह अन्य रूटों पर चलने वाले वाहनों को अन्य मार्गों से गंतव्य को भेजा जाएगा। यह जानकारी एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि वाहन को मार्ग पर खराब होने की दशा में उसे हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था की गयी है। एएसपी रावत ने बताया कि बलरामपुर जाने वाले वाहन डुमरियागंज के रास्ते बेंवा चौराहा- भड़रिया बार्डर होते हुए बलरामपुर जाएंगे। इसी तरह गोंडा की तरफ से आने वाले वाहन भड़रिया बार्डर, बेवा तिराहा होते हुए बांसी होते हुए वापस गोरखपुर की ओर जाएंगे। बांसी से बस्ती की ओर जाने वाले वाहनों के आवाजाही पर रोक रहेगी। रुट डायवर्जन के दृष्टिगत माधव तिराहा कस्बा बांसी, पुलिस बूथ बांसी, बैदौला तिराहा, डुमरियागंज कस्बा, बेवा तिराहा, अमौना पाण्डेय, डुमरियागंज थाना होते हुए लोहरौली तिराहा,शिवनगर डिड़ई पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। सभी स्थलों पर बैरियर बनाकर जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताय कि किसी प्रकार की समस्या होने पर क्षेत्र के थाना प्रभारी से संपर्क स्थापित किया जा सकेगा। सभी थाना प्रभारियों के मोबाइल नंबर फ्लैश बोर्ड पर अंकित किये जाएंगे।

- 2017 में तत्कालीन शहरी विकास मंत्री ने किया था शिलान्यास
- नगर पंचायत के मुख्य चौराहे बैदौलागढ़ की बिगड़ी है सूरत



**कांवड़ियों को पीड़ा पहुंचाएंगी फोरलेन पर बिखरी गिट्टियां**: हर्रैया : फोरलेन पर बिखरी नुकीली गिट्टियां कांवड़ियों की कड़ी परीक्षा लेंगी। यह गिट्टियां उनको पीड़ा पहुंचाएंगी। प्रतिदिन जिले के उच्चाधिकारी हाईवे पर कांवड़ मार्ग का जायजा ले रहे हैं मगर उनका ध्यान अयोध्या से बस्ती लेन पर बिखरी गिट्टियों पर नहीं पड़ रही है। भद्रेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों का समूह अयोध्या में सरयू नदी का जल लाने के लिए निकलने लगा है। कांवड़ियों को सुविधाएं देने के लिए शासन व प्रशासन की ओर से तमाम प्रयास किया जा रहा है।

### नागेश्वर नाथ के लिए रवाना हुआ कांवड़ियों का दल

जासं, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : हियुवा के प्रदेश प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को भुवनेश्वर नाथ मंदिर भानपुररानी पहुंचकर नवयुवक कांवड़िया संघ से जुड़े यात्रियों को भगवाध्वज दिखाकर अयोध्या स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर के लिए रवाना किया। कहा कि जब भी श्रावण मास में यहां से कांवड़ यात्रा निकलेगी वे सभी के साथ उपस्थित रहेंगे। बताया कि उनके लिखा पढ़ी करने से भुवनेश्वर नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु पर्यटन विभाग से 1.50 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ है। भोलेनाथ की कृपा से शीघ्र ही भुवनेश्वर नाथ मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। मंदिर परिसर में मंगल भवन बनकर तैयार है, पार्क और धर्मशाला भी बन चुका है। पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र मणि त्रिपाठी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, संतोष सैनी, राजकुमार चौधरी, पिंटू अग्रहरि, गुड्डू रावत आदि मौजूद रहे।

### सड़कों पर आज से उमड़ेंगे श्रद्धालु

**जासं हर्रैया, बस्ती**: श्रावण मेले को सरकारी अमला चौकस हो गया है। हाईवे पर सभी व्यवस्थाओं को चुरुस्त-दुरुस्त करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी प्रतिदिन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। वहीं शुक्रवार से दूरदराज के शिवभक्त कांवड़िया सरयू नदी का जल भरने के लिए अयोध्या पहुंचने लगे हैं। कुछ शिव भक्त अयोध्या से जल भर कर भद्रेश्वरनाथ के लिए निकल भी चुके हैं। डीजे की धुन पर नाचते झूमते वह आगे बढ़ रहे हैं। शिव भक्तों के स्वागत के लिए जहां एक ओर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं, वहीं दूसरी तरफ समाजसेवी भी उनके स्वागत व सेवा के लिए तैयार हैं। शिव भक्तों के लिए निश्शुल्क भंडारा के लिए जगह जगह पंडाल लगने शुरू हो गए हैं। कांवड़ियों के लिए हाइवे किनारे की दुकानें भी लगनी शुरू हो गईं हैं।

# प्रधानाध्यापक पर हुए हमले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

- **घर जाते समय चिल्हिया थाने के ढेंसा के पास हुई थी घटना**
- **एक नामजद समेत पांच अज्ञात लोगों खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा**

**जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर :** गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय लखनपारा के प्रधानाध्यापक रमेश कुमार को घर जाते समय चिल्हिया थाना क्षेत्र के ढेंसा से पहले कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ एससीएसटी, बलवा, हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित का नाम जोगिया थाना क्षेत्र के सिगिया निवासी जय प्रकाश यादव है।

प्रधानाध्यापक ने तहरीर में कहा है कि वह विद्यालय से तीन बजे बाइक से घर जा रहे थे। ढेंसा से दो सौ मीटर पहले बाइक सवार चार लोग आए। सभी मुंह पर गमछा बांधे हुए थे। जब तक वह कुछ समझ पाते उन्हें रोक कर हाकी व डंडे से मारते हुए गाली देने लगे। दो लोगों ने मेरा हाथ पैर बांध दिया।

दो लोग सीने पर चढ़ गए जिससे मेरा दम घुटने लगा। चिल्लाने पर लोगों को आता देख जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी देकर फरार हो गये। मेरा मोबाइल भी उठा ले गए। एसओ दीपक कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपित पकड़े जाएंगे।



साड़ी तिराहे से बिना हेलमेट गुजर रहा बाइक सवार। संवाद



हाइडिल तिराहा : हेलमेट को हाथ में टांगकर जाता बाइक सवार।



हाइडिल तिराहा : बाइक पर तीन लोग कर रहे सवारी। संवाद

# न जुर्माना और न ही जीवन का सता रहा डर

## हर माह दो हजार वाहनों का हो रहा चालान, फिर भी लोग यातायात नियम का नहीं कर रहे पालन

अमर उजाला लाइव

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात नियम सख्त बनाए जा रहे हैं। भारी भरकम जुर्माना भी लगाया जा रहा है। इसके बाद भी लोग नियम तोड़ने से परहेज नहीं कर रहे हैं। उन्हें न तो जिदंगी का डर है और न ही जुर्माना भरने का।

बाइक पर कोई तीन सवारी तो कोई बिना हेलमेट के चला रहा है। वहीं, कुछ तो पुलिस और जुर्माना से बचने के लिए हेलमेट तो लिए रहते हैं, लेकिन गार्ड पर टांगकर चलते हैं।

पुलिस विभाग की रिपोर्ट के अनुसार साढ़े सात माह में जिले में 135 हादसों में 73 लोगों की मौत हुई है। वहीं, 77 लोग हादसे में जख्मी हुए हैं। शुक्रवार को नगर के चार स्थानों पर पड़ताल की गई तो 70 प्रतिशत वाहन चालक नियम तोड़ते हुए मिले।

**सुबह 11.55 : हाइडिल तिराहा :** नगर के सबसे व्यस्त मार्ग में हाइडिल तिराहा गिना जाता है। एक मार्ग उसका से शहर होते गोरखपुर और बर्डपुर मार्ग को जोड़ती है। साथ ही जिला अस्पताल को जाती है। दोपहर 11.55 से 12 बजे तक पांच मिनट में 144 बाइक सवार गुजरे। 87 लोग बिना हेमलेट, 21 तीन सवारी, दो लगभग 15 वर्ष आयु और चार लोग लेग गार्ड पर हेलमेट टांगकर चलते दिखे। वहीं, 29 लोग हेलमेट लगाकर चलते हुए पाए गए।

**स्थान साड़ी तिराहा : दोपहर 12.15 बजे :** नगर के साड़ी तिराहा बांसी-बस्ती और नेपाल के ककरहवा बॉर्डर और कपिलवस्तु को जोड़ती है। यहां पर कलेक्ट्रेट, कचहरी और विकास भवन स्थित है। इसलिए बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। यहां पर दोपहर 12.15 से 12.20 बजे तक 152 बाइक सवार गुजरे। इसमें 89 बिना हेलमेट, 29 तीन सवारी, तीन नाबालिग और 30 लोग हेलमेट लगाए हुए चलते मिले।



बांसी तिराहा : बिना हेलमेट एक बाइक से जाते चार लोग। संवाद

### एक नजर जुर्माना पर

| माह | वाहन | जुर्माना |
|---|---|---|
| जनवरी | 2159 | 236300 |
| फरवरी | 1607 | 1796700 |
| मार् | 1822 | 2017700 |
| अप्रैल | 4447 | 4923400 |
| मई | 4158 | 731200 |
| जून | 3217 | 3442700 |
| जुलाई | 3000 | 3353307 |

**सिद्धार्थ तिराहा : दोपहर 12.40 बजे :** नगर में स्थित सिद्धार्थ तिराहा से बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं।

दोपहर 12.40 बजे से 12.45 बजे तक पांच मिनट में 54 बाइक सवार गुजरे। इसमें 27 लोग बिना हेलमेट, 13 तीन सवारी, दो चार सवारी, 13 हेलमेट पहने और एक नाबालिग वाहन चलाता हुआ मिला।

**बांसी तिराहा : दोपहर एक बजे :** नगर के बाहर बांसी तिराहा हाइवे है। दोपहर एक बजे से 1.05 बजे तक यहां से कुल 76 बाइक सवार गुजरे।

इसमें 47 बिना हेमलेट के मिले। नौ बाइक पर तीन सवारी बैठी थी। बाकी 20 बाइक सवार हेमलेट लगाए हुए मिले।



हाइडिल तिराहा : बिना हेलमेट बाइक पर बैठकर जाते तीन लोग। संवाद



सिद्धार्थ तिराहा : बिना हेलमेट एक बाइक पर पांच सवारी। संवाद

सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात नियत का पालन कराया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। विद्यालयों में जाकर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। नियम तोड़ने वालों का चालान करने के साथ ही वाहन को सीज किया जा रहा है। – **प्रदीप कुमार यादव,** सीओ सदर यातायात

# जुआ खेलते सात गिरफ्तार

**शोहरतगढ़।** छतहरा गांव के शिवशंकर ढाबे के पास अर्द्धनिर्मित मकान में जुआ खेल रहे सात लोगों को बृहस्पतिवार रात 11 बजे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद सातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शुक्रवार को सभी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मौके से 40530 रुपये व ताश के 52 पत्ते व दो बाइक और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। संवाद

# चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**भनवापुर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय वीरपुर एहतमाली में हुई चोरी का पुलिस ने शुक्रवार को पर्दाफाश कर दिया।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी का

## निशानदेही पर चोरी का माला बरामद

माल बरामद कर लिया है। 12 मई 2022 को चोर विद्यालय का ताला तोड़कर लैपटॉप, म्यूजिक सिस्टम, खेल सामग्री उठा ले गए थे। विद्यालय के अध्यापक व ग्राम प्रधान ने त्रिलोकपुर पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर जांच की मांग की थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वीरपुर एहतमाली निवासी राम भारत उर्फ मैकू और महतिनियां खुर्द गांव निवासी मिथुन को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया है।

# नेपाल से आए गिद्ध की इटवा में हुई मौत

**इटवा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पकरैला के सीवान में शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने एक गिद्ध देखा, कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। वन विभाग ने पोस्टमार्टम के बाद शव को दफन कर दिया।

वन विभाग के अनुसार यह गिद्ध नेपाल से आया था। उसके पंख में यूके की संस्था का टैग लगा हुआ था। वन विभाग ने गिद्ध के मृत मिलने की सूचना प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव लखनऊ को भेज दी है। वहीं इटवा में मृत गिद्ध के पंख में उपकरण लगे होने की जानकारी होते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई थी।

इस संबंध में डीएफओ चंद्रश्वेर सिंह ने बताया कि गिद्ध नेपाल से उड़कर यहां आया था। इसकी जानकारी पीसीसीएफ वन्य जीव को भेजी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को भी उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। जानकारी मिली है कि गिद्ध के पंख में लगा हुआ टैग यूके की एक संस्था का है। संवाद

# किशोरी को नेपाल पुलिस के सुपुर्द किया गया

**खुनुवां।** एसएसबी 43वीं वाहिनी के जवानों ने खुनुवां सीमा पर एक नेपाली किशोरी मिली। पुलिस ने उसे नेपाल पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

चेक पोस्ट पर तैनात एएसआई दीपांकर मंडल के अनुसार किशोरी फोन पर तस्कर से बात कर रही थी। संदेह के आधार पर उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह भारत स्थित बलरामपुर में बुआ के घर जा रही है।

टीम ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने जवाब दिया कि वह एक लड़के से प्यार करती है। प्रेमी के साथ परिवार को बिना बताए भारत के किसी शहर में भागकर जा रही थी। सूचना पर पहुंची एएचटीयू ने नेपाल एपीएफ व मर्यादपुर पुलिस चौकी प्रभारी को सुपुर्द कर दिया गया। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2022

# डीएम-एसपी ने जाना सरयू नदी के बाढ़ का हाल



तुर्कवलिया नायक गांव के समीप निर्माणाधीन रिंग बांध का निरीक्षण करती जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक

धनघटा (एसएनबी)। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार जिले के अन्य आलाधिकारियों के साथ शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर सरयू नदी के बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान दोनों आलाधिकारियों ने एमबीडी महाबांध की सुरक्षा का जायजा लिया साथ ही तिघरा गांव स्थित बाढ़ राहत शिविर पहुंचकर वहां की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। उसके बाद दोनों आलाधिकारी तुर्कवलिया नायक गांव पहुंचे जहां महाबांध की सुरक्षा के साथ ही नदी की कटान पर रोक लगाने के लिए निर्माणाधीन रिंग बांध के निर्माण कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। अंत में दोनों आलाधिकारी गायघाट दक्षिणी गांव पहुंचे जहां नदी की चल रही तेज कटान की स्थिति की जानकारी प्राप्त की साथ ही गायघाट दक्षिणी गांव के ग्रामीणों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। विदित हो कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जिले के सिंचाई और बाढ़खण्ड के आलाधिकारियों सहित तहसील के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को सर्वप्रथम तुर्कवलिया नायक गांव पहुंची जहां नदी की कटान को रोककर महाबांध की सुरक्षा के लिए निर्माणाधीन रिंग बांध के निर्माण का जायजा लिया और जल्द से जल्द रिंग बांध का निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। उसके बाद एमबीडी महाबांध का निरीक्षण करते हुए दोनों आलाधिकारी तिघरा गांव स्थित बाढ़ राहत शिविर पर पहुंचे जहां बाढ़ राहत शिविर की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। अंत में दोनों आलाधिकारी गायघाट दक्षिणी गांव पहुंचे जहां बीते अरसे से चल रही नदी की तेज कटान का जायजा लिया साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि महाबांध की सुरक्षा सहित मांझा क्षेत्र में बसे ग्रामीणों के जानमाल की सुरक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने मातहतों को जरूरी दिशानिर्देश देते हुए नदी के तटवर्ती गांव के लोगों के जानमाल की सुरक्षा करने के साथ ही नदी की कटान और नदी के जलस्तर पर हमेशा पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। इस दौरान डीएम-एसपी के साथ सिंचाई विभाग और बाढ़ खण्ड के आलाधिकारी सहित एसडीएम धनघटा डा. रविन्द्र कुमार, तहसीलदार रत्नेश त्रिपाठी तथा स्थानीय गांवों से सम्बन्धित राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# मेंहदावल में पुलिस की दौड़ रहा चर्चाओं में...

**मेंहदावल (एसएनबी)** शुक्रवार की सुबह नगर की सड़कों पर पुलिस कर्मियों की थानाध्यक्ष व एसआई के नेतृत्व में दौड़ लगाते देख कस्बावासी भौचक रह गये। नगर के विभिन्न मार्गों से दौड़ लगाते पुलिस कर्मी लोगों के बीच आकर्षण व चर्चाओं में रहें। कस्बावासी यह समझ नही पायें कि आखिर आज अचानक पुलिस कर्मी सुबह-सुबह दौड़ लगाते कैसे दिख गये। नगर में पूरे दिन मामला चर्चाओं में रहा। थानाध्यक्ष मेंहदावल जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार की सुबह सभी पुलिस कर्मी वर्दी पहनकर थाना परिसर से अंजहिया बाजार,उत्तर पट्टी,चौक बाजार समेत कई रास्तों से दौड़ लगाते हुए गुजरें। सुबह-सुबह पुलिस कर्मियों के अचानक दौड़ने को लेकर लोग चर्चा करने लगे। जबकि पुलिस कर्मियों ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रत्येक शुक्रवार को परेड होने के आदेश का हवाला दिया। वैसे तो सुबह यहां तैनात कई कांस्टेवल फिटनेस के लिए सुबह दौड लगाते देखे जाते हैं। लेकिन शुक्रवार को पूरे थाना को दौड लगाते देख कस्बावासी आश्चर्यचकित रह गये। जो लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान एसआई परवीन कुमार,एसआई हरिकेश भारती, एसआई लालजी यादव, अमित सिंह, संजीव यादव, नूरुद्दीन, सोनू सिंह, नवतेश सिंह, अखिलेश पाण्डेय, रत्नेश सिंह, अविनाश यादव व आलोक मणि समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# प्रमुख मस्जिदों पर मुस्तैद रहा प्रशासन

**जुमे की नमाज**

धनघटा (एसएनबी)। जुमे की नमाज के दौराम शुक्रवार को क्षेत्र की सभी प्रमुख मस्जिदों पर प्रशासन मुस्तैद रहा। प्रमुख मस्जिदों पर इस दौरान जहां भारी पुलिसबल की तैनाती की गई थी तो वहीं प्रशासनिक अधिकारी जुमे की नमाज के दौरान शान्ति व्यवस्था की जानकारी करने में जुटें रहे। विदित हो कि इधर प्रदेश में घटित सांप्रदायिक हिंसा के वाद जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन हर शुक्रवार को क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों पर मुस्तैद रहता है। जुमे की नमाज के दौरान क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों हैंसर बाजार, पौली, बंडा बाजार, नाथनगर, हरिहरपुर, छितहीं, महुली व मानपुर आदि गांवों में पूरी तरह मुस्तैद रहा। उक्त सभी प्रमुख मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारी संख्या में पुलिसबल की तनाता की गई थी। हैंसर की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक धनघटा अपराध चन्दन कुमार खुद पुलिसबल के साथ जुमे की नमाज के दौरान हैंसर स्थित मस्जिद पर मुस्तैद रहे और जुमे की नमाज अदा कर जब सभी नमाजी अपने-अपने घरों को रवाना हो गए तब जाकर मस्जिद से पुलिसकर्मी वापस गए। इसी प्रकार पौली स्थित मस्जिद पर चौकी प्रभारी पुलिस चौकी पौली उपनिरीक्षक राजेश कुमार मिश्र भारी पुलिसबल के साथ मौजूद रहकर सकुशल और शान्तिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज संपन्न कराई। इसके अलावा बंडा बाजार तथा महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर, महुली, छितहीं और मानपुर गांव स्थित मस्जिद पर भी जुमे की नमाज के दौरान पुलिस बल की तैनाती की गई थी। एसडीएम धनघटा डा.रविन्द्र कुमार, सीओ धनघटा राम प्रकाश व तहसीलदार रत्नेश त्रिपाठी भी पुलिसबल के साथ जुमे की नमाज के दौरान क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों का भ्रमण करते हुए कुशलता की पल-पल की जानकारी करने में जुटे रहे।



हैंसर में जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद के सामने पुलिसबल के साथ मुस्तैद इस्पेक्टर चन्दन कुमार।

# बाइक चालक के विरूद्ध मार्ग दुर्घटना का केस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा-विड़हरघाट मार्ग पर उमरिया बाजार में गुरूवार की देर शाम स्कूटी सवार दो युवतियों को टोकर मारकर घायल करने वाले बाइक सवार के विरूद्ध शुक्रवार को धनघटा पुलिस ने मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। धनघटा पुलिस को दी गई तहरीर में बस्ती शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के पिकौरा मुहल्ला निवासी शिवेन्द्र कुमार सक्सेना पुत्र संजीव कुमार ने बताया कि गुरूवार की देर शाम उसके रिश्तेदार सुरभी श्रीवास्तव और मीनाक्षी श्रीवास्तव अपनी स्कूटी पर सवार होकर धनघटा-विड़हरघाट मार्ग से होते हुए विड़हरघाट जा रही थी। दोनों उमरिया बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने पहुंची थी कि बाइक नम्बर यूपी 55 एच 5592 का चालक नाम-पता अज्ञात अचानक तेज रफ्तार पहुंचा और उक्त रिश्तेदार की स्कूटी में जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। बाइक की टक्कर लगते ही दोनों रिश्तेदार युवतियों के सिर में जहां गंभीर चोटे आई है तो वहीं हाथ भी फैक्चर हो गया है। दुर्घटना के बाद एकत्र ग्रामीणों ने दोनों घायल युवतियों को प्राईवेट संसाधन से इलाज के लिए खलीलाबाद अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। घायल युवतियों के रिश्तेदार की तहरीर पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल उक्त बाइक के चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 279,337,338 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल बाइक चालक की पहचान कर बाइक समेत उसे गिरफ्त में ले लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# परेड में अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार कराई ड्रिल



परेड के बाद पुलिस लाइन्स का निरीक्षण करते एसपी सोनम कुमार।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई और परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई।

**रिजर्व पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का का किया निरीक्षण**

निरीक्षण के क्रम में द्वारा यूपी-112 की गाड़ियों का गहनता से निरीक्षण करते हुए पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों को चेक कर पीआरवी कर्मियों को अपने कर्त्तव्य के बारे में सजग रहने और अग्निशमन वाहनों का भी निरीक्षण करते हुए आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सदैव तत्पर रहने हेतु निर्देशित किया। पुलिस लाइन्स में महिला एवं पुरुष आरक्षियों के लिए बैरक के बनाने हेतु भूमि का चिन्हांकन किया गया। तदोपरान्त एसपी ने आवासीय परिसर, पुलिस मेस, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम, पुलिस अस्पताल, आरओ पेयजल मशीन इत्यादि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन्स की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। पुलिस लाइन्स के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्थ थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव, प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी सुश्री दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिसकर्मियों की कराई परेड

**: सेमरियावां:** थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश राय के नेतृत्व में थाना परिसर में शुक्रवार की सुबह परेड कराया गया। उन्होंने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को टर्नआउट चेक किया। इसके बाद पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए परेड ड्रिल कराया गया।

# शांतिभंग की आशंका में आठ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए महुली और धनघटा थाने की पुलिस ने दो-दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा बेलहर थाने की पुलिस ने चार अभियुक्त पर कार्रवाई की।

# 40 लीटर शराब संग तीन गिरफ्तार

संतकबीरनगर। अवैध शराब के खिलाफ चल रही ताबड़ तोड़ कार्रवाई के तहत तीन अभियुक्तों से 40 लीटर शराब बरामद की है।

इसमें से दो अभियुक्त के पास से दस-दस लीटर और तीसरे के पास से 20 लीटर शराब बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेज दिया। जिन अभियुक्तों पर कार्रवाई हुई उनमें प्रदीप पुत्र रामजीत निवासी मुण्डेरा शुक्ल थाना धनघटा, कुमारी देवी पत्नी राम किशुन निवासी ग्राम चपरा पूर्वी टोला पटौवा थाना धनघटा और मीना देवी पत्नी विक्रम निवासी नेतवापुर थाना धनघटा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। यहां बता दें कि इन दिनों पुलिस टीम की ओर से अभियान चला जा रहा है।

## लखनऊ जाने वाले वाहन मेंहदावल, बांसी, बलरामपुर होकर जाएंगे

# व्यवस्था: आज से हाइवे पर बंद होगा यातायात

### कांवड यात्रा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कांवड़ यात्रा को लेकर शनिवार की देर शाम आठ बजे से हाइवे पर यातायात बंद हो जाएगा। लखनऊ जाने वाले वाहनों को डयवर्ट कर बखिरा, नंदौर, बांसी, बलरामपुर होकर भेजा जाएगा। धनघटा की ओर से जाने वाले वाहनों को अम्बेडकरनगर होकर भेजा जाएगा। एसपी सोनम् कुमार ने इसको लेकर सभी को जरूरी निर्देश दे दिए हैं। पुलिस टीमों ने डायवर्जन प्लान तैयार कर लिया हैं। इसके लिए पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया है।

एएसपी संतोष कुमार सिंह ने श्रावण मास व बस्ती स्थित भदेश्वरनाथ शिव मंदिर पर जलाभिषेक व कांवड़ यात्रा को देखते हुए रूट डायवर्जन किया गया है। इसके चलते लखनऊ जाने वालों को शनिवार से लेकर मंगलवार तक लंबी यात्रा करनी पड़ेगी। मगहर से ही रूट डायवर्ट कर दिया गया है। खलीलाबाद से जाने वाले भी हाईवे की जगह मेंहदावल मार्ग से जाएंगे। वहीं धनघटा की ओर से जाने वाले वाहनों को अंबेडकरनगर की ओर मोड़ दिया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि जनपद गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहन मगहर दुर्गा मन्दिर से घघसरा, बखिरा, बांसी (सिद्धार्थनगर) होते हुए जाएंगे। इसके अलावा सोनी होटल खलीलाबाद से सर्विस लेन होकर मेंहदावल बाईपास चौराहा, बखिरा, बांसी (सिद्धार्थनगर) होते हुए अपने-अपने गंतव्य को जाएंगे। धनघटा की तरफ से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहन धनघटा से अम्बेडकरनगर होते हुए जाएंगे। वहीं खलीलाबाद से लखनऊ को जाने वाले वाहन खलीलाबाद मेंहदावल बाईपास से बखिरा से बांसी, जोगिया उदयपुर, सनई चौराहा, चिल्हिया, शोहरतगढ़, ढेबरुआ, बढ़नी जनपद सिद्धार्थनगर के रास्ते बलरामपुर, गोंडा होते हुए अपने गंतव्य को रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि यह डायवर्जन 26 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों से वाहनों को डायवर्ट किया जाना है उन स्थानों पर बैरीकेडिंग कर पुलिस कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। वाहनों को रोकने के लिए दुर्गा मंदिर, मगहर पुलिस चौकी, डीघा बाईपास, मेंहदावल बाईपास, सरैया, तिराहा, कांटे पुलिस चौकी, पर बैरीकेडिंग कर निगरानी की जाएगी। डायवर्जन का समय शुरू होते ही पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी संभाल लेंगे।



हर्रैया पहुंचे अयोध्या में सरयू नदी से जल भरने जाते कांवड़िये।

# पुलिस ने डेढ़ लाख का शमन शुल्क वसूला

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 175 वाहनों से एक लाख 50 हजार रुपए का सम्मन वसूल किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने जिले के सभी थाना क्षेत्रो में अभियान चलाया। बैंक व उसके आसपास सघन जांच अभियान संचालित किया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों के मालिकों पर कार्रवाई हुई। जांच में डेढ़ लाख का रुपए का शमन शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बाढ़ से बचाव के सारे इंतजाम जल्द करें पूरेः डीएम

## निरीक्षण

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने शुक्रवार को धनघटा तहसील के तुरकौलिया स्थित एमबीडी तटबन्ध व तिघरा में स्थित बाढ़ राहत केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ से संभावित खतरों से निपटने की योजना के संबन्ध में एसडीएम व तहसीलदार से वार्ता की। बाढ़ खण्ड द्वारा तुरकौलिया में तटबन्ध की पिचिंग का कार्य का निरीक्षण कर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मातहतों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। कहा कि बाढ़ से बचाव के सभी कार्य जल्द पूरे कर लें। बंधे पर नजर बनाएं रखे। कहीं से कोई क्षति न होने पाए।



धनघटा के तुरकौलिया बंधे पर शुक्रवार को बोल्डर पिचिंग कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी लेतीं डीएम दिव्या मित्तल।

संवेदनशील बने तुरकौलिया स्थित एमबीडी तटबन्ध को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। तटबन्ध की पिचिंग कार्य प्रगति-पर है। डीएम व एसपी ने तटबन्ध पर चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए कहा कि इसे शीघ्र पूरा कर लें। इस दौरान बाढ़ खण्ड के अधिकारी मौजूद थे। डीएम दिव्या मित्तल तिघरा मौर पहुंचीं। वहां बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए राहत केंद्र बनाया गया है। विद्यालय में बनाए गए राहत केंद्र का निरीक्षण करने के बाद डीएम ने कहा कि केंद्र पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। साथ ही केंद्र पर पीड़ितों के रहने व सोने के लिए बिस्तर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ आपदा के दौरान केंद्र पर पहुंचने वाले पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वहीं तिघरा स्थित बाढ़ चौकी पर कोई कर्मी मौजूद नहीं था। इस अवसर पर एसडीएम डॉ रविन्द्र कुमार, तहसीलदार रत्नेश तिवारी, लेखपाल राजेश चौधरी आदि अन्य लोग मौजूद थे।

**बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारी पूरीः** सरयू में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए बचाव की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। राहत केंद्र पर पीड़ित परिवारों के लिए भोजन, पानी, बिजली आदि की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। वहीं गायघाट, दौलतपुर, ढोलबजा, सियर कला, कठहा आदि लगभग एक दर्जन गांवों के लिए कुल 18 नावें लगाने की तहसील प्रशासन ने तैयारी की है।

> बाढ़ की तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। तुरकौलिया में बंधे को मजबूत बनाने का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बंधे पर चल रहे निर्माण कार्य की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. रविन्द्र कुमार, एसडीएम धनघटा

### तटबन्ध पर चल रहे कार्य से ग्रामीणों में असंतोष

तुरकौलिया स्थित एमबीडी तटबन्ध को मजबूत बनाने के लिए चल रहे कार्यों में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश दिखा। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत स्थानीय विधायक गणेश चौहान से की है। अशरफपुर निवासी राम कुमार, कृष्णानन्द, हरीराम, कन्हैया आदि ने बताया कि बंधे पर चल रहे पिचिंग कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। सरकारी धन का गोलमाल कर क्षेत्रवासियों के हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पिचिंग कार्य मानक के विपरीत होने के चलते बांध को मजबूत बनाया जाना संभव नहीं है। विधायक से ग्रामीणों ने लिखित शिकायत कर जांच कराए जाने की मांग की।

# पुलिस अधीक्षक ने किया परेड का निरीक्षण

## साप्ताहिक परेड

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड का एसपी सोनम कुमार ने निरीक्षण किया। परेड के निरीक्षण में मिली कमियों को बताकर दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने बाद में पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

एसपी सोनम कुमार ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मेंपरेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए अधिकारियों कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई गई।



रिजर्व पुलिस लाइन में परेड के दौरान गार्द की सलामी लेते एसपी सोनम कुमार।

परेड के बाद एसपी यूपी-112 की गाड़ियों का गहनता से निरीक्षण किया। पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण, सुरक्षा उपकरणों को चेक कर पीआरवी कर्मियों को अपने कर्तव्य के बारे में सजग रहने का निर्देश दिया गया। अग्निशमन वाहनों का भी निरीक्षण कर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सदैव तत्पर रहने का निर्देश दिया। पुलिस लाइन में महिला एवं पुरुष आरक्षियों के लिए बैरक के बनाने के लिए भूमि का चिन्हांकन किया गया। आवासीय परिसर, पुलिस मेस, क्वार्टर गार्द, पुलिस अस्पताल, पेयजल मशीन आदि का निरीक्षण किया।

पुलिस लाइन की बेहतर सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित दिया। परेड के दौरान सीओ लाइन राजीव कुमार यादव, प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी सुश्री दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस कर्मियों के परेड का थानेदार ने ली सलामी

धर्मसिंहवा। थाने में शुक्रवार को पुलिस परेड का आयोजन हुआ। इसका नेतृत्व थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने किया। थाना में तैनात पुलिस कर्मियों ने परेड में भाग लिया। धर्मसिंहवा थानाध्यक्ष ने बताया कि परेड में पुलिसकर्मियों की फिटनेस को भी परखा गया। नियमित परेड से पुलिस जवान शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहते हैं।

# ट्रैक्टर का एक सप्ताह बाद भी नहीं लगा सुराग

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र से एक सप्ताह पहले गायब हुए ट्रैक्टर-ट्राली का अभी तक सुराग नहीं लग सका। पुलिस के पास दो दो जगहों का सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई।

खलीलाबाद के बरई टोला निवासी सर्वजीत विश्वकर्मा ने बताया कि अपने घर के सामने ही अपना ट्रैक्टर-ट्राली खड़ा कर रखा था। पिछले रविवार की रात को चोर उसका ट्रैक्टर-ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर ले गए।

# पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया

संतकबीरनगर। न्यायालय में हाजिर नहीं होने वाले एक अभियुक्त को मेंहदावल थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कानुनी कार्रवाई पूरी कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पल्टू पुत्र बुझारत निवासी जमुहट थाना मेंहदावल न्यायालय में हाजिर नहीं होने की वजह से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# भूमि विवाद में प्रापर्टी डीलर समेत नौ लोगों पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** खलीलाबाद के उस्का कला निवासी एक व्यक्ति की भूमि पर कुछ दिन पूर्व प्रापर्टी डीलरों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का प्रयास किया गया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रापर्टी डीलर समेत नौ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली में दी गई तहरीर में उस्का कला निवासी प्रहलाद ने लिखा है कि 13 जून को दोपहर दिन में लगभग दो बजे खुर्शीद, इंसाफ, सुल्तान, वाजिद अली, मुन्ना निवासी तितौवा, शकील अहमद निवासी गिरधरपुर, एहतेशाम अली निवासी भिटवा, सुनील कुमार निवासी बरहुआ, साधु निवासी ठकुराई कोतवाली खलीलाबाद एकराय होकर लाठी डंडा तथा रिवाल्वर लेकर उनकी निजी भूमि पर पहुंच गए। सभी ने उनके खेत में जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। मना करने पर आरोपितों ने मारने पीटने के बाद जातिसूचक गाली देते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। उनकी पत्नी व बहू तथा लड़के बचाने आये तो उन्हें भी सभी ने पीटकर घायल कर दिया। विवाद के दौरान खुर्शीद आलम ने रिवाल्वर से फायरिंग भी किया। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# तीन नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जासं, संतकबीर नगर:** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर शुक्रवार को तीन नामजद व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित व्यक्ति ने 18 जुलाई को दुकान में घुसकर भांजे को पीटने व सामान लूटने का आरोप लगाया है।

कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में मीरगंज गांव निवासी रामानंद गुप्त ने यह उल्लेख किया है कि उनके घर से कुछ दूरी पर स्थित भुवरियां चौराहे में उनकी राइस मिल व आटा चक्की की दुकान है। 18 जुलाई को उनका भांजा रवि कुमार उनकी दुकान पर आ रहा था। इस दौरान अनियंत्रित कार ने उन्हें ठोकर मार दी। विरोध करने पर परसवां गांव निवासी कार सवार गुलाम अशरफ सिद्दीकी, अरशद, इरफान व दो अन्य लोग दुकान में घुस गये। भांजे को पीटने लगे। दुकान का सामान एकत्र करने लगे। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि तीन नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अपने कार्य व्यवहार से समाज में अलग पहचान रखें पुलिसकर्मी



पुलिसकर्मियों के साथ परेड ग्राउंड का निरीक्षण करते एसपी सोनम कुमार ● जागरण

**जागरण संवाददाता संतकबीर नगर:** एसपी सोनम कुमार ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा और कानून का पालन करवाने के लिए माध्यम है। अपने कार्य व्यवहार से पुलिस कर्मियों को समाज में अलग पहचान बनाने का प्रयास करना चाहिए। शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पुलिस कर्मियों की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने कहा कि जन पुलिसिंग बेहद जरूरी है। अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए समुदाय का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने ड्यूटी के दौरान सभी को ठीक प्रकार से वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए उन्होंने दौड़ लगवाई। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में महिला एवं पुरुष आरक्षियों के लिए बैरक बनाने के लिए एसपी ने भूमि का चिह्नांकन भी किया। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# फिटनेस : पुलिसकर्मियों ने बहाया पसीना

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल:** पुलिस कर्मियों को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए हर थानों में शुक्रवार की सुबह की परेड का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च की मुद्रा में पूरे कस्बे का भ्रमण करके खुद को फिट रहने की प्रक्रिया शुरू की। एसपी सोनम कुमार के निर्देश पर जनपद के सभी थानों में पुलिसकर्मियों ने दौड़ लगाकर पसीना बहाया।

थानाध्यक्ष मेंहदावल जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने कस्बे की सड़कों पर दौड़ लगाया। इसी क्रम में बेलहर थाने पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में परेड आयोजित हुआ। दुधारा थाने पर सर्वेश कुमार राय की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने पसीना बहाया तो धर्मसिंहवा थाने पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने पुलिस कर्मियों को परेड की बारीकियां सिखाई।



बेलहर थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में दौड़ लगाते पुलिसकर्मी • जागरण

# मारपीट के मामले में चार आरोपितों पर मुकदमा

बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा पुलिस ने मैनहवा गांव में हुए मारपीट के मामले में शुक्रवार को चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाने में दी गई तहरीर में मैनहवा गांव निवासी अनीता पत्नी इंद्रजीत ने यह उल्लेख किया है कि उनके गांव के अमन व चमन, इनके पिता सजीवन, इनकी पत्नी संगीता 19 जुलाई 2022 को शाम सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें पीटे थे। बीच-बचाव करने के लिए पहुंचे परिवार के तीन अन्य लोगों को भी मारपीट कर घायल कर दिए थे। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (जासं)

# बांध कटा तो अधिकारियों पर होगी कार्रवाई :डीएम

## एमबीडी बांध का किया निरीक्षण, कटान- बाढ़ से बचाव के लिए प्रस्तावित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश

जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर : डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि यदि बांध कटा तो इसकी सुरक्षा के लिए विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कटान व बाढ़ से बचाव सरकार व जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता में शामिल है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने यह बातें शुक्रवार को तुर्कवलिया गांव स्थित एमबीडी बंधे के कटान स्थल पर कराए जा रहे कार्यों के निरीक्षण के दौरान कही। डीएम ने बाढ़ खंड के अधिकारियों से अविलंब प्रस्तावित कार्यों को पूरा करवाने को कहा। बांध पर कोई समस्या सामने आने पर एक भी जिम्मेदार को बख्शा नहीं जाएगा। डीएम ने इसके बाद गायघाट गांव में पहुंचकर कटान का निरीक्षण किया। धनघटा के एसडीएम रवींद्र कुमार को कटान व बाढ़ से बचाव के लिए दिशा-निर्देश दिया। इसके पश्चात उन्होंने तिघरा में स्थापित बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण



सरयू नदी पर बने एमबीडी बंधे का निरीक्षण करतीं डीएम दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार • जागरण

किया। डीएम ने यहां पर एसडीएम व तहसीलदार रत्नेश तिवारी से कहा कि बाढ़ के पूर्व सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। इस मौके पर बाढ़ खंड दो के अधिशासी अभियंता अजय कुमार, सहायक अभियंता सतीश चंद ,अर्चना गुप्ता, टीवी सिंह, मनोज सिंह ,चंदन कुमार, सीओ रामप्रकाश, प्रधान हरीराम यादव के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

**हर साल करोड़ों रुपये होते हैं खर्च फिर भी बना रहता है खतरा** : सरयू नदी के कटान-बाढ़ से बचाव के लिए हर साल लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। यह स्थिति दो दशक से चली आ रही है। बचाव कार्य के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। इसकी वजह से हर साल कई लोग घर से बेघर हो जाते हैं। गांव छोड़ने के लिए विवश होते हैं। कटान व बाढ़ के दौरान जन प्रतिनिधि व जिले के आला अधिकारियों की खामोशी लोगों को चौंकाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तुर्कवलिया गांव के निकट कटान स्थल के पास जलजमाव के कारण बंधे को बचाने का कार्य प्रभावित है। आला अधिकारी व जनप्रतिनिधि केवल दावे करते हैं। इनके दावे विपत्ति के समय गलत साबित होते हैं। बाढ़-कटान से लोगों के बचाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पे जाते हैं।



तुर्कवलिया मे बंधे की मजबूती के लिए हुआ काम • जागरण



धनघटा में एमबीडी बांध का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। संवाद

## डीएम और एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** डीएम दिव्या मित्तल और एसपी सोनम कुमार ने शुक्रवार को क्षेत्र के एमबीडी बांध और बाढ़ राहत केंद्र का निरीक्षण किया।

बांध मरम्मत कार्य अपूर्ण देख कर डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम ने बाढ़ से पूर्व बचाव कार्य का पुख्ता इंतजाम कर लेने के निर्देश दिए।

दो दिन से घाघरा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदी का पानी बढ़ने से नदी और एमबीडी बांध के बीच बसे 22 गांव प्रतिवर्ष बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। बाढ़ के दौरान इन गांवों के लोगों को विभिन्न स्थानों पर ठिकाना बनाना पड़ता है। प्रशासन ने उमरिया बाजार और तिघरा मौर में इस वर्ष भी बाढ़ राहत केंद्र स्थापित किया है।

जिलाधिकारी और एसपी सबसे पहले बाढ़ राहत केंद्र तिघरा मौर पहुंचे। तिघरा मौर में स्थित श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज को अस्थाई रूप से बाढ़ राहत केंद्र बनाया गया है।

इस केंद्र में गायघाट दक्षिणी, ढोल बजा, गुनवतिया, चकदहा, कंचनपुर, दौलतपुर गांव के बाढ़ पीड़ितों के लिए रहने की व्यवस्था की गई है। डीएम ने स्वास्थ्य संबंधी तैयारी और नाव आदि के संबंध में जानकारी हासिल की। उसके बाद डीएम-एसपी तुर्कवालिया नायक गांव के पास एमबीडी बांध पर पहुंचे। बांध के बचाव के लिए किए जा रहे मरम्मत कार्य के बाबत सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता से जानकारी ली।

काम अपूर्ण देखकर डीएम ने नाराजगी जताई। इस मौके पर एसडीएम डॉ रवींद्र कुमार, तहसीलदार रत्नेश तिवारी, सीओ राम प्रकाश, एसओ केडी सिंह आदि मौजूद रहे।

# 40 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को अलग-अलग जगहों से 40 लीटर कच्ची शराब के साथ दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसओ के डी सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रदीप निवासी मुंडेरा शुक्ल, कुमारी देवी पत्नी राम किशुन निवासी चपरा पूर्वी टोला पटौवा और मीना देवी पत्नी विक्रम निवासी नेतवापुर थाना धनघटा के रूप में हुई। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# दुकानदार को पीटा दुकान में की तोड़फोड़

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। भुवरिया के पास कार की चपेट में आने से युवक घायल हो गया। विरोध करने पर कार में सवार लोगों ने घायल युवक के मामा की दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की। शुक्रवार को इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया।

मीरगंज निवासी समानंद गुप्ता ने बताया कि भुवरिया चौराहे पर उनकी राइस मिल और आटा चक्की है। वहीं उनकी दुकान है। 18 जुलाई की की शाम साढ़े सात बजे उनका भांजा रवि दुकान पर आ रहा था। उसी दौरान पीछे से सफेद रंग की कार ने भांजे को चपेट में ले लिया। उसके हाथ और मुंह में चोटें आईं।

रवि ने इसका विरोध किया तो कार में बैठे गुलाम अशरफ

## पुलिस ने तीन नामजद समेत पांच लोगों पर दर्ज किया केस

सिद्दीकी, अरसद, इरफान व दो अन्य लोग उसकी दुकान में घुस आए। आरोप है कि लोग हॉकी-डंडे से उसे मारा पीटा और दुकान में तोड़फोड़ की। आरोपियों ने जानमाल की धमकी भी दी।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि गुलाम अशरफ सिद्दीकी, अरसद, इरफान और दो अन्य निवासी परसवा के खिलाफ गोलबंद होकर मारने-पीटने, जानमाल की धमकी देने, तोड़फोड़ करने के आरोप में केस दर्ज किया गया। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2022

# पुलिस ने दर्ज करवाया दुष्कर्म पीड़िता का बयान

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। धर्म और नाम बदलकर युवती से दुष्कर्म के आरोपी दरोगा वसी अहमद के खिलाफ अदालत में पीड़ित युवती ने शुक्रवार को कलमबंद बयान दर्ज कराया है। युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी दरोगा के खिलाफ कोतवाली नगर में दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने आरोपी दरोगा को निलंबित कर दिया था। कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार अदालत में पेश किया जहां वकीलों व वादकारियों ने उसकी जमकर पिटाई भी की थी।

नगर कोतवाली में तैनात तत्कालीन दरोगा वसी अहमद ने अपना धर्म छिपाकर व नाम

## धर्म छिपाकर दरोगा पर दुष्कर्म के आरोप का मामला

रिंकू शुक्ला बताकर कोतवाली नगर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा कर शादी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म करता रहा। युवती ने उसपर शादी का दबाव बनाया तो दरोगा ने जहरीला पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या करने की कोशिश की। इसकी शिकायत लेकर वह कोतवाली पहुंची तो उसे दरोगा की असलियत का पता चला।

कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि युवती का बयान दर्ज करा दिया गया है। अब अरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी की जा रही है।

# 20 पुलिसकर्मियों का तबादला

## गोंडा पुलिस अधीक्षक ने तैनाती स्थल में किया फेरबदल

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार देर रात चार निरीक्षक व आठ चौकी प्रभारियों समेत 20 पुलिसकर्मियों की तैनाती में फेरबदल किया है।

एसपी आकाश तोमर ने प्रभारी जनसूचना सेल निरीक्षक अटल बिहारी ठाकुर को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह को कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक से अपराध शाखा, निरीक्षक आलोक कुमार सिंह को मीडिया सेल से अपराध शाखा, निरीक्षक संतोष कुमार सरोज को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ के साथ अतिरिक्त प्रभारी जनसूचना प्रकोष्ठ में तैनाती दी है।

इसके अलावा पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक शेषनाथ पांडेय को चौकी



प्रभारी न्यायालय कोतवाली नगर, उपनिरीक्षक चंद्रभान प्रसाद को चौकी न्यायालय, उपनिरीक्षक अजय कुमार तिवारी को चौकी प्रभारी तिवारी बाजार कोतवाली नगर, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह को चौकी प्रभारी खोरहंसा कोतवाली देहात, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार को चौकी प्रभारी भवनियापुर खुर्द थाना इटियाथोक, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार को चौकी प्रभारी जिगिना कोतवाली मनकापुर बनाया है।

उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी माधवपुर थाना कटरा बाजार, उपनिरीक्षक सावन कुमार सिंह को चौकी प्रभारी धोबहाराय थाना कटरा बाजार, उपनिरीक्षक विनय कुमार पांडेय को चौकी प्रभारी नियांवा थाना उमरी बेगमगंज, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह को पेशी सीओ सिटी, उपनिरीक्षक जयनाथ पंडित को पेशी सीओ मनकापुर, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को जन शिकायत प्रकोष्ठ, उपनिरीक्षक हरिकृष्ण को जनशिकायत प्रकोष्ठ, उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह को अपराध शाखा, उपनिरीक्षक अशोक कुमार यादव को मॉनीटरिंग सेल व महिला उपनिरीक्षक विद्या सिंह को चौकी प्रभारी महिला रिपोर्टिंग चौकी थाना नवाबगंज में तैनाती दी है।

# जीएसटी चोरी में ईंट भट्ठा समेत पांच फर्मों पर छापा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जीएसटी चोरी की शिकायत पर राज्य कर विभाग की प्रवर्तन टीम ने पांच फर्मों पर छापा मारा। प्रवर्तन टीम ने टैक्स न जमा करने की पूरी पड़ताल की है। मामले में करोड़ों की टैक्स चोरी पकड़ी गई है।

पूरे मामले की रिपोर्ट प्रवर्तन टीम ने जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार को भेजी है। भाजपा विधायक बावन सिंह ने क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे समे पांच फर्मों पर टैक्स चोरी का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी थी। भाजपा विधायक बावन सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र के एक ईंट भट्ठा समेत पांच फर्मों पर करोड़ों रुपये के वस्तु एवं सेवाकर चोरी का आरोप लगाकर जांच कराने की मांग की थी। मामला क्षेत्र के बिरवा गांव में लगे ईंट भट्ठे से जुड़ा है।

## भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री से की थी टैक्स चोरी की शिकायत

राज्यकर की 6 सदस्यीय टीम ने मेसर्स विष्णु इंटरलॉकिंग ब्रिक्स, मेसर्स संतोष कुमार ट्रेडर्स, मेसर्स आदर्श टेडर्स, मेसर्स भगवान ब्रिक्स फील्ड, मेसर्स शिव ब्रिक्स फील्ड आदि फर्मों के दफ्तरों में छापा मारा। इस दौरान प्रवर्तन टीम ने टैक्स न जमा करने की पूरी पड़ताल की है। प्रवर्तन टीम ने करोड़ों रुपयों की टैक्स चोरी पकड़ी है।

राज्यकर विभाग के राहुल द्विवेदी ने बताया कि टैक्स चोरी की शिकायत पर ईंट भट्ठों पर छापा मारा। इसकी रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है। भाजपा विधायक बावन सिंह ने बताया कि पांच फर्मों पर काफी दिनों से टैक्स चोरी की जा रही थी। उन्होंने सीएम से इसकी शिकायत की थी। डीएम के जरिए सीएम को पूरी रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# दहेज हत्या आरोपी सास की जमानत खारिज

**गोंडा।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार प्रथम ने तरबगंज थाना क्षेत्र में ढाई माह पहले हुए दहेज हत्या के मामले में आरोपी सास की जमानत खारिज हो गई है। जिला शासकीय अधिवक्ता बसंत कुमार शुक्ला के अनुसार थाना तरबगंज क्षेत्र के रहने वाले राघवेन्द्र पांडेय ने तहरीर देकर कहा कि दो साल पहले बेटी अंतिमा की शादी सिंगहाभोज निवासी शुभम मिश्रा से की थी। सात मई 2022 को सभी ने मिलकर बेटी के गले में रस्सी कसकर लटका दिया, जिससे मौत हो गई। पुलिस ने दहेजहत्या के तहत सास विमला देवी को गिरफ्तार कर लिया। सत्र न्यायाधीश रविन्द्र कुमार प्रथम ने अभियुक्त विमला का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। (संवाद)

# चोरी करते एक व्यक्ति को पकड़ा

रुपईडीह। रामापुर में गुरुवार देर रात कुछ व्यक्ति चोरी की नियत से एक घर में घुसकर सामान उठा रहे थे कि खड़बड़ाहट की आवाज सुनकर परिवार के लोग जग गए और शोर मचाते हुए लोगों की मदद से उन्हें सामान समेत पकड़ लिया। जिसकी सूचना गृह स्वामी लल्लन जायसवाल ने डायल 112 व स्थानीय पुलिस को देते हुए पकड़े गए व्यक्ति को मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस सौंप दिया।

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामापुर के निवासी लल्लन जयसवाल ने तहरीर में बताया है कि परिवार के लोग सो रहे थे तभी चोरी की नीयत से एक व्यक्ति घुसकर सामान चोरी कर रहा था। आवाज होने पर लोगों ने पकड़ लिया। थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# आत्मदाह की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

इटियाथोक। आत्मदाह की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि नाथूराम पुत्र छवि राम निवासी ककरहवा तेलियानी कानूनगो का भूमि विवाद बहराइच के एक व्यक्ति से विवाद चल रहा है। जिसके सम्बन्ध में नाथूराम ने कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच में आत्मदाह करने की तहरीर दी थीं। समझाने बुझाने के बाद भी जिद पर अड़े रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# छात्राओं से छेड़खानी का आरोपी दबोचा गया

इटियाथोक। स्कूली छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि अभियुक्त संजय सिंह निवासी गढ़ी थाना मोतीगंज को छेड़खानी करने के आरोप में पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

# जहरखुरानी गिरोह ने युवक को लूटा, फरार

गोण्डा। कोतवाली देहात क्षेत्र के बानधनुहिया गांव के पास एक युवक बेहोशी की हालत में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पीआरवी 0855 की टीम ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक से कुछ लोग युवक को लेकर आए। सड़क पर लिटाकर फरार हो गए। पीआरवी वाहन पर तैनात राम सूरत पाण्डेय ने बताया कि युवक की पहचान नही हो सकी है।

# चार निरीक्षक समेत 20 उपनिरीक्षकों को मिली नई तैनाती

**संसू, गोंडा** : पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने चार निरीक्षकों समेत 20 उपनिरीक्षकों का तबादला किया है। प्रभारी जनसूचना सेल निरीक्षक अटल बिहारी ठाकुर को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा बनाया गया है। निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह व आलोक कुमार सिंह को अपराध शाखा में तैनात किया गया है।

वहीं प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ निरीक्षक संतोष कुमार सरोज को अतिरिक्त प्रभारी जन सूचना प्रकोष्ठ बनाया गया है। पुलिस लाइंस में तैनात उपनिरीक्षक शेषनाथ पांडेय को चौकी प्रभारी न्यायालय, चंद्र भान प्रसाद को चौकी न्यायालय, अजय कुमार तिवारी को चौकी प्रभारी तिवारी बाजार, अर्जुन सिंह को चौकी प्रभारी खोरहंसा, सुरेश कुमार को चौकी प्रभारी भवनियापुर खुर्द बनाया गया है।

वहीं उप निरीक्षक अरविंद कुमार चौकी प्रभारी जिगना, महिला उपनिरीक्षक विद्या सिंह को चौकी प्रभारी महिला रिपोर्टिंग चौकी नवाबगंज बनाया गया है। योगेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी माधवपुर, सावन कुमार सिंह को चौकी प्रभारी धोबहाराय, विनय कुमार पांडेय को चौकी प्रभारी नियांवा, जितेंद्र सिंह को पेशी क्षेत्राधिकारी नगर, जय नाथ पंडित को पेशी क्षेत्राधिकारी मनकापुर, ओम प्रकाश सिंह जन शिकायत प्रकोष्ठ, हरिकृष्ण को जन शिकायत प्रकोष्ठ (फीडबैक), अनिल कुमार सिंह को अपराध शाखा व उपनिरीक्षक अशोक कुमार यादव को मानीटरिंग सेल में तैनाती दी गई है।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार

**वजीरगंज (गोंडा)।** थाना परिसर में थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बीते दिन पीस कमेटी की बैठक की। मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों को जानकारी दी। ताजिया को लेकर कहीं पर भी रास्ते का विवाद हो तो अवगत कराएं। सब लोग एक-दूसरे का सहयोग करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। बैठक में प्रधान नरेंद्र मिश्रा, अरुण शुक्ला, शत्रोहन तिवारी, अतीउल्ला, लालजी सिंह, रामचंद्र मिश्रा, सुरेंद्र सिंह व इजहार उपस्थित रहे। (संवाद)

# बाइक चोरी

**परसपुर** : नगर पंचायत के वार्ड 13निवासी राकेश कुमार रस्तोगी का बसंतपुर गांव में ईंट भटठा है। उनकी मोटर साइकिल वहीं खड़ी थी। चोर बाइक को चुरा ले गए। पीड़ित ने तहरीर दी है। थाना प्रभारी ने कहा कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# मारपीट में एक गिरफ्तार

आर्यनगर : सामान खरीदने को लेकर हुए विवाद में कौड़िया के मल्लापुर कस्बा निवासी मन्नान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने कहा कि मारपीट का मुकदमा किया गया था। (संसू)

## एक नजर में

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट,चार पर मुकदमा

परसपुर : : डेहरास गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। इसमें एक पक्ष के जितेंद्र नाथ तिवारी व दूसरे पक्ष के अमित तिवारी व विनीता तिवारी समेत तीन लोग घायल हुए है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। पुलिस ने कहा कि दो पक्षों की तरफ से तहरीर मिली है। चार पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# पिता समेत दो पुत्रों की जमानत खारिज

## करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में गैर इरादतन हत्या का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र कुमार प्रथम ने कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र में लगभग चार माह पहले हुए गैरइरादतन हत्या की घटना में आरोपित दो पुत्र व उनके पिता की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

जिला शासकीय अधिवक्ता बसंत कुमार शुक्ला के अनुसार, करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बाजार निवासी ताज मोहममद ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि 27 मार्च 2022 की सुबह मोहल्ले के फिरोज, गुलाम मुस्तफा व सिराज लेनदेन को लेकर अपशब्द बोलने लगे। विरोध करने पर उसे व परिजनों अब्बास, अरबाज, सोनू, हिना को मारपीट कर घायल कर दिया।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सोनू की मौत हो गई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा तरमीम कर विवेचना शुरू की और पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपी तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। अभियुक्तों के द्वितीय जमानत प्रार्थनापत्र की सुनवाई के दौरान मुकदमे के तथ्य, परिस्थितियों एवं अपराध की गंभीरता को देखते हुए सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार प्रथम ने अभियुक्त फिरोज, बाबू उर्फ गुलाम मुस्तफा व सिराज का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

## दुराचारी को 10 वर्ष की कैद, 50 हजार जुर्माना

**बलरामपुर।** जिला सत्र न्यायाधीश ने दुराचार के दोषी व्यक्ति को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। जिला जज ने दोषी को 50 हजार जुर्माना भी अदा करने का आदेश दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 10 जुलाई 2016 को एक व्यक्ति ने कोतवाली देहात बलरामपुर में प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी पत्नी खेत में घास काटने गई थी। जहां पर कल्लू ने उसके साथ दुराचार किया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर विवेचना शुरू की। विवेचक ने कल्लू को प्रथम दृष्टया दुराचार का आरोपी मानते हुए उसके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने सात लोगों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला सत्र न्यायाधीश लल्लू सिंह ने आरोपी को दुराचार का दोषी मानते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला जज ने अर्थदंड में से 15 हजार रुपये प्रतिकर के रूप में पीड़िता को देने का आदेश दिया है। (संवाद)

# जिम संचालक के दो साथी पकड़े, पुख्ता सुराग का दावा

संवाद न्यूज एजेंसी

## अपहरण के आरोपी प्रशांत सिंह का अयोध्या में मिला लोकेशन

गोंडा। शिक्षिका अपहरण कांड के आरोपी जिम संचालक प्रशांत सिंह के दो साथियों को पुलिस ने गुरुवार की रात उठाया है। पूछताछ में पता चला कि अपहरण के दौरान दोनों प्रशांत की गाड़ी में मौजूद थे। एक साथी गाड़ी चला रहा था तो दूसरा अपहरण में प्रशांत की मदद कर रहा था। दोनों से मिले सुराग के आधार पर पुलिस को प्रशांत की लोकेशन अयोध्या में मिली है।

नवाबगंज के एक गांव के एक निजी स्कूल में शिक्षिका का 16 जुलाई की सुबह अन्य शिक्षिकाओं के संग ई-रिक्शा से स्कूल जाते समय कस्बे के कटी तिराहे के पास तुलसीपुर माझा निवासी चौपहिया वाहन सवार जिम संचालक प्रशांत सिंह ने अपहरण कर लिया था।

शिक्षिका की मां ने थाना नवाबगंज में प्रशांत सिंह के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस सोमवार को प्रशांत सिंह के जिम में ताला लगा चुकी है। उसके तीन बैंकों के खातों को भी फ्रीज करा चुकी है। पुलिस आरोपी जिम संचालक पर शिकंजा कसते हुए गुरुवार की रात उसके दो साथियों को उठाया है। पूछताछ में पता चला कि अपहरण के दौरान एक प्रशांत की गाड़ी चला रहा था तो दूसरा शिक्षिका को अगवा करने में उसकी मदद कर रहा था।

दोनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस पड़ताल तेज की तो प्रशांत का लोकेशन अयोध्या में मिला। अपहरण में प्रयुक्त की चौपहिया गाड़ी भी अयोध्या में मौजूद है। पुलिस प्रशांत की गिरफ्तारी के लिए अयोध्या के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। थाना नवाबगंज के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि प्रशांत के दो साथियों को उठाकर पूछताछ की गई तो कई सुराग मिले हैं।

आरोपी की लोकेशन अयोध्या में मिली है, अपहरण में प्रयुक्त उसकी गाड़ी भी अयोध्या में होने की जानकारी मिली है। प्रशांत की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

# घर में घुसकर चोरी करते धरा गया युवक

**दुबहा बाजार (गोंडा)।** कौड़िया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामापुर निवासी लल्लन जायसवाल के घर में गुरुवार देरशाम एक युवक घुस आया और सामान समेटने लगा। आहट पाकर परिवार लोग जाग गए और युवक को पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। थानाध्यक्ष कौडिया मदन लाल गौतम ने बताया कि पकड़े गए युवक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-07-2022

हिन्दुस्त हिन्दु

# पुलिस टीम पर हमले में पांच लोगों को दस साल की सजा

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपियों को दस साल के कारावास की सजा न्यायालय ने दी है। अभियुक्तों को दस हजार रुपए जुर्माना भी अदा करना होगा। जुर्माना न अदा करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

शासकीय अधिवक्ता वर्षकार सिंह कलहंस ने बताया कि 25 सितंबर 2018 को थाना महराजगंज तराई की पुलिस बलबा के अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने गई थी। जहां पर अभियुक्त कौशल श्रीवास्तव, शंकर श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, केशव श्रीवास्तव व चन्द्रशेखर श्रीवास्तव ने हल्का प्रभारी पर जानलेवा हमल कर दिया। अभियुक्तों ने बीट आरक्षी के पेट में चाकू से वार किया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा। मामले में सुनवाई के दौरान क्षेत्राधिकारी ललिय राधारमण सिंह, प्रभारी निरीक्षक केके यादव ने पैरवी करके गवाहों क बयान दर्ज कराया। न्यायालय ने अभियुक्तों को पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने व बलबा के मामले में दस साल कारावास व प्रत्येक अभियुक्त का दस-दस हजार रुपए जुर्माना अदा करने क दंड दिया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को दस साल सजा

बलरामपुर, संवाददाता। जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दस साल साश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 50 हजार रुपए अर्थ दण्ड अदा करना होगा। जुर्माने की राशि में से 15 हजार रुपए पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दस जुलाई 2016 को प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि सुबह करीब नौ बजे उसकी पत्नी खेत में घास काटने गई थी। तभी वहां पर ग्रामवासी कल्लू उर्फ कामता पहुंच गया और उसकी पत्नी को बेइज्जत करने की नीयत से पकड़ लिया। पीड़िता के विरोध करने पर कल्लू ने उसका ब्लाउज फाड़कर अर्धनग्न कर दिया और उसकी पत्नी के दुष्कर्म किया। जब उसकी पत्नी ने विरोध किया तो हंसिया छीनकर उसे मारकर घायल कर दिया।

# दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को 10 साल का कारावास

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** दुष्कर्म मामले में जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने अभियुक्त को 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात की एक महिला 10 जुलाई 2016 को सुबह घास काटने खेत गई थी। कोतवाली देहात के ही कल्लू उर्फ कामता ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अभियोजन की ओर से छह गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि साथियों ने झूठा बयान दिया है। रंजिशन व ग्रामीणों के उकसाने पर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। आवेदक निर्दोष है। अभियोजन की ओर से तर्क दिया गया कि पीड़िता ने रूबरू अदालत में बयान में घटना का पूर्ण समर्थन किया है। जनपद न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को 10 साल कैद व 50 हजार रुपया जुर्माना से दंडित किया है। निर्देश दिया कि जुर्माने की धनराशि में 15 हजार रुपये पीड़िता को दिया जाए।

***

# पांच अभियुक्तों को 10 साल का कारावास

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : अपर सत्र न्यायाधीश अभिनीतम उपाध्याय ने पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के मामले में पांच अभियुक्तों को 10 साल कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता वर्षकार सिंह कलहंस ने बताया कि थाना महराजगंज तराई में वर्ष 2018 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी कि महराजगंज तराई निवासी शैलेंद्र श्रीवास्तव, कौशल श्रीवास्तव, शंकर श्रीवास्तव, केशव श्रीवास्तव व चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने पुलिस बल पर जानलेवा हमला किया और बीट आरक्षी के पेट में चाकू से हमला कर दिया।

अभियोजन की ओर से नौ गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि पुलिस ने रंजिशन एक ही परिवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के सभी गवाह पुलिसकर्मी है। घटना भीड़भाड़ इलाके की बताई गई है, लेकिन किसी स्वतंत्र साक्षी ने घटना का समर्थन नहीं किया है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद 10 साल कैद व आयुध अधिनियम में दो साल कारावास एवं 10 हजार रुपये प्रत्येक अभियुक्त को अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# आरक्षी पर हमला करने वाले पांच लोगों को 10 साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

## 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**बलरामपुर।** गिरफ्तारी के दौरान हलका प्रभारी पर चाकू से हमला करने वाले पांच लोगों को कोर्ट ने 10-10 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

एसपी आरके सक्सेना ने शुक्रवार को बताया कि 25 सितंबर 2018 को थाना महराजगंज तराई में दबिश के दौरान आरोपी कौशल श्रीवास्तव, शंकर श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, केशव श्रीवास्तव व चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने चाकू लहराते हुए हलका प्रभारी एसआई के पेट पर हमला कर दिया था। एसआई ने केस दर्ज कराया था। एसआई निजामुद्दीन खां को विवेचना सौंपी गई। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में ऑपरेशन शिकंजा के तहत कोर्ट में मुकदमे की पैरवी शुरू की गई। सीओ ललिया राधारमण सिंह, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक केके यादव, अभियोजन अधिकारी वर्षकार कलहंस, पैरोकार थाना महराजगंज तराई व जिला अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर गवाहों को समय से उपस्थित कराया गया। कोर्ट ने दोषी पांचों अभियुक्तों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# दो पुत्रों की जमानत खारिज

## वाली क्षेत्र में गैर इरादतन हत्या का मामला

## दुराचारी को 10 वर्ष की कैद, 50 हजार जुर्माना

**बलरामपुर।** जिला सत्र न्यायाधीश ने दुराचार के दोषी व्यक्ति को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। जिला जज ने दोषी को 50 हजार जुर्माना भी अदा करने का आदेश दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 10 जुलाई 2016 को एक व्यक्ति ने कोतवाली देहात बलरामपुर में प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी पत्नी खेत में घास काटने गई थी। जहां पर कल्लू ने उसके साथ दुराचार किया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर विवेचना शुरू की। विवेचक ने कल्लू को प्रथम दृष्टया दुराचार का आरोपी मानते हुए उसके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने सात लोगों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला सत्र न्यायाधीश लल्लू सिंह ने आरोपी को दुराचार का दोषी मानते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला जज ने अर्थदंड में से 15 हजार रुपये प्रतिकर के रूप में पीड़िता को देने का आदेश दिया है। (संवाद)

# युवक पर चाकू से हमला, छह पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**गैड़ास बुजुर्ग (बलरामपुर)।** सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायलों का इलाज कराने वाले युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो ज्ञात व चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के ओबरीडीह निवासी ओसामा बीते गुरुवार को बाइक से अपने दादी साफिया खातून व भतीजी छह वर्षीय माही के साथ बाजार जा रहा था। मुंडामाफी चौराहा पर अज्ञात बाइक सवार ने ठोकर मार दी, जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। इसी रास्ते पर मुंडामाफी निवासी दीपक जा रहे थे। उन्होंने घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज कराते समय दो लोगों ने दीपक पर चाकू से हमला कर दिया।

दीपक के पिता राम दुलारे ने शुक्रवार को सादुल्लाहनगर थाने की पुलिस को तहरीर दी, जिसमें कहा है कि ओबरीडीह निवासी अनस व ओसामा के साथ चार अन्य लोगों ने उनके बेटे को चाकू मारकर घायल किया है। दीपक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल से दीपक को ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। दीपक के आंख में गंभीर चोट आई है।

प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अनस व ओसामा के साथ-साथ चार अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। अनस व ओसामा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि हेड कांस्टेबल ज्ञान बहादुर व रामू सिंह की टीम ने रुद्रगढ़ नौसी गौशाला के पास बल्दूपुरवा बनगाई निवासी आकाश उर्फ गुड्डे को एक चाकू के साथ पकड़ा है। आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों का चालान कर दिया गया। (संवाद)

# गहरे गड्ढे में डूबकर छात्र की मौत

गैड़ास बुजुर्ग (बलरामपुर)। थाना क्षेत्र के हासिमपारा बाजार निवासी छात्र की दोस्तों के साथ नहाते समय गहरे गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि मनोज (13) अपने दो दोस्तों के साथ शुक्रवार शाम मोहम्मदनगर गांव के पास गहरे गड्ढे में नहाने गया था। गड्ढे की गहराई में जाने पर मनोज की डूबकर मौत हो गई। मनोज कक्षा छह का छात्र था। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत कर शव को गड्ढे से बाहर निकाला। (संवाद)

# दहेज हत्या आरोपी सास की जमानत खारिज

**गोंडा।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार प्रथम ने तरबगंज थाना क्षेत्र में ढाई माह पहले हुए दहेज हत्या के मामले में आरोपी सास की जमानत खारिज हो गई है। जिला शासकीय अधिवक्ता बसंत कुमार शुक्ला के अनुसार थाना तरबगंज क्षेत्र के रहने वाले राघवेन्द्र पांडेय ने तहरीर देकर कहा कि दो साल पहले बेटी अंतिमा की शादी सिंगहाभोज निवासी शुभम मिश्रा से की थी। सात मई 2022 को सभी ने मिलकर बेटी के गले में रस्सी कसकर लटका दिया, जिससे मौत हो गई। पुलिस ने दहेजहत्या के तहत सास विमला देवी को गिरफ्तार कर लिया। सत्र न्यायाधीश रविन्द्र कुमार प्रथम ने अभियुक्त विमला का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। (संवाद)

# गश्त बढ़ा वारदातों में लाएं कमी

## अपर पुलिस महानिदेशक ने प्रभारी निरीक्षकों को दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने दो दिवसीय जिला भ्रमण के दूसरे दिन पुलिस लाइन सभागार में क्राइम मीटिंग की। इसमें जिले के सभी कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को कानून व्यवस्था को लेकर कोई ढिलाई न बरतने का निर्देश दिया गया। इसके बाद समीक्षा करके सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने का निर्देश दिया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक ने सभी प्रभारी निरीक्षकों को निर्देश दिया कि लावारिस वाहनों व मुकदमों वाले वाहनों का निस्तारण कराएं। कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री पर पूरी तरह से नियंत्रण लाएं। चोरी, लूट व नकबजनी की वारदातों का खुलासा कम से कम समय में करें। रात्रि गश्त बढ़ाकर वारदातों में कमी लाएं।

उन्होंने गैंगस्टर, मिशन शक्ति अभियान आदि के बारे में भी गहन समीक्षा की। आईजीआरएस के साथ-साथ जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराने का निर्देश दिया। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया। पुलिस लाइन का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने परिसर में पौधरोपण किया। सभी प्रभारी निरीक्षकों को निर्देश दिया कि थाना परिसरों में पौधे रोपित करके पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में योगदान दें। इस मौके पर एसपी राजेश कुमार सक्सेना व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव सहित चारों सर्किल के सीओ भी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन का जायजा लेते अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार व अन्य। -संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-07-2022

# गैंगरेप व पाक्सो एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

बहराइच, संवाददाता। मोतीपुर थाने में एक गांव में दो चचेरी बहनों के साथ गैंगरेप की वारदात हुई थी। इस मामले में नामजद किए गए तीन आरोपियों को पुलिस ने नैनिहा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि दो सप्ताह पूर्व एक गांव में रात में नृत्यांगनाओं के नृत्य का कार्यक्रम था। दो चचेरी बहनें कार्यक्रम देखकर घर लौट रही थी। रास्ते में तीन युवकों ने इन बहनों को पकड़कर सुनसान जगह पर ले जाकर गैंगरेप किया। इस मामले की जानकारी पीड़िताओं ने काफी समय बाद परिजनों को दी, जिससे आक्रोश फैल गया। गुरुवार को इस मामले में पीड़ित परिजनों ने केस दर्ज कराया। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए। सीओ मिहींपुरवा डॉ.जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में एसएचओ मुकेश कुमार सिंह ने दरोगा अतीउल्ला, मुख्य सिपाही रामानंद यादव, सिपाही राज कुमार यादव, अंकुर सिंह ने गुरुवार देर शाम नैनिहा मोड़ के पास दबिश देकर दौलतपुर के बरुहीपुरवा निवासी शैलेश निषाद, पंकज निषाद, लखीमपुर जिले के ईशानगर थाने के बेलागढ़ी के छत्तर बंगला के सरबजीत को दबोच लिया।

## रेप के दो आरोपी गिरफ्तार

रुपईडीहा। नेपाल के बर्दिया जिले की 16 वर्षीया बालिका के साथ रेप के दो फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बर्दिया जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता सूर्य प्रकाश सुबेदि ने बताया कि बांके जिले की बैजनाथ गांव सभा निवासिनी बालिका अपनी बर्दिया जिले की बढ़ैयाताल स्थित अपनी बहन के यहां गई थी। वहीं अकेले में टहलने निकली बालिका के साथ गांव सभा बैजनाथ वार्ड नम्बर आठ निवासी 30 वर्षीय राजेश मंगता व 20 वर्षीय रोहन खटिक रेप कर फरार हो गए थे। इन दोनों को बर्दिया जिले की मैनापोखर पुलिस पोस्ट के जवानों ने गुरुवार की शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने नहीं दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

बहराइच। फखरपुर के एकघरवा गांव में बुधवार की रात एक घर में चोरी की वारदात हुई थी। इस वारदात में लगभग दो लाख की सम्पत्ति चोरी हुई थी। गुरुवार सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। एक युवक पर वारदात में शामिल होने का शक जताया था। पुलिस ने रिपोर्ट ही दर्ज नहीं की।

एकघरवा के राकेश कुमार पांडेय के घर में बुधवार रात चोरों ने घुसकर टिल्लू पम्प,तीन थान सोने के कीमती जेवर, तीन एंड्रायड मोबाइल, साइकिल व 15 हजार नकदी गायब कर दी। गुरुवार सुबह जब घर में लोग जागे, तब उन्हें चोरी की भनक लगी। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर शक जताते हुए तहरीर दी थी।

# डीएओ ने बार्डर पार करने से पहले पकड़ा खाद से लदा वाहन

## नेपाल आपूर्ति की आशंका, वाहन स्वामी और चालक पर मुकदमा दर्ज

**कार्रवाई**

**बहराइच, संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से लगे सर्राकला के पास शुक्रवार को वाहन पर लादकर नेपाल तस्करी के लिए ले जाई जा रही खाद को डीएओ ने पकड़ लिया। खाद का ब्योरा न देने पर चालक व वाहन स्वामी पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने खाद सहित वाहन को कब्जे में ले लिया है। इस खुलासे के बाद कृषि विभाग सतर्क हो गया है। क्षेत्रीय खाद दुकानों के सत्यापन का फैसला लिया गया है।

जिले में पर्याप्त खाद उपलब्ध होने के बावजूद मिहींपुरवा क्षेत्र में किसानों को खाद न मिलने की सूचना पर जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय निरीक्षण पर निकले थे। दोपहर सर्राकला गांव के पास जर्जर वाहन पर खाद लादकर सीमा पार करने की सूचना उन्हें मिली।



खाद लदे वाहन की जांच करते डीएओ सतीश कुमार पांडेय।

वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वाहन नंबर देखकर वाहन का तिरपाल खोलवाया। वाहन पर 30 बोरी कृभको यूरिया लदी पाई गई। खाद से जुड़े अभिलेख चालक नहीं दे सका। इस पर मोतीपुर थाने में मजगवां निवासी इसरार अली पर उर्वरक अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया गया है। खाद व वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। डीएओ ने बताया कि मिहींपुरवा के श्री निवास खाद भंडार से उर्वरक लाने की बात सामने आ रही है।

दुकान के स्टाक व बिक्री अभिलेखों की जांच कराई जाएगी। स्टाक गलत पाया गया तो लाइसेंस निलंबित किया जाएगा।

### मिहींपुरवा ब्लॉक की हर दुकान का होगा सत्यापन

बहराइच। डीएओ ने बताया कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक मुहैय्या कराने के लिए ई-पाश मशीन के प्रयोग पर जोर दिया गया है। कुछ लोग ऐसा नहीं कर रहे हैं। अब ब्लॉक की सभी दुकानों का टीम गठित कर जांच कराई जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

# महराजा बलभद्र सिंह के नाम से होगी बस अड्डे की पहचान

- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नामकरण के संबंध में बैठक
- सेनानी रामहर्ष के नाम पर रुपईडीहा बस अड्डे का होगा नामकरण

**जासं, बहराइच :** कलेक्ट्रेट सभागार में इंदिरा स्टेडियम में निर्मित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल एवं दो रोडवेज बस स्टैंड के नामकरण को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एमलसी डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी व बलहा विधायक सरोज सोनकर की मौजूदगी में डीएम डा. दिनेश चंद्र ने अध्यक्षता की।

बैठक में इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल का नामकरण स्वतत्रंता सेनानी पं. भगवानदीन मिश्र वैद्य के नाम पर रखने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसी प्रकार रोडवेज बस स्टैंड बहराइच का नामकरण महाराजा बलभद्र सिंह के नाम पर व रुपईडीहा बस स्टैंड का नाम स्थानीय स्वत्रंता सेनानी रामहर्ष विद्रोही के नाम पर करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ। बैठक के समापन दौर में आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल आयोजन के उद्देश्य से सभागार में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी ने देश भक्ति गीत विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा के सामूहिक गान से प्रेरित किया।

इस मौके पर एसडीएम सदर सुभाष सिंह धामी, जिला क्रीड़ा अधिकारी नीरज मिश्रा, नवांगतुक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज डीके तिवारी और उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी भी मौजूद रहे।

# जमीन के विवाद में संघर्ष छह घायल, मुकदमा दर्ज

**संसू, शिवपुर/खुटेहना वहराइच)** : जमीन विवाद को लेकर हुए संघर्ष में छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा।

खैरीघाट के परागी बेली गांव में जमीन विवाद में मारपीट हो गई। धारदार हथियार से हुए हमले में सगे भाई भासू व सुलखे घायल हो गए। घायलों ने बताया कि खेत की मेड़ को लेकर लालता प्रसाद से कहासुनी हो गई। पत्नी, बेटी व दामाद के साथ मिलकर उन्होंने लाठी-डंडा व फावड़ा से हमला कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पयागपुर के मोहम्मदपुर ककरहा कुट्टी में घर में घुसकर दबंगों ने सीमा सिंह व उनके पति मनोज सिंह की पिटाई कर दी। सीमा ने बताया कि फसल को नुकसान पहुंचाने का विरोध करने पर रात में दबंग घर में घुस आए और मारा पीटा। ग्राम सोनारनपुरवा अकरौरा में गीता देवी व मुस्कान को जमीन विवाद की दबंगों ने पिटाई कर दी। घायल महिला के पति अर्जुन प्रसाद ने बताया कि कुछ दिन पहले पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की थी। जमानत कराकर पहुंचे दबंगों ने घर में घुसकर उनकी पत्नी व बेटी को पीटकर लहूलुहान कर दिया। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



बशीरगंज में सफाई करवाते चौकी इंचार्ज कमल शंकर चतुर्वेदी ( दाएं से दूसरे ) ● जागरण

# बशीरगंज में शुरू कराया गया आपरेशन क्लीन

**जासं, बहराइच** : अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने वाली पुलिस स्वच्छता अभियान की अलख भी जगा रही है। सफाई कर्मियों संग मुहल्ले में साफ-सफाई कराने के साथ लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है।

पुलिस के इस पहल से मुहल्ले में सफाई व्यवस्था बेहतर हो रही है। प्रभावित होने वाले लोग अब साफ-सफाई पर ध्यान दे रहे हैं। वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर कोतवाली के बशीरगंज चौकी इंचार्ज कमलशंकर चतुर्वेदी ने चौकी क्षेत्र में आपरेशन क्लीन की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि बढ़ती आबादी से ग्लोबल वार्मिंग, अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और सूखा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जनता से अपेक्षा है कि इन समस्याओं को ध्यान में रखकर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। इधर-उधर कूड़ा फेंकने की जगह कूड़ादान का उपयोग करें।

# महानगरों तक ट्रेन चलाने की फिर उठने लगी मांग

**जासं, बहराइच :** गोंडा-बहराइच रेल प्रखंड पर इंटरलाकिंग का काम पूरा हो चुका हैं। इसके बावजूद लाखों की आबादी महानगरों से नहीं जुड़ पा रही है, जबकि गोंडा-बहराइच रेल प्रखंड पर ब्राडगेज लाइन को बिछाने के बाद विद्युतीकरण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

इसके बाद से लोगों में बहराइच से अयोध्या, बनारस, गोरखपुर, लखनऊ, बिहार, दिल्ली समेत अन्य राज्यों तक ट्रेन चलने की संभावना जगी थी, लेकिन गोंडा में नान इंटरलाकिंग कार्य पूरा न होने के चलते उम्मीदों पर पानी फिर गया। हालांकि रेलवे ने अब इंटरलाकिंग कार्य भी पूरा कर लिया है। एक माह से अधिक का समय बीतने को है। बावजूद इसके अभी तक बहराइच-गोंडा के बीच ही ट्रेनें दौड़ रही हैं। मिहींपुरवा तहसील के गंगापुर गांव निवासी सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि बहराइच से गोंडा होते हुए गोरखपुर व बिहार के लिए यदि ट्रेन चला दी जाए तो तहसील क्षेत्र में रहने वाली पूर्वांचल के लाखों की आबादी को राहत मिलेगी। नानपारा तहसील के सुशील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अयोध्या, बनारस, इलाहाबाद व लखनऊ के लिए ट्रेनों को चलाया जाना चाहिए, जिससे लोगों को तीर्थ जाने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। पयागपुर के मल्लव निवासी अजय कुमार ने बताया कि इंटरलाकिंग कार्य पूरा होने के बाद दार्शनिक स्थलों की यात्रा और सुलभ होने की उम्मीद प्रबल हुई थी, लेकिन अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि बहराइच से गोरखपुर समेत अन्य महानगर की ओर ट्रेन चलाने को लेकर जल्द ही रेलवे विचार करेगा।



रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़ • जागरण

# जिलाधिकारी ने माफ कराई दिव्यांग छात्र की फीस

## पिता कैंसर पीड़ित होने पर आर्थिक तंगी से जूझ रहा छात्र

**जासं, बहराइच** : मिहींपुरवा के ग्राम ककरहा निवासी दिव्यांग छात्र राजन जायसवाल ने जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के जनता दर्शन में पहुंचे। बताया कि वह राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालंधर (पंजाब) से बीटेक फाइनल इयर का छात्र है, जिस पर लगभग प्रति वर्ष एक लाख का खर्च आता है।

छात्र ने बताया कि उसका परिवार गरीब है, पिता मजदूर हैं और वर्तमान समय में कैंसर से पीड़ित हैं। अब तक परिवार ने जैसे-तैसे उसकी फीस भरी है, परंतु पिता की बीमारी के कारण परिवार में अब इतनी शक्ति नहीं है कि उसकी फीस जमा कर सकें। दिव्यांग छात्र ने डीएम से फीस जमा कराने में मदद करने का अनुरोध किया। छात्र की मार्मिक अपील पर डीएम ने कालेज के निदेशक से तत्काल मोबाइल पर बात की। डीएम की अपील पर संस्थान के निदेशक ने आश्वस्त किया कि छात्र से न तो ट्यूशन फीस ली जाएगी और न ही हास्टल शुल्क वसूला जाएगा। बल्कि संस्थान से उसे हर संभव मदद भी दी जाएगी। डीएम ने कालेज को पत्र भी भेजा है। छात्र ने डीएम को बताया कि उसे पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति तथा दिव्यांग पेंशन मिल रही है। डीएम ने उसकेपिता के इलाज में भी हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक सुभाष त्रिपाठी व पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट मे दिव्यांग छात्र राजन जायसवाल से मिलते डीएम डा. दिनेश चंद्र • जागरण

### पिती की बीमारी से पांच बहनों की भी चिंता

छात्र ने बताया कि वह दो साल तक किसी तरह से कालेज में पढ़ रहा था। उसकी पांच बहनें हैं। पिता के कैंसर पीड़ित होने के कारण वह खेती भी नहीं कर पा रहे। उसके चेहरे पर अपनी बहनों की चिंता भी साफ दिखी।

# छात्र का दर्द सुन पसीजे डीएम, माफ कराई फीस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** डीएम सर! मैं दिव्यांग छात्र हूं। पंजाब से बीटेक की पढ़ाई कर रहा हूं। हर साल एक लाख रुपये खर्च आ रहा है। घर में आय का कोई साधन न होने के कारण फीस भरने में असमर्थ हूं और कैंसर से पीड़ित पिता का इलाज कराने में काफी समस्या आ रही है। यह दर्द बयां करते हुए ककरहा गांव निवासी दिव्यांग डीएम के सामने फफक पड़ा। छात्र का यह दर्द देख डीएम का दिल पसीज उठा और उन्होंने विद्यालय के निदेशक से वार्ता कर छात्र की फीस माफ करवाई। भरोसा दिलाया कि पिता के इलाज में जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा।

मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम ककरहा निवासी दिव्यांग छात्र राजन जायसवाल ने

## कैंसर से पीड़ित पिता के इलाज में मदद का भी आश्वासन

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के जनता दर्शन में पहुंचकर बताया कि वह राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालंधर (पंजाब) से बीटेक फाइनल ईयर का छात्र है। प्रति वर्ष लगभग एक लाख का खर्च आता है। दिव्यांग छात्र ने बताया कि उसका ताल्लुक गरीब परिवार से है। पिता पन्नालाल जायसवाल मजदूर हैं और कैंसर से पीड़ित हैं। छात्र ने बताया कि अब तक परिवार ने जैसे-तैसे उसकी फीस भरी, लेकिन अब कोई रास्ता नहीं है।

दिव्यांग छात्र का दर्द सुनकर डीएम ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर के निदेशक से तत्काल मोबाइल पर बात की। डीएम की अपील पर संस्थान के निदेशक ने आश्वस्त किया कि छात्र से न तो ट्यूशन फीस ली जाएगी और न ही हॉस्टल शुल्क वसूल किया जायेगा बल्कि संस्थान छात्र की हर संभव मदद करेगा। डीएम ने संस्थान के निदेशक को पत्र भी प्रेषित किया है। डीएम ने दिव्यांग छात्र को आश्वस्त किया कि पिता के इलाज में भी हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।



बहराइच के कलेक्ट्रेट में दिव्यांग छात्र से बातचीत करते डीएम डॉ. दिनेश चंद्र। -संवाद

# नेपाल सीमा पर 30 बोरी यूरिया बरामद



पकड़ा गया वाहन और ड्राइवर से पूछताछ करते कृषि अधिकारी। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** कृषि विभाग की टीम ने मोतीपुर में नेपाल सीमा पर छापा मारकर पिकअप से 30 बोरी यूरिया बरामद की है। मामले में पिकअप चालक, वाहन स्वामी व अज्ञात के खिलाफ यूरिया की कालाबाजारी का मुकदमा दर्ज किया गया है। वाहन को भी सीज कर दिया गया है।

जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय ने बताया कि सीमा के पांच किलोमीटर के दायरे में खाद की बिक्री पर पाबंदी है। शुक्रवार को सूचना मिली कि यहां यूरिया ले जाई जा रही है। इसके बाद टीम ने

## सीमा के पांच किमी. दायरे में प्रतिबंधित है बिक्री

मोतीपुर के सर्राकला में छापा मारा तो पिकअप से 30 बोरी यूरिया बरामद हुई। पिकअप चालक इसरार अली उर्फ मुन्ना से पूछताछ की गई तो उसने किसानों की यूरिया होने की बात बताई।

शाम छह बजे तक किसानों के आने का इंतजार किया गया लेकिन कोई नहीं आया। इस पर इसरार ने मिहींपुरवा के श्रीनिवास वर्मा की दुकान से यूरिया लाने की बात कही। इसके बाद मोतीपुर थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया गया।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-07-2022

# नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी जेल भेजे गए

इकौना, संवाददाता। इकौना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी टीम ने शुक्रवार दुष्कर्म के आरोपी पवन उर्फ कालिया को भोजपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया।

इकौना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय युवती को इसी थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मनपुर गोड़पुरवा के मजरा परमपुर निवासी पवन उर्फ कालिया पुत्र मानिक राम बीते छह जुलाई को भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुराचार व पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी टीम में सेमरी तरहर चौकी प्रभारी योगेन्द्र बाबू, आरक्षी रोहित पटेल व अंकुर कुमार शामिल रहे। इसी तरह से सिरसिया पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले पोक्सो एक्ट के आरोपी लल्ला उर्फ मनोज कुमार पांडेय पुत्र राम अभिलाष पांडेय निवासी पदम चक्की थाना हर्रैया जनपद बलरामपुर को मुखबिर की सूचना पर बेचईपुरवा बाजार के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# किशोरी की मौत में भाई गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बड़का धर्मतापुर गांव का मामला पुलिस ने आंगन से खुदवा कर बाहर निकाला था शव**

**श्रावस्ती।** बड़का धर्मतापुर गांव निवासिनी एक किशोरी विगत दो सप्ताह से संदिग्ध हालात में लापता थी। मामले में चौकीदार द्वारा सिरसिया पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना के बाद एसडीएम के नेतृत्व में गांव पहुंची पुलिस ने बीते दिन शव को उसी के आंगन से खुदवा कर बाहर निकाला गया। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को किशोरी के भाई को गिरफ्तार किया है।

सिरसिया थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा के मजरा बड़का धर्मतापुर गांव में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया। जब अतिरिक्त मजिस्ट्रेट एसडीएम आशुतोष के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सिरसिया, जोखवा चौकी प्रभारी योगेंद्र नाथ पुलिस व फॉरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंचे। जहां एसडीएम ने रमेश के घर के पीछे आंगन में खुदाई करने का निर्देश दिया। सात फुट की खुदाई के बाद वहां से मन्नी देवी (17) के शव को बाहर निकाला गया। मामले में सिरसिया पुलिस ने किशोरी के भाई रमेश के लिखफ केस दर्ज कर शुक्रवार को उसे दबोच लिया। घटना की पुष्टि करते हुए एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि किशोरी मोबाइल पर किसी से बात करती रहती थी। इस बात को लेकर उसका भाई से झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली थी। जिसे भाई ने घर में गड्ढा खोद कर गाड़ दिया था।

# दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मनपुर गोड़पुरवा के मजरा परमपुर निवासी पवन कुमार उर्फ कालिया को भोजपुर तिराहे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक किशोरी से दुष्कर्म के एक मामले में वांछित था। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। वहीं सिरसिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी बलरामपुर जिले के थाना हरैया अंतर्गत पदमचक्की निवासी लल्ला उर्फ मनोज कुमार पांडे को गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। (संवाद)